रांची, बुधवार
04.12.2024
वर्ष : 10, अंक : 04 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरें हमारी, विश्वास आपका



website : www.bihanbharat.org bihanbharat@gmail.com @bihan_bharat Bihan Bharat RNI NO - JHAHIN/2015/73988

## संक्षिप्त खबरें

### राज्यपाल और मुख्यमंत्री ने शहीद अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर दी श्रद्धांजलि

रांची। राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने मंगलवार को रांची स्थित परमवीर चक्र से सम्मानित शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की पुण्यतिथि पर उनकी प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की। राज्यपाल ने शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का के अद्वितीय साहस, वीरता और मातृभूमि के प्रति अटूट समर्पण का उल्लेख करते हुए कहा कि उनका जीवन सम्पूर्ण देशवासियों के लिए न केवल प्रेरणा का स्रोत है, बल्कि उनके बलिदान और वीरता की गाथा हमेशा अमर रहेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं विधानसभा सदस्य कल्पना मुर्मू सोरेन ने भी शहीद लांस नायक अल्बर्ट एक्का की प्रतिमा पर पुष्प चक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

### आगरा के ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी

आगरा। उत्तर प्रदेश में आगरा जिले के ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद ताज महल और उसके आसपास की सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गयी है। ताज की सुरक्षा व्यवस्था में लगे एसीपी सैयद अरीब अहमद ने मंगलवार को मीडियाकर्मियों को बताया कि पर्यटन विभाग को एक ई-मेल मिला है, जिसमें ताज महल को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। इसके बाद ताज महल की सुरक्षा और बढ़ा दी गई है। पुलिस अधिकारियों के साथ बम निरोधक दस्ते ने मौके पर पहुंचकर बारीकी से जांच की। यहां पर आने-जाने वाले पर्यटकों पर भी नजर रखी जा रही है। अभी तक किसी तरह की संदिग्ध वस्तु नहीं मिली है। ई-मेल किसने और कहां से भेजा इस बात का पता लगाया जा रहा है। ताजमहल की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

### मुठभेड़ में लश्कर-ए-तैयबा का आतंकवादी ढेर

श्रीनगर : जम्मू-कश्मीर में गत अक्टूबर में निर्माण श्रमिकों पर हुए हमले में कथित रूप से शामिल लश्कर-ए-तैयबा का एक शीर्ष आतंकवादी यहां सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में मारा गया। आधिकारिक प्रवक्ता ने मंगलवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आतंकवादियों की मौजूदगी की खुफिया सूचना के आधार पर पुलिस और सेना की संयुक्त टीम ने दाचीगाम जंगल के ऊपरी इलाकों में घेराबंदी और तलाश अभियान शुरू किया। इसी दौरान छिपे हुए आतंकवादियों से उनका आमना-सामना हो गया । दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। उसकी पहचान लश्कर-ए-तैयबा के जुनैद अहमद भट के रूप में हुई है। जुनैद गगनगीर, गंदेरबल में नागरिकों की हत्या और कई अन्य आतंकवादी हमलों में शामिल था।

# 5 दिसंबर को हेमंत मंत्रिमंडल का हो सकता है गठन

बिभा संवाददाता

रांची : हेमंत मंत्रिमंडल का गठन पांच दिसंबर को हो सकता है. जानकारी के अनुसार, इसी दिन दोपहर 12 बजे शपथ ग्रहण समारोह भी होने की उम्मीद है. दरअसल कांग्रेस की वजह से मंत्रीमंडल के गठन में देरी होने की बात शुरू से ही सामने आ रही थी. बताते चलें कि सोमवार की देर शाम कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी गुलाम अहमद मीर और प्रदेश अध्यक्ष केशव महतो कमलेश ने राहुल गांधी और केसी वेणुगोपाल से भेंट कर पूरी जानकारी दी थी. जिसमें मंत्री पद के लिए क्षेत्रीय और जातीय संतुलन से भी आला नेताओं को अवगत कराया गया. कांग्रेस कोटे से चार विधायक मंत्री पद की शपथ ले सकते हैं.

जानकारी के अनुसार, शपथ ग्रहण के लिए कांग्रेस की ओर से सीएम हेमंत सोरेन को तिथि तय करने को कहा गया है. तिथि तय होने के बाद कांग्रेस मंत्री बनने वाले विधायकों की सूची सौंप देगी. राजनीतिक गलियारों में चर्चा इस बात की भी है कि किसी सीनियर विधायक को मंत्री नहीं बनाया गया तो उसे विधायक दल का नेता बनाया जा सकता है.

वहीं गठबंधन के सहयोगी दल राजद से सुरेश पासवान का नाम आगे चल रहा है. हालांकि संजय यादव भी मंत्री पद के दावेदार हैं. बताते चलें कि विधानसभा का विशेष सत्र नौ दिसंबर से शुरू होगा. सरकार इसकी तैयारी में जुट गई है. सत्र के दौरान नए स्पीकर का भी चयन किया जाना है.

### कांग्रेस कोटे से 4 मंत्री ले सकते हैं शपथ



### विस के विशेष सत्र के पहले दिन नव निर्वाचित विधायकों को दिलाई जाएगी शपथ

रांची। झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र नौ दिसंबर से शुरू होगा। पहले दिन नव निर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाई जाएगी। इसके अगले दिन 10 दिसंबर को स्पीकर का चयन होगा। फिर 11 दिसंबर को दिन के 11:30 बजे राज्यपाल के अभिभाषण के साथ वित्तीय वर्ष 2024-25 का अनुपूरक बजट सदन में पेश होगा। इसके बाद 12 दिसंबर को राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव, वाद-विवाद सरकार का उत्तर और विश्वास मत हासिल करने की प्रक्रिया पूरी होगी।

# अवैध माइनिंग पर हर हाल में रोक लगे : हेमंत सोरेन

बिभा संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने झारखंड मंत्रालय में राज्य में विधि व्यवस्था का संधारण एवं अपराध नियंत्रण, अवैध माइनिंग पर रोक, मादक पदार्थ पर नकेल कसने एवं साइबर क्राइम पर लगाम लगाने से संबंधित एक उच्चस्तरीय बैठक की। बैठक में पुलिस विभाग के अधिकारियों द्वारा मुख्यमंत्री के समक्ष पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन (पीपीटी) के माध्यम से राज्य में विधि व्यवस्था, अवैध माइनिंग पर रोक तथा विभिन्न प्रकार के अपराध नियंत्रण को लेकर की जा रही कार्रवाई की विस्तृत जानकारी रखी गई। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों से कहा कि राज्य में बेहतर विधि व्यवस्था का संधारण हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता में से एक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुनियोजित अपराध को रोकने के लिए पुलिस एक प्रभावशाली प्लान तैयार कर चिन्हित अपराधियों पर कड़ी से कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑर्गनाइज्ड क्राइम तभी रुकेगा जब स्ट्रांग पुलिसिंग का डर अपराधियों के भीतर दिखाई दे। पुलिस का भय अपराध करने वालों में होना आवश्यक है। मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस अधिकारियों ने कहा कि पिछले तीन वर्षों में विभिन्न अपराध कांडों में कमी आयी है। दहेज हत्या से प्रभावित जिलें पलामू गढवा, हजारीबाग, गिरिडीह, धनबाद एवं सामान्य हत्या बोकारो में ज्यादा फोकस करते हुए इन कांडों में नियंत्रण के किए कार्य किए जा रहे हैं। सामान्य हत्या शीर्ष में रांची, गुमला तथा चाईबासा जिला में भी कार्रवाई की जा रही है।

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य में अवैध माइनिंग गतिविधियों पर हर हाल में रोक लगनी चाहिए। किसी भी प्रकार का अवैध माइनिंग स्वीकार्य नहीं है। अवैध माइनिंग की वजह से राज्य की छवि धूमिल होती है। नदियों से अवैध बालू उठाव पर भी हर हाल में रोक लगाएं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के भीतर नदियों का अस्तित्व खतरे में है। अब नदियों से बालू की जगह मिट्टी भी उठाई जा रही है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अवैध माइनिंग पर विशेष कार्य योजना बनाकर रोक लगाना सुनिश्चित करें।

बैठक में राज्य के मुख्य सचिव अलका तिवारी, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, प्रबंध निदेशक पुलिस हाउसिंग अजय कुमार सिंह, डीजी हेड क्वार्टर आर०के० मल्लिक, डीजी होमगार्ड अनिल पालटा, एडीजी ऑपरेशन संजय आनंद लाटकर, आईजी ऑपरेशन ए०वी० होमकर, आईजी सीआईडी असीम विक्रांत मिंज, आईजी प्रोविजन पंकज कंबोज, आईजी कारा सुदर्शन मंडल, आईजी स्पेशल ब्रांच प्रभात कुमार, एसपी एटीएस ऋषभ सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।



### अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की रोकथाम के लिए व्यापक अभियान चलाएं

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि पुलिस राज्य में अवैध मादक पदार्थों के कारोबार की रोकथाम के लिए व्यापक विशेष अभियान चलाकर लोगों को कानून की जानकारी दें। शहरी एवं ग्रामीण सभी जगहों के विद्यालयों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को मादक पदार्थों के सेवन से होने वाले नुकसान के विषय पर जानकारी दें। जागरूकता से ही मादक पदार्थ के सेवन में कमी आएगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि मादक पदार्थों के दुरुपयोग के खिलाफ कार्रवाई तेज करने के लिए प्लान के साथ आगे बढ़ें। मुख्यमंत्री ने कहा कि विगत कई वर्षों से पुलिस ने अभियान चलाकर हजारों एकड़ में अफीम की तैयार फसल नष्ट भी की है, लेकिन इसके बावजूद वन भूमि में अफीम के धंधे को पूरी तरह रोक पाना मुमकिन नहीं हो पाया है। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के साथ बेहतर समन्वय बना कर वनभूमि में हो रही अफीम की खेती को जड़ से नष्ट करें तथा यह सुनिश्चित करें कि वैसी जगहों पर दोबारा नशीले पदार्थों की खेती न हो।

### साइबर अपराध चुनौती, स्ट्रांग सेटअप तैयार करें

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि वर्तमान समय में साइबर अपराध पर रोक लगा पाना चुनौती साबित हो रही है। मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस अधिकारियों ने झारखंड साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर स्थापित करने की आवश्यकता के संबंध में विस्तृत चर्चा की। मुख्यमंत्री ने पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिया कि साइबर अपराध से निपटने के लिए स्ट्रांग सेटअप तैयार करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस अधिकारी जल्द से जल्द टेक्निकल सेल का गठन कर टेक्निकल ऑफिसर की तैनाती करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आधुनिक तकनीक का उपयोग कर साइबर अपराध को कम किया जा सकता है। मुख्यमंत्री के समक्ष पुलिस पदाधिकारियों ने जानकारी साझा करते हुए बताया गया कि 'प्रतिबिंब एप्प' के जरिए 330 साइबर अपराधियों पर एफआईआर दर्ज कराए गए हैं, 1281 साइबर अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है वहीं 3493 सिम कार्ड एवं 2524 मोबाइल जप्त किए गए हैं।

### अग्निशमन सेवा को सुदृढ़ करें

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि राज्य के भीतर अग्निशमन सेवा को सुदृढ़ करते हुए नागरिकों की सेवा के साथ जोड़ा जाए। पुलिस के लिए वाहन एवं हथियार आदि का क्रय शीघ्र करें। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि जेल में कैदियों को दिए जाने वाले भोजन चिकित्सा सुविधा सहित अन्य सुविधाओं की समीक्षा की जाए, जरूरत के अनुसार बजट बढ़ाने पर विचार की जाए। कैदियों को कोर्ट में अपना पक्ष रखने के लिए सरकारी अधिवक्ता की सुविधा दी जाए।

## नए आपराधिक कानून औपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक हैं: प्रधानमंत्री

एजेंसी



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को केंद्र शासित प्रदेश चंडीगढ़ में तीन नए आपराधिक कानूनों भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सफल क्रियान्वयन से राष्ट्र को अवगत कराया और कहा कि नए आपराधिक कानून औपनिवेशिक युग के कानूनों के अंत का प्रतीक हैं।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि न्याय संहिता का मूल मंत्र नागरिक प्रथम है। ये कानून नागरिक अधिकारों के रक्षक और ह्यन्याय की सुगमताह्व का आधार बन रहे हैं। पहले एफआईआर दर्ज करवाना बहुत मुश्किल था लेकिन अब जीरो एफआईआर को कानूनी मान्यता दे दी गई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि पीड़ित को एफआईआर की कॉपी दिए जाने का अधिकार दिया गया है और आरोपित के खिलाफ कोई भी मामला तभी वापस लिया जाएगा, जब पीड़ित सहमत होगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि नए आपराधिक कानून हमारे संविधान द्वारा हमारे देश के नागरिकों के लिए कल्पित आदर्शों को पूरा करने की दिशा में एक ठोस कदम है। संविधान और कानूनी विशेषज्ञों की कड़ी मेहनत के बाद देश की नई न्याय संहिता को तैयार किया गया है। मोदी ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सहयोग से बनी भारत की यह न्याय संहिता भारत की न्यायिक यात्रा में मील का पत्थर साबित होगी।

मोदी ने कहा कि स्वतंत्रता-पूर्व काल में अंग्रेजों द्वारा बनाए गए आपराधिक कानूनों को उत्पीड़न और शोषण के साधन के रूप में देखा जाता था। 1857 में देश के पहले बड़े स्वतंत्रता संग्राम के परिणामस्वरूप 1860 में भारतीय दंड संहिता (आईपीसी) लागू की गई थी। कुछ वर्षों बाद भारतीय साक्ष्य अधिनियम लागू किया गया और फिर सीआरपीसी का पहला ढांचा अस्तित्व में आया। इन कानूनों का विचार और उद्देश्य भारतीयों को दंडित करना और उन्हें गुलाम बनाना था। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि स्वतंत्रता के दशकों बाद भी हमारे कानून उसी दंड संहिता और दंडात्मक मानसिकता के इर्द-गिर्द घूमते रहे। समय-समय पर कानूनों में बदलाव के बावजूद उनका चरित्र वही रहा। गुलामी की इस मानसिकता ने भारत की प्रगति को काफी हद तक प्रभावित किया है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि देश को अब औपनिवेशिक मानसिकता से बाहर आना चाहिए। नई न्याय संहिता के कार्यान्वयन के साथ, देश ने उस दिशा में एक और कदम आगे बढ़ाया है। न्याय संहिता 'जनता का, जनता द्वारा, जनता के लिए' की भावना को मजबूत कर रही है, जो लोकतंत्र का आधार है।

### ईडी का ओरिस इंफ्रास्ट्रक्चर के ठिकानों पर छापा, 31.22 करोड़ रुपये फ्रीज, लग्जरी कारें जब्त

एजेंसी

नई दिल्ली। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने 500 करोड़ रुपये से ज?यादा के रियल एस्टेट धोखाधड़ी के मामले में मेसर्स ओरिस इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के दिल्ली-एनसीआर में 14 ठिकानों पर छापेमारी की। जांच एजेंसी ने इस दौरान 31.22 करोड़ रुपये की विभिन्न सावधि जमा, बैंक गारंटी तथा लग्जरी कारों को जब्त किया। ईडी ने मंगलवार को एक बयान में बताया कि गुरुग्राम ने मेसर्स ओरिस इंफ्रास्ट्रक्चर प्रा.लि. एवं उसके निदेशकों विजय गुप्ता, अमित गुप्ता आदि और मेसर्स थ्री सी शेल्टर्स प्रा.लि. तथा उसके प्रमोटर निर्मल सिंह उप्पल, विधुर भारद्वाज आदि के खिलाफ दिल्ली-एनसीआर में 14 स्थानों पर 25 नवंबर को तलाशी और जब्ती की कार्रवाई की गयी। ईडी ने बताया कि 500 करोड़ रुपये से अधिक के रियल एस्टेट धोखाधड़ी मामले में एजेंसी की ओर से ओरिस समूह की कंपनियों के नाम पर 31.22 करोड़ रुपये की विभिन्न सावधि जमा और बैंक गारंटी को जब्त किया गया है।

## नए कानूनों का उदेश्य नागरिकों को न्याय दिलाना : शाह

एजेंसी



चंडीगढ़ : केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने मंगलवार को कहा कि नए आपराधिक कानूनों की आत्मा भारतीय है और इनका उद्देश्य भारतीय नागरिकों को न्याय दिलाना है।

श्री शाह यहाँ पंजाब इंजीनियरिंग कॉलेज में तीन नए आपराधिक कानूनों- भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता और भारतीय साक्ष्य अधिनियम के सफल कार्यान्वयन को राष्ट्र को समर्पित करने के अवसर पर बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि नए कानून पूर्णतः अमल में लाने वाला पहला प्रदेश चंडीगढ़ बन गया है। इसलिए चंडीगढ़ को बधाई और पुलिस व प्रशासन को साधुवाद।

उन्होंने कहा कि नए कानून भारतीय संसद में बने हैं और गुलामी के चिन्हों को मिटाकर नए भारत के नए कानून हैं। उन्होंने कहा कि यह कानून तीन साल में देश भर में लागू हो जाएंगे। कार्यक्रम का मूल विषय ह्यसुरक्षित समाज, विकसित भारत - दंड से न्याय तकह्व था। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री, चंडीगढ़ प्रशासक गुलाबचंद कटारिया और राज्यसभा सांसद सातनाम सिंह संधु भी मौजूद थे।

कार्यक्रम में एक वृत्तचित्र भी दिखाया गया और उससे पहले नए कानूनों के तहत जांच से न्याय तक की प्रक्रिया का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया।

देश में इस साल एक जुलाई को नए आपराधिक कानून लागू किए गए। इन आपराधिक कानूनों का उद्देश्य भारत की न्याय व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, कुशल और समकालीन समाज की आवश्यकताओं के अनुकूल बनाना है। ये सुधार भारत की आपराधिक न्याय प्रणाली में बदलाव का प्रतीक हैं, जो साइबर अपराध, संगठित अपराध जैसी आधुनिक चुनौतियों से निपटने और विभिन्न अपराधों के पीड़ितों के लिए न्याय सुनिश्चित करने के लिए नए ढांचे लाते हैं।

# मुख्यमंत्री के आदेश पर पांच बेसहारा बच्चों की पढ़ाई और पोषण की हुई व्यवस्था

बिभा संवाददाता

रांची। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के आदेश के बाद पांच बेसहारा बच्चों की शिक्षा, राशन, पोषण की व्यवस्था एवं बच्चों की नानी के लिए पेंशन की स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। मुख्यमंत्री ने इस संबंध में पश्चिमी सिंहभूम (चाईबासा) के उपायुक्त को पीड़ित परिवार को हर जरूरी सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं बच्चों की पढ़ाई के लिए व्यवस्था करने का निर्देश दिया था।

उपायुक्त ने बताया कि प्रखंड विकास पदाधिकारी ने असुरा गांव जाकर पीड़ित परिवार से भेंट किया। इस दौरान पता चला कि बच्चों का ना तो आधार कार्ड है और ना ही जन्म प्रमाण पत्र। बुजुर्ग नानी को पूर्व में पेंशन मिलता रहा है, जो किसी कारणवश बंद हो गया। पेंशन के कागजात भी कहीं खो गए हैं। प्रखंड विकास पदाधिकारी के जरिये सभी बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र तथा आधार पंजीयन की व्यवस्था सुनिश्चित की जा रही है। साथ ही एक बच्चा चार माह का है, उसका पालन उसकी चाची के जरिये किया जा रहा है। प्रशासन के जरिये आंगनबाड़ी से मिलने वाले पोषक पूरक आहार उपलब्ध करवाने के लिए सहायिका को कहा गया है। तीन बच्चों का नामांकन स्थानीय विद्यालय में तथा एक बच्चे का नामांकन आंगनवाड़ी में करवाने की प्रक्रिया और सामाजिक सुरक्षा योजना से जोड़ने के लिए सभी प्रकार के कागजात को भी अद्यतन किया जा रहा है।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री को जानकारी मिली कि पश्चिमी सिंहभूम के झींकपानी स्थित असुरा गांव निवासी साहू पूर्ति एवं दुखी पूर्ति की मृत्यु 24 नवंबर को हो जाने के बाद उनके पांच बच्चे बेसहारा हो गये हैं। बच्चों की देखभाल करने वाली उनकी बुजुर्ग नानी सामाजिक सुरक्षा पेंशन से वंचित है। इसके बाद मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार को सरकारी योजनाओं से जोड़ने एवं बच्चों की शिक्षा सुनिश्चित करने का आदेश दिया था।

### राष्ट्रपति ने मप्र के डॉ. शर्मा को राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार से किया सम्मानित

भोपाल। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने मंगलवार को नई दिल्ली में छतरपुर जिले के डॉ संजय कुमार शर्मा को दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय दिव्यांगजन सशक्तिकरण पुरस्कार से सम्मानित किया। अंतरराष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित समारोह में उन्हें ह्यदिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिए कार्यरत सर्वश्रेष्ठ व्यक्तिह्व की श्रेणी में उत्कृष्टत कार्यों के लिए यह पुरस्कार प्राप्त हुआ है। समारोह में केंद्रीय सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री डॉ वीरेंद्र कुमार भी उपस्थित थे।

## भारतीय वायुयान विधेयक 2024 राज्यसभा में पेश

एजेंसी



नई दिल्ली : केन्द्रीय नागर विमानन मंत्री किजरापु राममोहन नायडु ने आज राज्यसभा में भारतीय वायुयान विधेयक 2024 को पेश करते हुये कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले इस क्षेत्र से जुड़े कानून में अब तक 20 से अधिक संशोधन किये जा चुके हैं।

श्री नायडु ने सदन में इस विधेयक को पेश करने के बाद कहा कि देश में जिस गति से इस उद्योग का विस्तार हो रहा है उसके मद्देनजर इससे जुड़े सभी क्षेत्रों को लेकर देश में कानून बनाये जाने की आवश्यकता है। अभी पायलट से लेकर विमानों के रखरखाव आदि के लिए विदेशी कानूनों का सहारा लेना पड़ता है।

उन्होंने कहा कि वर्ष 2014 में देश में 74 हवाई अड्डे परिचालन में थे लेकिन अभी यह संख्या 157 हो चुकी है और हवाई यात्रियों की संख्या भी दो गुने से अधिक हो गयी है। इसके साथ ही देश में विमानों की संख्या भी 400 से बढ़कर 800 से अधिक हो चुकी है। देश में विमान उत्पादन से लेकिन रखरखाव और पायलट प्रशिक्षण को लेकर कानून बनाये जाने की आवश्यकता को महसूस करते हुये भारतीय वायुयान विधेयक को लाया गया है। उन्होंने सभी सदस्यों से इस विधेयक को पारित कराने में मदद करने की भी अपील की।

# पीएमएलए कोर्ट से झारखंड के पूर्व मंत्री आलमगीर की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज

बिभा संवाददाता। रांची

टेंडर कमीशन घोटाला मामले में आरोपित झारखंड के पूर्व मंत्री आलमगीर आलम की डिस्चार्ज पिटीशन कोर्ट से खारिज हो गई है। धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की कोर्ट ने मंगलवार को फैसला सुनाते हुए डिस्चार्ज पिटीशन खारिज कर दी।

इससे पूर्व सोमवार को सुनवाई पूरी होने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रखा लिया था। आलम की ओर से 25 नवंबर को डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल की गयी थी। मामले में आरोपितों पर आरोप गठित होना है। इससे पहले खुद पर लगे आरोप को मुक्त कराने के लिए आरोपितों ने डिस्चार्ज पिटीशन दाखिल किया है। मामले में ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम और उनके परिजन सहित कई सहयोगियों की डिस्चार्ज पिटीशन खारिज हो चुकी है। ईडी ने 15 मई को आलमगीर आलम को गिरफ्तार किया था। गिरफ्तारी के बाद से वे जेल में बंद है। टेंडर आवंटन में कमिशन लेने का उनपर आरोप है। टेंडर कमीशन घोटाला में ईडी ने सबसे पहले 21 फरवरी, 2023 को बड़ी कार्रवाई की थी। निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम के रांची जमशेदपुर पटना और दिल्ली सहित कई ठिकाने पर छापेमारी की गई थी। छापेमारी के बाद वीरेंद्र राम सहित अन्य को ईडी ने गिरफ्तार किया था। ईडी की दूसरी बड़ी कार्रवाई इस वर्ष 6 और 7 मई को हुई थी। इसमें कई इंजीनियर्स, कांट्रेक्टर्स और पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस के ठिकानों पर ईडी ने छापेमारी की थी।



### छवि रंजन की जमानत पर अगली सुनवाई नौ को



**रांची।** सेना के कब्जे वाली जमीन की फर्जी दस्तावेजों के सहारे खरीद-बिक्री से जुड़े मामले में आरोपित रांची के पूर्व डीसी छवि रंजन की जमानत पर धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश योगेश कुमार की अदालत में मंगलवार को आंशिक सुनवाई हुई। ईडी ने अदालत से कागजात दाखिल करने के लिए समय की मांग की। इसके बाद कोर्ट ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए नौ दिसंबर की तिथि निर्धारित की है। ईडी ने इस संबंध में कांड संख्या 01/2023 दर्ज किया है।

### पूजा सिंघल मामले में बिरसा जेल अधीक्षक ने कोर्ट में दाखिल किया जवाब

**रांची।** नये कानून के तहत जेल से रिहा करने के लिए निलंबित आईएएस पूजा सिंघल की ओर से दायर याचिका पर मंगलवार को धन-शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए) के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की रांची कोर्ट में मंगलवार को सुनवाई हुई। मामले में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक ने जवाब दाखिल किया। इससे पूर्व 30 नवंबर को कोर्ट ने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार के अधीक्षक को यह बताने का निर्देश दिया था कि पूजा सिंघल कब से जेल में हैं और उनकी न्यायिक हिरासत की अवधि कितनी हुई है। इसके आलोक में जेल अधीक्षक की ओर से कोर्ट में जवाब दाखिल कर दिया गया है। अग्रिम सुनवाई के लिए पूजा सिंघल के अधिवक्ता की ओर से समय देने का आग्रह किया गया है। पूजा सिंघल लगभग 28 महीनों से जेल में बंद हैं। पूजा सिंघल के अधिवक्ता के अनुसार, नए कानून के तहत किसी मामले में लंबे समय से जेल में बंद आरोपित की न्यायिक हिरासत की अवधि उक्त मामले में दी जाने वाली सजा की एक तिहाई है तो उसे बेल दी जा सकती है। मामले में पूजा सिंघल की याचिका पर छह दिसंबर को अगली सुनवाई होगी। उल्लेखनीय है कि ईडी ने पांच मई, 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी।



## संक्षिप्त खबरें

### संत जेवियर्स का पर्व गोठगांव में धूमधाम से मनाया गया

बिभा संवाददाता। रांची



सेंट जेवियर्स स्कूल, गोठगांव में सेंट फ्रांसिस जेवियर के त्योहार पर स्कूल दिवस का जश्न मनाया गया। इस अवसर पर एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम की शुरुआत एक भव्य पवित्र मिस्सा के साथ हुई, जिसका मुख्य अनुष्ठाता फादर अजय मिंज एस जे थे। उन्होंने अपने संदेश में छात्रों को सेंट फ्रांसिस जेवियर के जीवन की सेवा और समर्पण की भावना को अपनाने के लिए प्रेरित किया। फादर अजय ने अपने संदेश में छात्रों को आंतरिक परिवर्तन, विनम्र सेवा, मिशन केंद्रित, आनंदमयी उदारता और लचीलेपन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने छात्रों को सफलता के लिए 4 सी का महत्व भी बताया, जो हैं प्रतिबद्धता, करुणा, क्षमता और विवेक। इसके बाद, छात्रों ने एक भव्य सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया, जिसमें आदिवासी नृत्य, दांडिया नृत्य, नागपुरी नृत्य और पिहू नृत्य जैसे विभिन्न कार्यक्रम शामिल थे। इस कार्यक्रम में प्रिंसिपल सिस्टर क्रिस्टीना के नेतृत्व में छात्रों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। स्कूल दिवस के अवसर पर 20 से अधिक गतिविधियों के विजेताओं को पदक और प्रमाण पत्र से सम्मानित किया गया! यह समारोह स्कूल के प्रिंसिपल सिस्टर क्रिस्टीना के नेतृत्व में आयोजित किया गया था। इस अवसर पर, उन्होंने छात्रों को उनकी उपलब्धियों के लिए बधाई दी और उन्हें आगे भी ऐसी ही उपलब्धियां हासिल करने के लिए प्रेरित किया। इस शानदार समारोह में स्कूल के सचिव फादर मोरिश टोप्पो, फादर एमिल, अभिभावक गण, शिक्षक और छात्रों ने भाग लिया।

### शहर को जाम मुक्त करने के लिए कुल 31 वाहन पड़ाव स्थल की बंदोबस्ती की गई


बिभा संवाददाता। रांची



रांची नगर निगम ने शहर को जाम मुक्त करने के लिए कई कदम उठाए हैं। ट्रैफिक की सुगम व्यवस्था हेतु रांची नगर निगम द्वारा पूरे शहर में कुल 31 वाहन पड़ाव स्थल की बंदोबस्ती की गई है। शहर में नागरिकों के लिए और बेहतर सुविधा प्रदान करने हेतु वर्तमान में विभिन्न क्षेत्रों में मल्टी स्टोरी पार्किंग के निर्माण हेतु योजना विचाराधीन है। इस निमित आज दिनांक 03 दिसंबर को प्रशासक संदीप सिंह के द्वारा डेली मार्केट थाना स्थित निगम की भूमि का जायजा संबंधित अधिकारियों के साथ लिया गया। इस क्रम में उनके द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को भूमि की मापी व परियोजना से संबंधित कार्यों का निष्पादन जल्द करने का निर्देश दिया। मौके पर अपर प्रशासक संजय कुमार, बाजार शाखा तथा इनफोर्समेंट शाखा की टीम उपस्थित थे।

### नगर आयुक्त की अध्यक्षता में संबंधित पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ बैठक

बिभा संवाददाता। रांची



रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत स्ट्रीट लाईटों के रख-रखाव हेतु कार्य कर रही एजेंसी द्वारा विभिन्न वार्ड में अधिष्ठापित किए गए स्ट्रीट लाईटों की गणना करने, कार्य कर रही लाईटों की संख्या एवं खराब लाइटों की संख्या का सत्यापन किए जाने हेतु मंगलवार को नगर आयुक्त संदीप सिंह की अध्यक्षता में संबंधित पदाधिकारियों व कर्मियों के साथ निगम के सभागार में बैठक आहूत की गई। इस कार्य के निष्पादन हेतु बैठक में नगर आयुक्त द्वारा 53 वार्डों के लिए कुल 07 टीम का गठन किया गया, जिसमें विभिन्न वार्डों में प्रतिनियुक्त सुपरवाइजर / कनीय अभियंता / सहायक अभियंता / सहायक प्रशासक एवं इइएसएल के प्रतिनिधि होंगे। मौके पर उन्होंने कहा कि रांची नगर निगम क्षेत्रांतर्गत कुल 58,000 एलईडी स्ट्रीट लाईटों का अधिष्ठापित इइएसएल द्वारा किया गया हैं। उन्होंने सभी टीम को अधिष्ठापित स्ट्रीट लाइट्स में कितने स्ट्रीट लाइट्स लगे हैं, कितने दुरुस्त है तथा कितने खराब पड़े है, उनका सत्यापन करते हुए विस्तृत प्रतिवेदन तीन दिनों के अंदर देने का निर्देश दिया। इसके साथ ही सभी खराब पड़े स्ट्रीट लाइट्स की विवरणी के साथ जीपीएस टैग युक्त तस्वीरें साझा करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि उक्त प्रतिवेदन को विभाग में अग्रसारित किया जाएगा ताकि एकरारनामा के शर्तों के अनुसार इइएसएल को उनके द्वारा किए जा रहे अधिष्ठापन एवं मरम्मती कार्यों के विरुद्ध भुगतान पर आवश्यक निर्णय लिया जा सके। मौके पर अपर प्रशासक फिलवियुस बारला, सहायक प्रशासक सूरज प्रकाश सिंह चौधरी, निहारिका तिर्की, निकेश कुमार, गोपेश कुंभकर, निगम के कनीय अभियंता, विद्युत शाखा के कर्मी, जोनल सुपरवाइजर, वार्ड सुपरवाइजर एवं इइएसएल के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### सीआरसी, रांची में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस

बिभा संवाददाता। रांची



मंगलवार को सीआरसी, रांची में अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि विजय कुमार, प्रखण्ड विकास पदाधिकारी, नामकुम, रांची, सूर्य मणि प्रसाद, डायरेक्टर, सीआरसी रांची एवं दिव्यांगजनों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर मौजूद सभी अतिथियों, सीआरसी, रांची के कर्मियों एवं छात्र-छात्राओं ने दिव्यांगता से जुड़े मिथकों को तोड़ने एवं इसके प्रति जागरूकता बढ़ाने का संकल्प लिया। साथ ही इस अवसर पर सीआरसी, रांची के डीएलएड (विशेष शिक्षा) एवं डिजली (भारतीय सांकेतिक भाषा व्याख्या में डिप्लोमा) के छात्र-छात्राओं, दिव्यांग बच्चे एवं उनके अभिभावकों ने सांस्कृतिक आयोजन में भाग लिया एवं नृत्य, गायन, भाषण, नाटक इत्यादि की प्रस्तुति की। कार्यक्रम को आगे बढ़ाते हुए डायरेक्टर, सीआरसी, रांची एवं मुकेश कुमार, सहायक प्राध्यापक के द्वारा मुख्य अतिथि को सीआरसी, रांची के विभिन्न विभागों में चल रहे क्रियाकलापों एवं दिव्यांगता के क्षेत्र में चल रहे कार्यों के विषय में विस्तृत रूप से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के अंत में सामाजिक समावेश और सहयोग को बढ़ावा देने पर चर्चाएं और विचार विमर्श किया गया। यह आयोजन सभी के लिए प्रेरणादायक और सकारात्मक रहा। साथ ही सीआरसी रांची के विशेष शिक्षा विभाग द्वारा एक जागरूकता रैली निकाला गया जिसका नेतृत्व डॉ प्रीति तिवारी, सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया। यह रैली सीआरसी रांची परिसर से शुरू होकर सदाबहार चौक, नामकुम तक गयी। इस रैली में डी.एल.एड (विशेष शिक्षा) एवं डिजली के छात्र-छात्राओं एवं सी.आर.सी. राँची के कर्मियों ने भाग लिया। एक अन्य कार्यक्रम, राज्य निःशक्तता आयुक्त झारखण्ड कार्यालय में आयोजित किया गया जिसमें सी.आर.सी., राँची ने भाग लिया तथा राष्ट्रीय वयोश्री योजना के तहत वृद्धजनों को मुफ्त में व्हीलचेयर, श्रवण यंत्र और अन्य सहायक उपकरण एवं एडिप योजना के तहत जरूरतमंद दिव्यांगजनों को वैज्ञानिक आधार पर निर्मित, आधुनिक, मानक सहायक यंत्र एवं उपकरणों का मुफ्त वितरण सचिव, महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, झारखण्ड सरकार के कर कमलों द्वारा किया गया जिससे दिव्यांगता के प्रभावों को कम करके वे अपने शारीरिक, सामाजिक एवं मनोवैज्ञानिक पुनर्वास में वृद्धि कर सकें।

डीसीसी, डीएलआरसी एवं ऋण जमा अनुपात निगरानी उपसमिति की बैठक

## संबंधित बैंक कार्य में तेजी लाएं और लक्ष्य को पूरा करें : मंजूनाथ भजन्त्री

बिभा संवाददाता। रांची

मंगलवार को उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में जिला परामर्शदात्री समिति (डीसीसी), जिलास्तरीय समीक्षा समिति (डीएलआरसी) एवं ऋण जमा अनुपात निगरानी उपसमिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अग्रणी जिला प्रबंधक, रांची, जिला सहकारिता पदाधिकारी, नाबार्ड एवं सभी संबंधित बैंकों के पदाधिकारी/प्रतिनिधि उपस्थित थे। बैठक में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सीडी रेशियो, एनुअल क्रेडिट प्लान, मुद्रा ऋण, किसान क्रेडिट कार्ड, एसएचजी क्रेडिट लिंकेज, पीएमईजीपी, पीएमएफएमई आदि की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। सभी सीडी रेशियो की बैंकवार समीक्षा करते हुए उपायुक्त द्वारा खराब प्रदर्शनन करनेवालें बैंकों को सुधार करने का निर्देश दिया गया। अभी सीडी रेशियो 46.28 प्रतिशत हैं जिसे बढ़ाने का निर्देश दिया गया। किसान क्रेडिट कार्ड में सालाना वार्षिक योजना में दिए गए लक्ष्य की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी शाखा प्रबंधकों को लक्ष्य ससमय पूरा करने के निर्देश दिये। प्रखंडवार लंबित आवेदनों के जल्द निष्पादन का निर्देश, केसीसी के स्वीकृत आवेदनों का ऋण आवेदकों को उपलब्ध कराने का निर्देश सभी बैंकों को दिया गया। उपायुक्त रांची ने केसीसी ऋण के बारें में जानकारी लिया जिसपर सम्बंधित पदाधिकारी के द्वारा उन्हें बताया गया की केसीसी ऋण वित्त वर्ष 2024-25 का लक्ष्य-76057 जिसमें सितंबर तक 34512 केसीसी ऋण वितरण लाभुकों के बीच कर दिया गया हैं। मुद्रा लोन और स्वयं सहायता समूहों को ऋण प्रदान करने की समीक्षा करते हुए उपायुक्त ने सभी बैंकों को कार्य में तेजी लाते हुए लक्ष्य पूरा करने का निर्देश दिया गया।




### एमएसएमई को बढ़ावा देने एक कमिटी बनाने का निर्देश

उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) को बढ़ावा देने के लिए जिला स्तर एक कमिटी गठित करने जिसमें उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक कमिटी बनाने का निर्देश दिया गया। जिसमें उद्योग विभाग, जिला अग्रणी प्रबंधक, जिला कार्यक्रम प्रबंधक जेएसएलपीएस एवं अन्य विशिष्ट प्रबंधन संस्थान एवं सीएसआर के क्षेत्र में कार्य करने वाले विशिष्ट संस्थानों को जोड़कर उनके अनुभवों, तकनिकी ज्ञानों का लाभ लेने का निर्देश दिया गया। ताकि लोगों को इसका सीधे तौर पर लाभ मिल सकें।

### मुद्रा ऋण के लंबित आवेदनों को निष्पादित कराने के निर्देश

उपायुक्त, रांची मंजूनाथ भजंत्री द्वारा सम्बंधित सभी पदाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा की आजीविका संवर्धन के लिए झारखंड राज्य आजीविका संवर्धन सोसाइटी कार्य करती हैं, इसके लिए इसके अंतर्गत आने वाली जितनी महिलाऐं हैं, उनका मुद्रा ऋण के लंबित आवेदनों को जल्द से जल्द निष्पादित कराए ताकि उन्हें लाभ मिलें।

## झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अहारी उप समिति की बैठक संपन्न



बिभा संवाददाता। रांची

झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के अहारी उप समिति की बैठक मंगलवार को चेंबर भवन में संपन्न हुई। प्रदेश में आलू की आपूर्ति एवं झारखण्ड सरकार द्वारा धान की खरीदी पर बैठक में चर्चा हुई। कहा गया कि पश्चिम बंगाल द्वारा झारखण्ड में 28 नवंबर से आलू आपूर्ति बंद किये जाने के कारण प्रदेश में आलू के खुदरा मूल्य में 10 रू0 तक वृद्धि हुई है जिस कारण यहां की 3 करोड से अधिक आबादी प्रभावित हो गई है। उपभोक्ता उंचे दर पर आलू की खरीदी के लिए विवश हैं। चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी ने कहा कि झारखण्ड में 90 फीसदी आलू की आपूर्ति बंगाल से होती है। बंगाल से आलू आपूर्ति बंद होने के कारण व्यापारी विवश होकर उत्तर प्रदेश और पंजाब से आलू मंगाकर झारखण्ड में वितरण कर रहे हैं। इस कारण आलू के क्रय पर 2 से 3 रू प्रति किलोग्राम अतिरिक्त भाडा लग रहा है। साथ ही उत्तर प्रदेश और पंजाब से आलू के ट्रांसपोर्टेशन में तीन दिन लग रहा है जबकि पश्चिम बंगाल से पूरे झारखण्ड में 12 घंटे के अंदर आलू का परिवहन हो जाता है। महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि बंगाल से आलू नहीं आने के कारण झारखण्ड से सब्जियों का ट्रांसपोर्टेशन भी प्रभावित हो रहा है। बंगाल सरकार को इसकी भी समीक्षा करनी चाहिए। राज्य की जनता को आलू की महंगाई के अतिरिक्त बोझ से बचाने के लिए सदस्यों ने माननीय मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप करने की अपील की। यह कहा कि पश्चिम बंगाल सरकार पर दबाव बनाकर आलू की आपूर्ति सुचारू रूप से चालू कराई जाय। यह भी कहा गया कि यदि बंगाल से आलू की आपूर्ति अविलंब सुचारू नहीं होती है तो झारखण्ड सरकार अपने प्रदेश से पश्चिम बंगाल धान की सप्लाई पर रोक लगाने पर विचार करे।

### 12 वर्ष की उम्र में हाजी हुसैन का पोता बना हाफिज कुरआन

बिभा संवाददाता। रांची

मात्र 12 वर्ष के उम्र में पूर्व मंत्री स्वर्गीय हाजी हुसैन अंसारी के पोता, असजद हसन ने कुरान हिफ्ज (कुरान बिना देखे पढ़ना) आज पूरा किया। इस छोटी सी उम्र में असजद हसन ने ऐसा काम कर दिया है कि उसके मां-बाप को कयामत के दिन सूरज से ज्यादा रोशनी वाला ताज पहनाया जाएगा। रांची के प्रसिद्ध मदरसा हुसैनिया कडरू में आज खत्म कुरान पर दुआ की मजलिस हुई। मदरसा शिक्षक कारी एहसान और कारी मोहम्मद इसराइल की देखरेख में बच्चे ने हिफ्ज मुकम्मल किया। मदरसा हुसैनिया के प्रिंसिपल हजरत मौलाना मोहम्मद साहब के सरपरस्ती मैं असजद हसन ने कुरान मुकम्मल किया। हाफिज असजद हुसैन के पिता इकरामुल हसन ने कहा कि मेरे पिता मरहूम हाजी हुसैन अंसारी की यह ख्वाहिश थी कि पोता हाफिज बने। जिसे उसने आज पूरा किया। कारी असजद, मौलाना राशिद सैफुल्लाह, मुफ्ती कमर आलम ने बताया कि हाफिज बनने के बाद एक बार में पूरा कुरान सुनाना अपने आप में बड़ी बात है। यह बच्चे की लगन का ही नतीजा है।

### अल्बर्ट एक्का की जीवनी और देशभक्ति राज्य की जनता दिल में संजोए: डॉ रविन्द्र कुमार राय

बिभा संवाददाता। रांची



भारतीय जनता पार्टी रांची महानगर के द्वारा लॉन्स नायक परमवीर चक्र विजेता एलबर्ट एक्का की शहादत दिवस पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष डॉ रविन्द्र कुमार राय ने परमवीर चक्र अल्बर्ट एक्का की शहादत दिवस पर अल्बर्ट एक्का चौक स्थित उनके प्रतिमा पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर उनके वीरत्व को याद किया। इस अवसर पर डॉ राय ने कहा कि वीर शहीद की उनकी जीवनी और देशभक्ति को राज्य के लोग अपने दिल में बैठाए और सामाजिक विकृति से ऊपर उठकर देश भक्ति के माध्यम से समाज की एकात्मकता के अनुभूति को दिल में संजोने का काम करें। यह महसूस करे कि हम सभी भारत माता के पुत्र है। डॉ राय ने देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की भी जयंती के अवसर पर डोरंडा स्थित राजेंद्र चौक पर उनके प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। इस कार्यक्रम में रांची महानगर अध्यक्ष वरूण साहू, अशोक बड़ाईक, बलराम सिंह, जितेंद्र वर्मा, विनय सिंह, अजीत भगत, विकास रवि, बलसाई महतो, रवि मुंडा, पायल सोनी, रामलगन राम, सुभाष अग्रवाल, रणधीर सिंह, कुंदन सिंह, संतोष राम, सोनू मिश्रा, शक्ति रामायण सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

### भीमसेन मुंडा के निधन पर संजय सेठ ने शोक प्रकट की

**रांची।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व मुख्यमंत्री अर्जुन मुंडा के बड़े भाई भीमसेन मुंडा के असामयिक निधन पर भारत सरकार के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने अपनी गहरी संवेदना प्रकट की है। उन्होने कहा यह सूचना अत्यंत दुःखद है। ईश्वर पूरे परिवार को दुःख की इस घड़ी से उबरने की हिम्मत दें। पुण्यात्मा के लिए ईश्वर से मोक्ष की कामना करता हूं।



बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि शिक्षा दिवस का आयोजन

## राजेन्द्र बाबू की सादगी और सेवा भाव से सीख लेने की जरूरत : डॉ एससी दुबे

बिभा संवाददाता। रांची




देश के प्रथम कृषि मंत्री एवं प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉ राजेंद्र प्रसाद का जन्मदिवस बिरसा कृषि विश्वविद्यालय में कृषि शिक्षा दिवस के रूप में मनाया गया।

बीएयू के कुलपति डॉ एससी दुबे ने कहा कि नयी सोच वाले मेधावी विद्यार्थी कृषि पाठ्यक्रम में आएंगे तभी कृषि क्षेत्र का विकास तेजी से होगा। केवल पैकेज के पीछे भागने के बजाय नई पीढ़ी को भीड़ से अलग हटकर कुछ करने और अपनी विशिष्ट पहचान बनाने का प्रयास करना चाहिए। यह सुखद पहलू है कि आईआईटी और आईआईएम से पढ़ने वाले बहुत से विद्यार्थी कृषि क्षेत्र से जुड़ रहे हैं और परिदृश्य में बदलाव के लिए काम कर रहे हैं। कृषि को केवल आजीविका का साधन नहीं बल्कि व्यवसाय बनाना होगा तभी लाभ बढ़ेगा। राज्य में आलू की कमी की चर्चा करते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड में आलू की फसल थोड़ा विलंब से तैयार होती है इसलिए बंगाल पर निर्भर रहना पड़ता है। बीएयू आलू की अगात किस्मों के विकास पर शोध करेगा ताकि दूसरे राज्यों पर निर्भरता नहीं रहे। साथ ही राज्य में कोल्ड स्टोरेज की संख्या में पर्याप्त वृद्धि करनी होगी ताकि यहां की फसल भावी जरूरतों के लिए संरक्षित रखी जा सके। उन्होंने कहा कि डॉ राजेंद्र प्रसाद के सादा जीवन उच्च विचार, सेवा भाव और वैचारिक समन्वय के आदर्श को आत्मसात करने की आवश्यकता है। कुलपति ने कहा की राजेंद्र बाबू द्वारा लिखित पुस्तकें यदि उपलब्ध होंगी तो उन्हें मंगाकर बीएयू के पुस्तकालयों में रखा जाएगा। एक अग्रणी लेखक, संपादक, अधिवक्ता, समाजसेवी और राजनेता होने के बावजूद वह घर की सफाई खुद करना पसंद करते थे, सुविधा सम्पन्न घर छोड़कर पटना के सदाकत आश्रम की मड़ई में रहना पसंद करते थे और प्रतिदिन भूंजा खाने के शौकीन थे। कुलसचिव डॉ नरेंद्र कुदादा ने बीएयू के विभिन्न पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए आवश्यक अर्हता पर प्रकाश डाला। इस अवसर अधिष्ठाता वानिकी डॉ एमएस मलिक, कृषि संकाय के डीन डॉ डीके शाही, निदेशक छात्र कल्याण डॉ बीके अग्रवाल, एनएसएस समन्वयक डॉ बीके झा तथा बीएयू एवं संत जोसेफ स्कूल, कांके के छात्र- छात्राओं ने भी अपने विचार रखे।

आईसीएआर के आह्वान पर यह दिवस प्रतिवर्ष मनाया जाता है जिसका उद्देश्य हाई स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं को कृषि क्षेत्र की परिस्थितियों के प्रति जागरूक बनाना तथा उन्हें कृषि एवं संबद्ध क्षेत्रों में करियर बनाने तथा उद्यमी बनने के लिए प्रेरित प्रोत्साहित करना है।

नीलामी बिक्री सूचना

सं.:- सी.1088-1089/नीलामी/आरएनसी एंड एचटीई /पार्सल/24, दिनांक: 02.12.2024

वरिष्ठ मंडल वाणिज्यिक प्रबंधक, दक्षिण पूर्व रेलवे, रांची भारत के राष्ट्रपति की ओर से रांची मंडल में नीलामी बिक्री के लिए आमंत्रित करते हैं। भारतीय रेलवे अधिनियम, 1989 की धारा 83 और 84 के तहत प्रदत्त शक्ति के अनुसार, नीलामी बिक्री निम्नलिखित अनुसूची के अनुसार खुली बोली प्रणाली के माध्यम से आयोजित की जाएगीः **पार्सल कार्यालय/रांची, रांची पार्सल कार्यालय में नीलाम की जाने वाली सामग्री:** (1) 3 पी बंडल एच.एच.ई. 113 किग्रा. (2) 1 जीपी बीडीएल, चाइना क्ले, 27.6 किग्रा. (3) 25/23 टिन बॉक्स वैज्ञानिक सामान, 453.10 किग्रा. (4) 02 पी/बंडल थर्मामीटर, 56.4 किग्रा. (5) 06 पीबीडीएल, मेडिकल उपकरण, 98 किग्रा. (6) 01 साइकिल, कंपनी-गैंग (7) 01 पी/बैग, माइक्रो सिलिका का काला पाउडर, 24 किग्रा. (8) 25/09 बैग वर्मी कम्पोस्ट (उर्वरक) खुली स्थिति में है, 190.8 किग्रा. (9) 25/16 पी/बैग वर्मी कम्पोस्ट (उर्वरक) खुली स्थिति में है, 336 किग्रा. (10) 01 साइकिल, कंपनी-एटलस (11) 01 साइकिल, कंपनी हीरो स्प्रिंट (12) 01 पीबीडीएल, इलेक्ट्रिक सामान, वजन 45 किलोग्राम पोर्टेबल लाइट-32 पीस, पोर्टेबल पंखा-32 पीस, पोर्टेबल बल्ब (सीएफएल)- 60 पीस (13) 01 सीएनटी, आयरन प्लेट, वजन- 20.3 किलोग्राम 20 पीस (14) 03 लकड़ी के सोफा सेट कुशन के साथ वजन 90 किलोग्राम (15) 32/2 पीबीडीएल पेपर लिफाफा, वजन- 87 किलोग्राम (16) 01 साइकिल, कंपनी- एवन एबी-310 (17) 01 पीबीडीएल आयरन पाइप, वजन 8.8 किलोग्राम, 12 पीस (18) 01 पीवीसी सामान बॉक्सिंग खेल सामग्री, 06 नग वजन 58.3 किलोग्राम कंपनी स्पार्टन (19) 01 साइकिल कंपनी हरक्यूलिस। **नीलामी अधिकारी का विवरण, दिनांक, समय एवं स्थानः नीलामी अधिकारीः** एसीएम (एफएम)/रांची, दिनांकः 23.12.2024, समयः 11.30 बजे, नीलामी का स्थानः पार्सल कार्यालय, रांची। हटिया पार्सल कार्यालयः (1) 01 (एक) पुरानी एवं प्रयुक्त मोटर साइकिल हीरो स्प्लेंडर, नं. PB07AJ8725 (2) 01 प्लास्टिक बंडल, घरेलू सामान, वजन- 3.2 किग्रा (3) 01 पुरानी एवं प्रयुक्त मोटर साइकिल, KA01JS-3038 (4) टेडी बियर युक्त आईपी बैग। **नीलामी अधिकारी का विवरण, दिनांक, समय एवं स्थानः नीलामी अधिकारीः** एसीएम (एफएम)/रांची, दिनांकः 24.12.2024, समयः 11.30 बजे, नीलामी का स्थानः पार्सल कार्यालय, हटिया। नीलामी के लिए रखी जाने वाली सामग्रियों का विवरण दक्षिण पूर्व रेलवे की वेबसाइट **www.ser.indianrailways.gov.in** पर उपलब्ध नीलामी बिक्री सूचना से देखा जा सकता है।

(PR-861) वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, रांची

दक्षिण पूर्व रेलवे
मुस्कान के साथ सेवा

# संक्षिप्त खबरें

## रेडियम स्टीकर से यात्रा सुरक्षित होगी: मंजीत सिंह




**बोकारो(बिभा):** रोटरी क्लब चास द्वारा साइकिल सवारों की सुरक्षा के दृष्टिकोण से साइकिल पर रेडियम स्टीकर लगाने का कार्यक्रम किया गया। चंदनक्यारी रोड में ज्ञान दर्शन पब्लिक स्कूल के सामने ग्रामीणों के लिए यह कार्यक्रम किया गया । रोटरी क्लब चास के अध्यक्ष बिनोद चोपड़ा ने कहा कि सर्दियों में कोहरे और कुहासा के कारण सड़क हादसे बढ़ जाते हैं। चोपड़ा ने कहा की साइकिल सवारों की सुरक्षा रोटरी क्लब के लिए प्राथमिकता कार्य है। कार्यक्रम के संयोजक मंजीत सिंह ने कहा कि दुर्घटना की रोकथाम एवं यातायात नियमों के लिए जागरूक करने के उद्देश्य से रोटरी क्लब द्वारा साइकिल पर रेडियम स्टीकर लगाए गए हैं । मंजीत सिंह ने कहा कि इससे साइकिल सवारों की यात्रा आसान होगी और सड़क दुर्घटनाओं से बचाव होगा। रोटरी क्लब के सचिव मुकेश केजरीवाल ने कहा की रात्रि के समय साइकिल सवारों को यात्रा करने में कठिनाइयों एवं परेशानियों का सामना करना पड़ता है इसे ध्यान में रखते हुए रोटरी क्लब में लगभग 120 साइकिलों पर रेडियम स्टीकर लगाए। कार्यक्रम को सफल बनाने में संजय वेद, नरेंद्र सिंह, प्रकाश केजरीवाल, संजय रस्तोगी का महत्वपूर्ण योगदान रहा ।

## अधिवक्ता दिवस का आयोजन



**बोकारो(बिभा):** 3 दिसंबर को पूरे भारत में अधिवक्ता दिवस के रूप में मनाया जाता है । क्योंकि यह दिन भारत के पहले राष्ट्रपति डॉ. राजेंद्र प्रसाद की जयंती का प्रतीक है। यह दिन वकीलों के योगदान और न्याय व्यवस्था में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका को मान्यता देने के लिए मनाया जाता है। डॉ. राजेंद्र प्रसाद की ईमानदारी, निष्ठा और समाज के प्रति सेवा भाव को वकालत के पेशे में एक प्रेरणा के रूप में देखा जाता है। यह दिन कानूनी शिक्षा और युवा अधिवक्ताओं को अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित होने के लिए प्रेरित करता है। इस अवसर पर इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स की ओर से बोकारो कोर्ट परिसर में अधिवक्ता दिवस का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद के चित्र पर माल्यार्पण किया गया। बोकारो के वरीय अधिवक्ता मोहन लाल ओझा ने सभी अधिवक्तावो को बधाई और आशीर्वचन दी। इंडियन एसोसिएशन ऑफ लॉयर्स के नेशनल कौंसिल मेंबर अधिवक्ता रणजीत गिरि ने अधिवक्ता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला और केक एवम मिठाई बांट कर खुशी का इजहार किया। गिरि ने कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद न केवल एक स्वतंत्रता सेनानी और महान राजनेता थे, बल्कि एक प्रख्यात वकील भी थे। उन्होंने वकालत के क्षेत्र में उच्च नैतिक मूल्यों और उत्कृष्टता का प्रदर्शन किया, जिससे यह पेशा और अधिक सम्मानित हुआ। अधिवक्ता दिनेश प्रसाद शर्मा ने अधिवक्ता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। अधिवक्ता अतुल कुमार ने सभी अधिवक्ता का आभार एवम धन्यवाद किया और कहा कि डॉ. राजेंद्र प्रसाद का जीवन यह दिखाता है कि कैसे एक वकील समाज के न्याय और सेवा के उद्देश्य को सशक्त बना सकता इस अवसर पर संजीव पाठक सुनील सिंह सिसोदीया,सोमनाथ शेखर , जवाहर प्रसाद, विष्णु प्रसाद नायाक, मृत्युंजय लायाक, संजीत कुमार सिंह, हसनैन आलम, फटीक चंद्र सिंह, रंजन कुमार मिश्रा, सम्पूर्ण चंद्र लायक, सुरेंद्र साव, मजहबिन, निखिल कुमार दे, सुनील राजहंस ,अंकित ओझा, चंदन कुमार,निरोध प्रमाणिक, विजय कुमार, अंजनी चोधरी,राजश्री सुनीता देवी, वीना रानी, प्रेरणा पाण्डेय, दीपिका सिंह, दीप्ति सिंह, रीना कुमारी,सुमन झा,मनोज तिवारी, जितेन्द्र कुमार समेत सैकड़ो अधिवक्ता शामिल थे।

## परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 कार्यशाला का आयोजन



**बोकारो(बिभा) :** चिन्मय विद्यालय बोकारो में एन सी ई आर टी द्वारा आयोजित परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण 2024 विषय पर आधारित कार्यशाला का आयोजन किया गया । जिसमें बोकारो जिला के 90से अधिक विद्यालयों के प्राचार्य, उप प्राचार्य एवं शिक्षको ने पर्यवेक्षक के रूप में प्रशिक्षण प्राप्त किया।इस कार्यशाला के मुख्य संयोजक चिन्मय विद्यालय के प्राचार्य सूरज शर्मा, सी बी एस ई नई दिल्ली प्रतिनिधि सुनील दत्त,एवं जिला शिक्षा पदाधिकारी जगन्नाथ लोहारा उपस्थित थे। जिन्हें पौधा देकर सम्मानित किया गया। परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण की जानकारी देते हुए प्राचार्य सूरज शर्मा ने कहा कि सी बी एस ई द्वारा नामित विभिन्न विद्यालयों में विद्यालय की क्षमता, शिक्षण पद्धति, विद्यालय की सुविधा, क्लास की क्षमता, एवं अन्य सभी पहलुओं पर आधारित सर्वेक्षण किया जाएगा। जिसके लिए बोकारो जिला के सभी नामित आब्जर्वर को प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जगन्नाथ लोहरा ने शिक्षकों के कई प्रश्नों का उत्तर देते हुए उनके तकनीकी समस्याओं का समाधान किया। वहीं सी बी एस ई न्यू दिल्ली प्रतिनिधि सुनील दत्त ने सभी सर्वेक्षण की विस्तृत जानकारी दी और कहा कि जितना सटीक सर्वेक्षण होगा हमारी शिक्षा पद्धति आने वाले समय में उतनी ही मजबूती से आगे बढ़ेगी।

## कर्ण समागम संस्था ने डॉ राजेंद्र प्रसाद की 140वीं जयंती मनाई



**बोकारो(बिभा) :** कर्ण समागम संस्था, बोकारो की और से कायस्थ शिरोमणी भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद जी की 140वीं जयंती मनाई गई ! कर्ण समागम बोकारो के सभी पदाधिकारी ,अध्यक्ष श्री अनिल कुमार कर्ण, महासचिव श्री मिहिर कंठ, कोषाध्यक्ष परिणव कुमार, उप कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र कंठ, सचिव श्री अरबिंद कुमार ,कार्यक्रम संयोजक श्री रंजन कुमार ने राजेन्द्र चौक पर राजेंद्र प्रसाद जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण अर्पित कर उनकी जीवनी से सभी समाज के लोगों को अपने जीवन में अपनाने की सलाह दी ! इस मौके पर समागम के अन्य वरिष्ठ सदस्य भी उपस्थित थे !

# झारखंड पुलिस सेवा के 41 डीएसपी को वेतनमान में प्रोन्नति

बिभा संवाददाता

**रांची।** झारखंड पुलिस सेवा के 41 डीएसपी को एमएसीपी योजना का लाभ मिला है। अब इन्हें लेवल 10 के तहत वेतन मिलेगा।

इस संबंध में गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग ने मंगलवार को अधिसूचना जारी कर दी है।

जारी अधिसूचना में कहा गया है कि झारखंड पुलिस सेवा के द्वितीय बैच के पदाधिकारी को एमएसीपी योजना का लाभ उनके संबंध में दायर पीएआईएल और अन्य याचिका के क्रम में सीबीआई केस को लेकर फलाफल से प्रभावित होगी। इसके अलावा जारी अधिसूचना में यह भी किया गया है कि जिन 41 डीएसपी को एमएसीपी योजना का लाभ दिया गया है, उनके संबंध में किसी प्रकार की त्रुटि पाए जाने पर एमएसीपी योजना का लाभ रद्द कर दिया जाएगा और उन्हें भुगतान की गई राशि की प्रतिपूर्ति कर ली जाएगी।




वेतन लाभ पाने वाले अधिकारियों में शिवेंद्र, राधा प्रेम किशोर, मुकेश कुमार महतो, मजरूल होदा, अविनाश कुमार, विनोद कुमार महतो, शशि प्रकाश, अजय कुमार द्वितीय, सतीश चंद्र झा, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, कुमार वेंकटेश्वर रमन, संदीप कुमार गुप्ता, विकास चंद्र श्रीवास्तव, सुमित कुमार, राजा मित्रा, राजकिशोर, अजीत कुमार विमल, ज्ञान रंजन, कौशर अली, अमर पांडे, अभिषेक कुमार, संजय कुमार प्रथम, संजीव कुमार बेसरा, अजय केरकेट्टा, विनोद रवानी, जीतवाहन उरांव, अशोक कुमार सिंह प्रथम, मुजीबुर रहमान, भूपेन्द्र रावत, आनंद ज्योति मिंज, तौकीर आलम, समीर कुमार सवैया, श्रद्धा केरकेट्टा, पूनम मिंज, अमित कच्छप, संदीप भगत, प्रदीप पॉल कच्छप, प्रकाश सोय, आशीष कुमार महली, अरविंद कुमार बिन्हा और नवनीत एंथोनी हेंब्रम शामिल हैं।

## वाहन जांच अभियान चलाकर डीटीओ ने वसूला 02.23 लाख जुर्माना

**बोकारो:** राष्ट्रीय राजमार्ग पर जरीडीह थाना क्षेत्र अंतर्गत जैनामोड़ के सामने परिवहन विभाग द्वारा सोमवार देर रात चलाएं गए सघन वाहन जांच अभियान के दौरान 13 वाहनों से 02.23 लाख का जूमार्ना वसूल किया गया। उपायुक्त श्रीमती विजया जाधव के निर्देश पर जिला परिवहन पदाधिकारी (डीटीओ) श्रीमती वंदना शेजवलकर द्वारा विशेष जांच अभियान चलाकर मोटरवाहन अधिनियम के विभिन्न नियमों के उल्लंघन में कुल 13 वाहन से 02.23 लाख रुपए जुमार्ना वसूला गया। डीटीओ के नेतृत्व में अभियान के तहत कुल 62 वाहनों की जांच की गई। जिसमें रिफ्लेक्टिव टेप, ओवर लोडिंग एवं टैक्स फेल होने को लेकर 13 वाहनों पर कार्रवाई करते हुए जुमार्ना वसूला गया।

# दिव्यांगजन दिवस पर संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विभिन्न तरह के खेलों का किया आयोजन

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा विश्व भर में प्रत्येक वर्ष 3 दिसम्बर को अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस मनाया जाता है । संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस-2024 का विषय ॾसमावेशी और सतत भविष्य हेतु दिव्यांगजनों के नेतृत्व को विस्तृत करनाॾ निर्धारित किया गया है ।

राष्ट्रीय गतिशील दिव्यांगजन संस्थान द्वारा दिव्यांगजनों के लिए प्रदत्त योजनाओं एवं सुविधाओं के बारे में आम लोगों को जानकारी देने के उद्देश्य से एक जागरुकता रैली का आयोजन किया गया जिसका उद्घाटन डॉ. ललित नारायण, निदेशक रा.ग.दि.सं. ने किया, रैली में राष्ट्रीय गतिशील दिव्यांगजन संस्थान, के लगभग 1,000 दिव्यांगजनों, छात्रों एवं कर्मचारीगणों ने भाग लिया । इस अवसर पर राष्ट्रीय गतिशील दिव्यांगजन संस्थान, ने 2 एवं 3 दिसम्बर को दिव्यांगजनो, रोगीजनो तथा छात्रों के लिए वाद-विवाद



प्रतियोगिता, पोस्टर, श्लोगन, प्रश्नोत्तरी, निबन्ध, खेल एवं चित्रकला आदि प्रतियोगिताओं एवं नुक्कड़ नाटक तथा पैनल चर्चा का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। मेगा स्पोर्ट्स में उत्तर प्रदेश एवं पश्चिम बंगाल की दिव्यांग क्रिकेट टीम के लिये क्रिकेट मैच का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में दिव्यांगजनों के लिये बीएलकेडी वेंचर्स प्रा. लि. द्वारा जैकेट एवं इंडिया आटिज्म सेंटर द्वारा टी-शर्ट का सहयोग प्रदान किया गया । इस विशेष दिवस पर राजीव शर्मा, संयुक्त सचिव, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा प्रधानमन्त्री जन औषधि केंद्र का आभासी उद्घघाटन किया गया ।

कार्यक्रम का उद्घाटन डॉ. ललित नारायण, निदेशक रा.ग.दि.सं. ने किया। उन्होने अपने संबोधन में दिव्यांगजनों के पुनर्वास में पुनर्वास संस्थान के कर्मचारियों एवं विशेषज्ञों के योगदान को सराहा एवं भविष्य में संस्थान की दिव्यांगजनों की सेवाओं को उत्कृष्ट बनाने के लिए प्रोत्साहित किया । डॉ अमीद इकबाल सहायक निदेशक (प्रशिक्षण) ने कार्यक्रम के बारे में विस्तृत जानकारी देते हुये कार्यक्रम की सफलता के लिये दिव्यांगजनों एवं कार्यक्रम आयोजन की पूरी टीम को श्रेय दिया । पैनल चर्चा में डॉ. शांतनु सेन, राज्य सचिव, आई.एम.ए. एवं पूर्व सांसद मुख्य अतिथि थे एवं डॉ सुभाष चक्रवर्ती, डॉ सुजॉय चक्रवर्ती, हावड़ा म्युनिसिपिलिटी कार्पोरेशन एवं अन्य चिकित्सा जगत के चिकित्सक उपस्थित थें।

कार्यक्रम में एम्स कल्याणी के निदेशक डॉ राम जी सिंह, निदेशक एम्स, कल्याणी भी उपस्थित थे एवं कार्यक्रम के अंत में दिव्यांगजनों, रोगियों, छात्रों एवं कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया तथा राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता श्री कोरोक बिस्वास, रुपांजन सेन एवं अन्य प्रतिभावान दिव्यांगजनों को सम्मानित किया गया एवं विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेताओं को संस्थान के निदेशक द्वारा पुरस्कृत किया गया कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन श्री सौगात बनर्जी, उप निदेशक (प्रशासन) ने दिया ।

## तम्बाकू के उपयोग से प्रजन्न क्षमता में कमी आती है : मो असलम

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** राजकीय उच्च विद्यालय लखडाखण्दा बोकारो में तम्बाकू के दुष्परिणाम व मानसिक स्वास्थ्य विषय पर सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत स्कूल के प्राचार्य की अध्यक्षता में की गई। जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा सभी बच्चों को दो तरफा संचार करते हुये पहले बच्चों से जानकारी ली गई साथ ही तम्बाकू के दुष्परिणाम, तम्बाकू में पाये जाने वाले जहरीले तत्व के बारे में जानकारी दी गई। जिला परामर्शी ने सभी बच्चों को बताया कि तम्बाकू के अन्दर 4000 से अधिक जहरीले तत्व पाये जाते हैं जो बीमारी के कारण बन सकते हैं। ऐसे मे हम सभी इससे बचें और यदि कोई अभी तम्बाकू का उपयोग करता है तो तम्बाकू नशा मुक्ति केन्द्र सदर अस्पताल में सम्पर्क कर तम्बाकू के लत को छोडा जा सकता है। डा0 प्रशान्त कुमार मिश्रा द्वारा बच्चों को मानसिक तनाव के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। डा0 मिश्रा ने कहा कि प्रायः यह देखा



गया है कि आज कल लोग मोबाईल का प्रयोग देर रात तक करते है जिसके वजह से वह समय पर नींद नही लेते है जिसकी वजह से उनके दिनचर्या में अधिक गुस्सा का आना और चिडचिडापन सौभाविक है। देर रात मोबाईल के प्रयोग से बचे यदि किसी भी व्यक्ति को मानसिक स्वास्थ्य सम्बन्धित कोई भी समस्या है को सरकार द्वारा जारी हेल्पलाईन नं0 14416 पर सम्पर्क कर सुविधा का लाभ ले सकते है। कार्यक्रम में स्कूल के प्राचार्य शिक्षक के अलावा डा0 प्रशान्त कुमार मिश्रा मनोरोग चिकित्सक सदर अस्पताल बोकारो, जिला परामर्शी मो0 असलम तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम बोकारो, सोशल वर्कर छोटेलाल दास, विद्यालय के स्टाफ व बच्चे उपस्थित थे।

## डॉ राजेंद्र प्रसाद की जयंती धूमधाम से मनाई गई



बिभा संवाददाता

**बोकारो :** डॉ राजेंद्र प्रसाद विचार मंच के द्वारा देश के प्रथम राष्ट्रपति भारत रत्न डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद की जयंती हर्षोल्लास के साथ के साथ मनाई गई मंच के महासचिव भैया प्रीतम ने बताया कि मुख्य अतिथि बोकारो इस्पात प्रबंधन के प्रभारी निदेशक बीके तिवारी जी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रभारी निदेशक ने कहा कि बिहार के जीरादेई ग्राम से निकलकर देश के प्रथम राष्ट्रपति के पद को सुशोभित कर उन्होंने न सिर्फ अपनी काबिलियत का लोहा मनवाया बल्कि अपनी सादगी एवं ईमानदारी का आदर्श भी देशवासियों के समक्ष प्रस्तुत किया जिस पर चलने का संकल्प आज हम सभी को लेना है। सुबह-सुबह निवर्तमान विधायक बिरंची नारायण ने रांची जाने के क्रम में डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद जी की प्रतिमा पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। क्रांतिकारी मजदूर संघ के सचिव संग्राम सिंह ने श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद को देश का महान विभूति कहा एवं उनके आदर्शों पर चलने की प्रतिज्ञा लेने की बात कही। इडी इंचार्ज एचआर राजन प्रसाद इडी प्रोजेक्ट अनीश सेनगुप्त इडी एम एम चितरंजन मिश्रा इडी फाइनेंस सुरेश रंगनी इडी मनव संसाधन राजश्री बनर्जी मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी विभूतिभूषण करुणामय एवं मुख्य महाप्रबंधक नगर सेवाए कुंदन कुमार ने महान विभूति के प्रतिमा पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए। डॉ राजेंद्र प्रसाद विचार मंच के मुख्य संरक्षक अनिल कुमार श्रीवास्तव, उपाध्यक्ष राज श्रीवास्तव, सचिव ज्ञान रंजन सिन्हा, कोषाध्यक्ष रमन श्रीवास्तव, राष्ट्रभक्त समाज के अध्यक्ष धर्मवीर सिंह, विश्वराज आनंद, विनोद सिन्हा, चित्रगुप्त माहापरिवार के कार्यकारी अध्यक्ष रतनलाल, संयुक्त महासचिव लालेश सिन्हा, हेमंत नारायण लाल, संतोष सिन्हा श्रीवास्तव, आगम प्रसाद, समाजसेवी इंदु शेखर मिश्रा, हिमांशु वर्मा आदि ने इस अवसर पर अपने श्रद्धा सुमन अर्पित किए।

## जेवियर्स बोकारो में छात्र परिषद् का गठन, प्रधानाचार्य ने दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

बिभा संवाददताा

**बोकारो :** संत जेवियर्स स्कूल बोकारो में नए छात्र परिषद् की आधिकारिक घोषणा की गई जिसमें श्रेयश आदित्या ने स्कूल के कप्तान एवं अंश जॉय ने उप-कप्तान पद के लिए शपथ ग्रहण किया एवं अन्य छात्र परिषद् के सदस्यों ने भी पद एवं गोपनीयता की शपथ लिया। विद्यालय के अन्य क्लब जैसे साइंस क्लब , प्रेस क्लब , स्पैक्ट्रम क्लब और इंटरैक्ट क्लब, जैसे अन्य क्लब में भी नए अध्यक्ष एवं उपाध्यक्षों ने भी नए जिम्मेदारी का कार्यभार संभाला। कार्यकम की शुरूआत पूर्व कप्तान दीप्तेश के भाषण से हुई जिसमें जिसमें उन्होंने कहा कि हम सभी को अपने विद्यालय के हर पल को खुल कर जीना चाहिए और पढ़ाई के साथ अन्य जिम्मेदारी को भी निभाना चाहिए। साथ-ही नए कप्तान श्रेयश ने सभी का दिल से आभार जताया कि उन्हें विद्यालय के कप्तान जैसे अहम जिम्मेदारी सौंपा गया है।




तत्पश्चात स्कूल के सोशल सर्विस लीग ने रैफेल टिकट ड्रॉ का आयोजन किया , जिसमें कई बच्चों ने उपहार जीते। इस वर्ष फेट से जमा हुई राशि को लेप्रोसी अस्पताल जो कि मिशनरीज ऑफ चैरिटी ब्रदर्स द्वारा संचालित किया जाता है ,वहाँ जरुरतमंद लोगों के ईलाज के लिए विद्यायल द्वारा दिया जाएगा एवं एक निश्चित राशि विद्यालय के हिंदी मीडियम के बच्चों के पढ़ाई-लिखाई एवं कल्याण पर विद्यायल द्वारा खर्च किया जाएगा। कार्यकम में आगे दसवीं और बारहवीं में उतम प्रदर्शन के लिए श्रेयश आदित्या, हर्षित, श्वेताभ, हिबा ,अद्वितीय अपूर्व, अनुष्का पोपली, पूर्वी सिन्हा, यश कुंडलियां, वेदांत, शोभा और अरविन्द सोरेन और स्नेहा कुमारी को खेल के क्षेत्र में उत्तम प्रदर्शन के लिए सम्मानित किया गया। फॉदर अरुण मिंज, एस.जे. ने नए छात्र परिषद् एवं सभी क्लबों के अध्यक्ष और उपाध्यक्षों को नई जिम्मेदारी मिलने के अवसर पर शुभकामनाएं दीं और कहा कि यहाँ पढ़ रहे सभी छात्र-छात्रा भाग्यशाली हैं , न जाने कितने बच्चे हैं जो पढ़ना चाहते हैं लेकिन वह अपनी पढ़ाई नहीं कर पाते, हमें जो मिला है, उसका सम्मान करना चाहिए। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद प्रस्ताव एवं जेवियर्स एंथम के साथ हुआ।

## स्थापना दिवस के अवसर पर बिस्को द्वारा बीजीएच ब्लड बैंक में रक्तदान

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** बैंक इंश्योरेंस स्पोर्ट्स एंड कल्चर ऑर्गेनाइजेशन (बिस्को) अपने स्थापना दिवस दिनांक 20 नवंबर से एक माह तक विभिन्न प्रकार के सामाजिक, सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा गतिविधि कार्यक्रमों का आयोजन करता है। ज्ञातव्य हो इस बार झारखंड विधानसभा चुनाव के कारण हमारा यह कार्यक्रम कुछ विलंब से प्रारंभ हुआ है। इस कड़ी में आज को बोकारो जनरल अस्पताल के सहयोग से बीजीएच ब्लड बैंक परिसर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर का उद्घाटन बोकारो जनरल अस्पताल के मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ विभूति करुणामय ने बीजीएच ब्लड बैंक प्रभारी डॉ श्रवण कुमार, भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक कुमार सिन्हा, महासचिव राघव कुमार सिंह की उपस्थिति में किया।




इस अवसर पर डॉ विभूति करूनामय ने रक्तदाताओं से बात कर उनका मनोबल बढ़ाते हुए कहा कि रक्तदान दुनिया में किसी भी दान से सबसे महत्वपूर्ण दान है। उन्होंने बैंक इंश्योरेंस स्पोर्ट्स एंड कल्चरल ऑर्गेनाइजेशन द्वारा बीजीएच में किए गए रक्तदान के लिए आभार प्रकट किया एवं कहां की रक्तदान करने से आपका स्वयं का भी स्वास्थ्य ठीक रहता है तथा दुसरे आवश्यक जनों को भी जीवनदान मिलता है।

डॉ श्रवण कुमार ने इस अवसर पर रक्तदान के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि रक्तदान करने से जीवन को करीब से छुने का सुंदर अनुभव प्राप्त होता है।

इस अवसर पर भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबंधक अभिषेक कुमार सिन्हा ने भी रक्तदान की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि रक्तदान महादान है। हम समझते हैं कि हमारे एक यूनिट रक्तदान से किसी और को पूरा जीवन मिल जाता है इससे ज्यादा प्रसन्नता की और कोई बात हो ही नहीं सकती। बिस्को महासचिव राघव कुमार सिंह ने बिस्को द्वारा अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन को रेखांकित करते हुए बोकारो जेनरल अस्पताल के लिए किए जा रहे इस रक्तदान के औचित्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि अस्पताल में आसपास एवं दूर दराज के दुर्घटनाग्रस्त मरीजों के अलावा अन्य विभिन्न प्रकार के मरीजों का इलाज होता है, इसलिए हम सभी आगे भी बीजीएच के लिए रक्तदान करते रहेंगे।

बिस्को द्वारा आयोजित शिविर में रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से राघव कुमार सिंह, रामाशीष सिंह, सुबोध रजक, सितारे अहमद, सुनीता राय नीरज नारायण प्रियदर्शी, सुनिता राय, प्रियरंजन कुमार, सौरभ कुमार, दीप नारायण, प्रशांत कुमार, कृष्णकांत कुमार, विजय कुमार, अजय कुमार सिंह, अजय कुमार, संतोष कुमार सिंह, मनोज सिन्हा, गौतम कुमार मंडल, सपन कुमार एवं अन्य 20 लोग थे। कार्यक्रम की पूरी व्यवस्था को सुचारू रूप देने हेतु बिस्को महासचिव के साथ रामाशीष सिंह, सितारे अहमद, राजेश श्रीवास्तव, अवधेश प्रसाद, अरुण कुमार, संजीव कुमार के साथ आनेको सदस्यों ने अपना योगदान देकर कार्यक्रम को सफल किया। बीजीएच से डॉ श्रवण कुमार, डॉ सुरेंद्र कुमार, रंजीता, विभूतिका, खुशबू, रेशमी, महेंद्र प्रसाद एवं कौशल कुमार का सहयोग भी सराहनीय रहा।

## अंतरविद्यालय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में डीपीएस चास को 10 स्वर्ण 4 रजत और 3 कांस्य पदक

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** डीपीएस चास ने अंतर विद्यालय स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता में 10 स्वर्ण, 4 रजत और 3 रजत सहित कुल 17 पदकों के साथ उपविजेता होने का गौरव प्राप्त किया है। यह प्रतियोगिता दो श्रेणियों ( बालक एवं बालिका वर्ग) में आदर्श विद्या मंदिर चास, बोकारो में आयोजित की गई थी।

बालक वर्ग में विद्यालय के जय हाँसदा ,जीवेश श्यामल, ऋषिकेश राज, सिद्धांत कक्षा, आदित्य कुमार तथा बालिका वर्ग में पूर्वी कुमारी, शिवांगी, श्रेयांशी श्री , जया महतो स्वर्ण पदक विजेता रहे। वहीं अक्षित, अवर्णा, शुभ तथा शिवांश ने रजत पदक हासिल किए।

विद्यार्थियों की सफलता पर हर्ष व्यक्त करती हुई डीपीएस चास की चीफ मेंटर डॉ. हेमलता एस. मोहन ने कहा कि विद्यार्थियों ने ताईक्वांडो में उम्दा



प्रदर्शन किया है। उन्होंने यह भी कहा कि यह विद्यालय बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने व उनके सर्वांगीण विकास के लिए कटिबद्ध है।

इस अवसर पर विद्यालय की निदेशिका डॉ. मनीषा तिवारी ने बच्चों की सफलता पर प्रसन्नता जाहिर करते हुए कहा कि यह सफलता बच्चों के योजनाबद्ध तरीके से किए गए परिश्रम तथा शारीरिक शिक्षक राहुल प्रताप, पायल सिंह तथा वीणा सिंह के कुशल मार्गदर्शन का परिणाम है।

विद्यालय के प्रो वाइस चेयरमैन एन मुरलीधरन डीएस मेमोरियल सोसायटी चास के सचिव सुरेश अग्रवाल ने भी बच्चों की इस उपलब्धि पर उन्हें बधाई दी।

## संक्षिप्त खबरें

### हाइवा के धक्के से विद्युत ट्रांसफार्मर के परखच्चे उड़े, विधायक के निर्देश पर तोरपा में बहाल हुई बिजली



**खूँटी(बिभा)।** जिले के तोरपा रेफरल अस्पताल के पास लगे एक हाइवा ट्रक द्वारा सोमवार की देर रात विद्युत ट्रांसफार्मर को जोरदार टक्कर मार दिये जाने के ट्रांसफार्मर के परखच्चे उड़ गये। इसके कारण पूरा तोरपा इलाका रात भर अंधकार में डूबा रहा। जानकारी कें अनुसार, एक खाली हाइवा ट्रक बालू लोड करने के लिए काफी तेज गति से खूँटी से तोरपा की ओर जा रहा था। इसी क्रम में तेजगति हाईवा ने अनियंत्रित होने से तोरपा रेफरल अस्पताल के पास चालक ने विद्युत खंभे को जोरदार टक्कर मार दी। जिससे ट्रांसफार्मर कई टुकड़ों में बँट गया और बिजली के तीन-चार खंभे भी टूट गये। रात को ही तोरपा थाना की पुलिस दुर्घटनाग्रस्त हाइवा को थाने ले गई। मामले की जानकारी मिलते ही मंगलवार की सुबह तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया, सुबह ही वे तोरपा पहुँच गये और विभाग के अधिकारियों से बात कर क्षतिग्रस्त ट्रांसफार्मर को अविलंब बदलकर विद्युतापूर्ति बहाल करने का निर्देश दिया। कुछ देर बाद ही हिल चौक के कुछ इलाकों को छोड़कर अन्य क्षेत्रों में बिजली की आपूर्ति बहाल कर दी गई। मौके पर विधायक ने कहा कि लोगों को कोई भी समस्या हो, वे इसकी जानकारी दें, उनकी समस्याओं के निराकरण का हर संभव प्रयास किया जायेगा। विद्युत ट्रांसफार्मर के क्षतिग्रस्त होने की जानकारी मिलने के बाद बिजली दुरुस्त होने पर लोगों में खुशी हुई कि अधिक दिन झेलना नहीं पड़ा।

### बार एसोसिएशन द्वारा अधिवक्ता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित


**लोहरदगा(बिभा)।** जिला अधिवक्ता संघ द्वारा मंगलवार को अधिवक्ता दिवस पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। अधिवक्ता दिवस बेहद सम्मानित एवं भारत रत्न , भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉक्टर राजेंद्र प्रसाद के जन्म उत्सव के दिन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला अधिवक्ता संघ के प्रांगण में मनाया गया कार्यक्रम में संघ के सभी अधिवक्ता उपस्थित थे अधिवक्ताओं द्वारा कानूनी पेशा का सम्मान के साथ कानूनी जागरूकता को बढ़ावा देने पर जोर दिए जाने की बात कही गई वक्ताओं ने कहा कि आज का दिन आत्मनिरीक्षण एवं आत्म चिंतन तथा उत्सव का दिन है बदलते समाज में अधिवक्ताओं की भूमिका कैसी हो न्याय नैतिकता और कानून के शासन में प्रतिबद्धता पर भी चर्चा हुई प्रशासनिक सचिव लाल धर्मेंद्र देव द्वारा कहा गया कि न्याय प्रशासन में कानूनी पेशेवरों की महत्वपूर्ण भूमिका के साथ-साथ कानून में शासन को बनाए रखने के लिए उनके समर्पण की याद दिलाता है एक अधिवक्ता अपने जीवन कॉल मी एक मित्र की बात है अपने मुवक्किलों की सहायता कर विश्वास जीतता है महासचिव लाल दीपक सहदेव के द्वारा कहा गया कि अधिवक्ता दिवस नए भारत को बढ़ाने में वकीलों की अहम भूमिका है ।अधिवक्ताओं का पेशा काफी गरिमापूर्ण पेशा है उनकी गरिमा बनाए रखना काफी महत्वपूर्ण कार्य है समाज में वकालत का काफी महत्व है कार्यक्रम मे अध्यक्ष डॉक्टर प्रमोद कुमार पुजारी ने कहा कि हम अधिवक्तागण न्यायालय में मुवक्किल को न्याय दिलाने हेतु प्रतिबद्ध हैं।

### हर युवा को एड्स के प्रति जागरूक रहने की आवश्यकता: डॉ प्रभात कुमार




**खूँटी(बिभा) ।** विश्व एड्स दिवस के अवसर पर सोमवार को सदर अस्पताल खूँटी में एड्स दिवस के अवसर पर स्वैक्षिक परामर्श एवं जाँच केंद्र सदर अस्पताल खूँटी के द्वारा इस पर जागरूकता कार्यक्रम चलाया गया। इस संक्रामक एवं जानलेवा बीमारी एड्स के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से रैली निकाला गया। जिसमें खूँटी के सिविल सर्जन डॉ नागेश्वर मांझी ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मौके पर रांची के सिविल सर्जन डॉ प्रभात कुमार भी विशेष रूप से उपस्थित थे। मौके पर राँची के सिविल सर्जन डॉक्टर प्रभात कुमार ने एड्स कि रोकथाम के लिए बाजार, जेल, धार्मिक स्थानों सहित अन्य सार्वजनिक स्थलों पर जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता पर बल देते हुए कहा कि जिन चीजों से एड्स का वायरस फैलता है, उनसे बचने की जरूरत है। असुरक्षित यौनाचार करने को रोकने की आवश्यकता है, जो इसके फैलने का प्रमुख कारण है। इस विषय पर युवाओं को जागरूक और सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि एड्स संक्रमित मरीजों से लोगों को भेदभाव नहीं करना चाहिए, बल्कि उनसे सहानुभूति रखनी चाहिए और अच्छा व्यवहार करना चाहिए। कार्यक्रम में खूंटी के सिविल सर्जन के अलावा सदर अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ आनंद उरांव, अस्पताल प्रबंधक अंतरा झा, जिला यक्ष्मा पदाधिकारी डॉ नमिता टोप्पो, आइसीटीसी काउंसलर कामाख्या नारायण सिंह, डीपीएम कानन बाला तिर्की, डीपीसी उदयन शर्मा, संतोष कुमार, संजय पासवान, राजेश कुमार, सुनीता दास, नरेंद्र कुमार दास, चंद्रिका तिर्की, पुनित गुड़िया, उषा मुंडू के अलावा सभी नर्सिंग स्टाफ उपस्थित थे।

### सेल ने दिव्यांगजनों के बीच व्हील चेयर का किया वितरण



**रांची(बिभा) :** सेल-आरडीसीआईएस राँची ने अंतर्राष्ट्रीय विकलांगता दिवस के उपलक्ष पर नामकुम प्रखण्ड के कुटियातु पंचायत भवन में 50 दिव्यांग्जनों तथा वरिष्ठ नागरिकों को व्हील चेयर, व्हील चेयर कमोड, वॉकर, घुटने का बेल्ट, कमर का बेल्ट, सिलिकॉन कुसन इत्यादि प्रदान किया। सेल-आरडीसीआईएस ने यह आयोजन अपने सीएसआर योजना के तहत ALIMCO के साथ मिलकर किया। इस मौके पर सेल के तरफ से सीजीएम (एचआर) एवं सीएसआर हेड एस जे जाचक, डीजीएम (सीएंडएम) गोपाल कृष्णा, सेल सीएसआर से राहुल श्रीवास्तव, लक्ष्मण कुमार एवं निखिल उरांव उपस्थित थे। ALIMCO के तरफ से श्री अविनाश सिन्हा और श्री विवेक उपस्थित थे। कुटियातु पंचायत की मुखिया निशा उरांव के साथ साथ अंजलि, ज्योति, संतोषी, किरन तथा अन्य महिलाओं ने इस मौके पर अपने अपने स्तर से इस आयोजन को सफल बनाने में योगदान दिया।

# अपने बच्चों की शिक्षा को लेकर ग्रामीणों में आयी जागरूकता

## सरकारी विद्यालय परिसर में प्राइवेट कम्पनी के मोबाइल टावर निर्माण का किया विरोध

ब्रजेश कुमार/ब्यूरो






**खूँटी ।** जिले में जहाँ एक ओर सरकारी विद्यालय में शिक्षा को बढ़ावा देने में जिला प्रशासन पिछड़ा रहा है। वहीं जिले के अंतर्गत कई विद्यालय भवन जर्जर है। शिक्षकों की समुचित व्यवस्था नहीं है। कहीं कहीं विद्यालय भवन में पर्याप्त कमरे तक नहीं है। कहीं कहीं कक्षावार शिक्षक तक विद्यालय में उपलब्ध नहीं है। कहीं कहीं तो लाखों रुपए के कम्प्यूटर बिना संचालन का कबाड़ होता जा रहा है?। वहीं जिले के अड़की प्रखंड अंतर्गत सुदूरवर्ती तिरला पंचायत के तुबिल गाँव के लोग अपने बच्चों को पढ़ाने के लिए होनेवाले व्यवधान से बचाने के लिए आगे आये। जहाँ एक ओर व्यवस्था पूरा नहीं हो पा रहा है वहीं तुबिल क्षेत्र के लोग शिक्षा की चाहत में व्यवस्था में बदलाव चाह रहे हैं। जिस गांव में अवस्थित राजकीय मध्य सह उत्क्रमित प्लस टू उच्च विद्यालय तुबिल के परिसर में एयरटेल कंपनी के टावर निर्माण कार्य किया जा रहा है। इसका विरोध करते हुए विद्यालय परिसर से बाहर किसी दूसरी जमीन पर टावर निर्माण कराने की ग्रामीण लोग मांग कर रहे हैं। इसे लेकर सोमवार को उक्त क्षेत्र से बड़ी संख्या में ग्रामीण खूँटी पहुँचे और उप विकास आयुक्त सह प्रभारी उपायुक्त श्याम नारायण राम तथा सांसद कालीचरण मुंडा को ज्ञापन सौंप कर विद्यालय परिसर में किया जा रहे टावर निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की। टावर निर्माण कार्य का विरोध कर रहे ग्रामीणों का कहना है कि दक्षिणी अड़की के सुदूरवर्ती पहाड़ी क्षेत्र में अवस्थित उक्त एकमात्र विद्यालय में कक्षा एक से 12वीं तक के बच्चे पढ़ाई करते हैं। ऐसे में विद्यालय परिसर के बीच में ठेकेदार द्वारा मनमाने ढंग से टावर निर्माण कार्य शुरू किए जाने से भविष्य में विद्यालय के भवन निर्माण सहित अन्य विकास के कार्य प्रभावित हो सकते हैं।

**विद्यालय में बिना अनुमति लिए ही मनमानी कर बनाया जा रहा है मोबाइल टावर - अध्यक्ष**

एक सरकारी विद्यालय परिसर में एयरटेल (प्राइवेट) कम्पनी के मोबाइल टावर निर्माण करनेवाले ठेकेदार द्वारा विद्यालय प्रबंधन समिति के सलाह के मनमाने ढंग से विद्यालय परिसर के एक जर्जर भवन को गिराकर उसी स्थान पर मोबाइल टावर निर्माण के लिए खुदाई का काम शुरू कर दिया गया। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष लादु मुण्डा ने बताया कि टावर निर्माण कार्य को लेकर ठेकेदार द्वारा न तो विद्यालय शिक्षा समिति से कोई बात की गई और न ही ग्रामसभा से अनुमति ली गई। विद्यालय के अध्यक्ष लाधु मुण्डा ने बताया कि पहला बारहवाँ तक 300 विद्यार्थी पढ़ते हैं। वहीं आसपास के 10+2 उच्च विद्यालय एकमात्र है। जहाँ विद्यार्थी पढ़ाई करने दूर दूर से आते हैं।

तुबिल के ग्रामप्रधान कायरा मुण्डा ने बताया कि ठेकेदार के इस मनमाने रवैए से आसपास गाँव के ग्रामीणों में काफी नाराजगी है। विद्यालय परिसर के अलावा किसी दूसरी जगह पर टावर का निर्माण कराया जाए, ताकि भविष्य में बच्चों की पढ़ाई में कोई परेशानी उत्पन्न न हो। हमलोग मोबाइल टावर निर्माण का विरोध नहीं कर रहे हैं। ठीकेदार ग्रामसभा से जमीन की मांग करे तो अलग हटकर जमीन मिल सकता है। विद्यालय भविष्य के लिए भवन बनाए जाने पर और खेलने के लिए विद्यार्थी बढ़ने से काफी समस्या हो जाएगी।

## ईंट भठे से ग्रामीण का शव बरामद, आक्रोशित ग्रामीणों ने किया सड़क जाम

बिभा संवाददाता



**लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के रामनगर के समीप स्तिथ ईंट भट्ठा में शव मिलने की सूचना में बाद क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव की शिनाख्त की। मृतक के परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। सेन्हा थाना क्षेत्र के रामनगर के समीप संचालित किसान ईंट भट्टा परिसर में शव मिलने की सूचना पर पुलिस पड़ताल में जुट गई है। शव की पहचान अरु गांव निवासी सलामत अंसारी के 40 वर्षीय पुत्र शमशेर अंसारी के रुप में हुई है। शव किसान ईट भट्ठा के समीप मिट्टी डंपिंग के समीप से बरामाद किया गया है। ग्रामीणों का कहना था कि हत्या कर शव पर चक्का चढ़ा दिया गया है जिसपर गुसाये ग्रामीणों ने शव को उठा कर पहले सेन्हा राम नगर पेट्रोल पंप के समीप एन एच 143 ए पथ को आधा घंटा जाम किया फिर वहां से शव को उठाकर अरु चौक पर ले गए जहां पर तीन घंटा सड़क जाम रहा। बाद में अनुमंडल पदाधिकारी अमित कुमार, डीएसपी समीर तिर्की, अंचलाधिकारी मो. मुदस्सर नजर मंसूरी के समझाने तथा परिजनों द्वारा सौंपे गए मांग पत्र लिए जाने के बाद सड़क जाम हटा लिया गया। सौंपे गए आवेदन में कहा गया है की हत्यारों को पुलिस 12 घंटा के अंदर गिरफ्तार करें और मृतक के परिजन को सरकारी नौकरी और 20 लाख की सहायता दे। मृतक के बच्चो को सरकारी व्यवस्था के तहत उचित शिक्षा दी जाए। अधिकारियों के आश्वासन के बाद सड़क जाम हटाया गया। जाम के दौरान घंटो छोटी बड़ी-वाहने की लंबी कतार लगी रही।

## कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष की पत्नी का निधन, लोगों ने जताई संवेदना



**खूँटी ।** कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष और छोटानागपुरिया तेली उत्थान समाज के तोरपा प्रखंड अध्यक्ष शिव शंकर साहू की धर्मपत्नी यशोदा देवी का सोमवार को निधन हो गया। उन्होंने 85 वर्ष की आयु में सोमवार को अंतिम साँसें ली। वहीं मंगलवार को छाता नदी मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया। उनके छोटे पुत्र मनोज कुमार साहू ने मुखाग्नि दी। यशोदा देवी के निधन पर कांग्रेस के संजय यादव, दिनेश कांशी, सुरेंद्र गुप्ता, फेकु भगत, अरुण संगा आदि अनेक लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है।

## ग्राम प्रधान संघ ने कई मांगों को लेकर कर्रा प्रखंड सभागार में किया बैठक



बिभा संवाददाता

**खूँटी ।** जिले के कर्रा प्रखण्ड के ग्राम प्रधानों ने सरकार से कई मांगों को लेकर प्रखण्ड सह अंचल मुख्यालय सभागार में मंगलवार को ग्राम प्रधान संघ की बैठक ग्राम प्रधान संघ सचिव पीटर बारला की अध्यक्षता पर किया गया। बैठक पर ग्राम प्रधान संघ प्रखंड सचिव पीटर बारला ने कहा कि सभी ग्राम प्रधान व पड़हा राजाओं को मोटरसाईकिल दिलाने के लिए फाईन बढ़ाया गया है, ग्राम प्रधान पड़हा राजाओं को 7,000 रूपया का मानदेय दिया जाए, गाँव में अफीम खेती पर रोक लगाने, परम्परागत व्यवस्था के तहत ग्राम सभा को मजबूत करने, ग्राम सभा कि नियमित बैठक कराने, पेशा कानून को यथाशीघ्र लागू करने, ग्राम प्रधानों को ग्राम सभा के अधिकार व कर्तव्य हेतु प्रशिक्षण कि व्यवस्था, आदिवासी जमीन खरीद बिक्री पर ग्राम सभा का अनुमती लेना, जल, जंगल, जमीन पर ग्राम सभा कि सम्पूर्ण अधिकार दिया जाए. बैठक में मुख्य रूप से मनरेगा बीपीओ प्रेम सुजीत कुजूर उपस्थित होकर कहा कि ग्राम प्रधान गांव के विकास में अहम कड़ी है सभी विकास कार्यो का अनुसंशा ग्रामसभा से ही होकर आगे बढ़ता है. और मनरेगा की सभी योजनाओं को ग्राम सभा पारित करती है. लेकिन ग्रामसभा को जल संचय को लेकर विशेष काम करने आवश्यकता है वहीं मनरेगा संचालित बागवानी, पीसीबी, मेड़बन्दी इत्यादि योजनाओं पर ग्राम प्रधानों को जानकारी दिया गया। बैठक पर मुख्य रूप से होरो पड़हा राजा सुनील होरो, सचिव पीटर बारला, किशोर होरो, बिमल तिग्गा, बिरसा उराँव, प्रेस प्रवक्ता सगीर अहमद, नवीन कुमार, जेना मुंडा, सुबोध मुंडा, भाले मिंज, कृष्णा आईन्द, मोहना पहान, सुनील होरो, धोचा पाहन के अलावे अन्य सैकड़ों ग्राम प्रधान उपस्थित थे।

## अनियंत्रित ट्रेलर पेड़ से टकराई, चालक गंभीर

बिभा संवाददाता



**लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के कुंडगदी मोड़ के समीप अर्ध निर्मित डायवर्सन के समीप अनियंत्रित ट्रेलर पेड़ से टकरा गई जिससे चालक गंभीर रूप से घायल हो केबिन में फंस गया जिसे केबिन काटकर बाहर निकालते हुए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया है जहां ड्राइवर की गंभीर स्तिथी को देखते हुए उसे रिम्स रेफर कर दिया गया है। जानकारी अनुसार उक्त अर्धनिर्मित डायवर्सन के समीप लगातर सड़क दुर्घटना होती रही है, लगतार घटना के बावजूद संवेदक द्वारा सुस्त रफ्तार से काम कराया जा रहा है। मंगलवार को गुमला-लोहरदगा मुख्य पथ एनएच 143 ए पर कंडरा पथ के समीप विकेएस कंट्रक्शन के द्वारा वर्षों से बनाई जा रही है। ग्रामीणों द्वारा कई बार नियमों की अनदेखी और दुर्घटना की आशंका जताई जाती रही है। अब तक उक्त स्थल पर आधा दर्जन से अधिक बार सड़क दुर्घटना हो चुकी है मंगलवार को पुनः एकबार घटना घट गई। स्थानीय लोगों का कहना है कि संवेदक द्वारा बनाया गया डायवर्सन पक्की नही होने के कारण आए दिन सड़क दुर्घटना हो रही है। मंगलवार को राउरकेला उड़ीसा से ट्रेलर स्पेन लोहा लोड कर पटना जा रहा ट्रक संख्या ओडी 14 एसी 8322 अनियंत्रित होकर पेड़ से टकरा गई जिससे वाहन चालक बिहार का आरा निवासी राजेश सिंह गाड़ी के अंदर स्टीयरिंग में बुरी तरह से फंस गया जिससे उक्त पथ पर यातायात दो घंटे तो जाम रही। स्थानीय ग्रामीण औ? पुलिस प्रशासन की मदद से ट्रेलर के केबिन से घायल चालक को बाहर निकालते हुए इलाज के लिए सदर अस्पताल भेजा गया। घटना के बाद दिन भर राहगीर परेशान रहें। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने संवेदक पर पूल और डायवर्सन निर्माण में लापरवाही का आरोप लगाया है।

### महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन

**लोहरदगा।** मंगलवार को लोहरदगा सदर बाल विकास परियोजना अंतर्गत लिंग आधारित हिंसा को समाप्त करने के उद्देश्य से महिलाओं के खिलाफ हिंसा के उन्मूलन कार्यक्रम का आयोजन चुन्नीलाल उच्च विद्यालय, लोहरदगा में किया गया। जिसमें लगभग 1200 विद्यार्थियों को पोक्सो एक्ट,पॉस एक्ट, महिलाओं के खिलाफ घरेलू हिंसा, महिला हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर, वन स्टॉप सेंटर आदि की विस्तृत जानकारी दी गई तथा महिलाओं के अधिकार पर चर्चा की गई। इस कार्यक्रम में श्रीमती ज्योति कुमारी प्रसाद बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, श्रीमती अंजना रानी मिंज शिक्षिका, श्रीमती बिंदी बृजबाला शिक्षिका, गीता देवी आंगनबाड़ी सेविका आदि कार्यक्रम में बच्चों के बीच उपस्थित थे।

## ग्राम सभा के नेतृत्व से बालू उठाव नियंत्रित करने का पहल

बिभा संवाददाता



**गुमला / डुमरी :** ग्राम सभा बरटोली के अंतर्गत बालू उठाव स्थल संख नदी में सालों से अवेध तरीके से बालों की उठाव होते आ रहा है, जिसे सरकारी राजस्व एवं छोटे-छोटे अनेको नुकसान देखने को मिल रहा हैं , इन सभी को देखते हुए ग्राम सभा बारटोली के बैठक में विस्तार पूर्वक चर्चा हुआ और सभी लोग यह निर्णय लिया कि हम लोग ग्राम सभा अंतर्गत जो बालू उठाने का घाट है उसमें ग्राम सभा के द्वारा नियंत्रित करते हुए बालू उठाव का संचालन करेंगे।

ग्राम सभा को संबोधित करते हुए खेतली पंचायत के उप मुखिया श्री जवाहर कवर ने कहा कि यह ग्राम सभा का हक है कि वह अपने ग्राम सभा अंतर्गत प्राकृतिक संसाधनों को प्रबंधन , सरक्षण एवं सुरक्षित करें और उससे मिलने वाले राजस्व को ग्राम सभा के नियंत्रण में सामाजिक कार्यों में लगाए और गांव समाज के विकास में सहयोग करें।

एक ग्राम सभा बरतोली के ग्राम प्रधान श्री राजेश तिर्की ने बताया कि हमारे गांव को सामुदायिक वन पट्टा भी प्राप्त हुआ है जिससे गांव वाले काफी प्रेरित हैं और बालू घाट से जो अवैध तरीके से बालू का उठाव होता है उसे नियंत्रित करेंगे और ग्राम सभा को सशक्त करेंगे उन्होंने बताया कि जो भी ट्रैक्टर हमारे बालू घाट से बालू का उठाव करेंगे प्रति ट्रैक्टर 100 रूपए शुल्क लिया जाएगा तथा गांव वालों के लिए 50 रूपए शुल्क लिया जाएगा, बालू उठाव स्थल पर एक बोर्ड लगाया गया है और सभी ट्रैक्टर वालों को रसीद भी दिया जाएगा। सामुदायिक वन अधिकार प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्रीमती लिली टोप्पो ने कहीं की यह ग्राम सभा के नेतृत्व में एक अच्छा पहल है ताकि गांव में भी कुछ राजस्व जमा हो सके और सामाजिक कार्यों में खर्च कर करेंगे और ग्राम सभा को सशक्त करेंगे, उन्होंने बताया कि इसकी विधिवत सूचना आवेदन के माध्यम से अंचलाधिकारी डुमरी , थाना प्रभारी डुमरी, पंचायत के मुखिया को दिया जाएगा ताकि प्रशासन के द्वारा भी समय -समय पर सहयोग किया जा सके।

इस कार्यक्रम को सफल करने के लिए ग्राम सभा बरटोली के अजय तिर्की ,अनूप तिर्की जकरियस मिंज दमोदर सिंह ,लेयोश मिंज अनिल आदि का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## आर्गेनिक खेती को बढ़ावा देकर शिवनन्दन सोनी कई प्रकार के धान की करते हैं खेती

बिभा संवाददाता



**खूँटी ।** जिले के सीमावर्ती गाँव गोविंदपुर के किसान शिवनन्दन सोनी आज 75 वर्ष से आयु होने के बावजूद कृषि का शौक से उत्कृष्ट किसान किसान बन गये हैं। भोजन के शौकीन शिवनंदन सोनी अपने ही खेत में धान की खेती करके घर का अनाज खाते हैं और चावल बिक्री भी करते हैं। जिन्होंने ऑर्गेनिक खेती को बोल दिया और आज उत्कृष्ट किसान बन गए हैं। वयोवृद्ध शिवनन्दन सोनी 20 एकड़ से अधिक भूमि पर विभिन्न प्रकार के धान उगाते हैं। वहीं धान में जुही बंगाल, बादशाह भोग, बासमती, करहैनी, सोनाचूर, काला करहैनी, सहित महंगे दामों में बिकने वाली धान की फसलों की एकड़ों भूमि पर खेती करते हैं। शिवनन्दन सोनी के पास कृषि संसाधन के साथ अब राइस मिल तक है। जिसमें धान से चावल निकालकर बाजार तक पहुँचाते हैं। शिवनन्दन सोनी सोनी धान के कई प्रकार की खेती करते हैं। शिवनन्दन सोनी ने बताया कि 20 एकड़ से अधिक भूमि पर विभिन्न प्रकार के धान उगाते हैं। वहीं धान में जुही बंगाल, बादशाह भोग, बासमती, करहैनी, सोनाचूर, काला करहैनी, सहित महंगे दामों में बिकने वाली धान की फसलों की एकड़ों भूमि पर खेती किये हैं। यही मात्र नहीं बल्कि खेती का शौक व्यवसाय के लिए मात्र नहीं बल्कि सेहत पर ख्याल रखने का भी विचार रखते हैं। इसलिए सारा धान फसल आर्गेनिक तरीके से करते हैं। फसल पर कोई रासायनिक दवा या रासायनिक खाद का उपयोग नहीं करते हैं। अगर फसल पर दवा का छिड़काव करना हो तो नीम व करंज का स्प्रे करते हैं। उन्होंने कहा कि क्षेत्र के लोगों ने उन्हें काफी डराया कि फसल खराब हो जाएगा। लेकिन नहीं माने और अच्छा पौष्टिक फसल उगाकर दिखाया। उन्होंने जूही बंगाल की खेती किया और आगे काला नमक नाम का धान उगाने का शौक रखते हैं। शिवनन्दन सोनी ने बताया कि धान पर फसल उत्पादन कर धान का मिनी राइस मिल में प्रोसेसिंग करते हैं और फिर बाजार में भेजते हैं।

## हॉकी टूर्नामेंट में लोयोला उच्च विद्यालय बना उपविजेता

बिभा संवाददाता



**खूँटी ।** संत मेरी स्कूल सिमडेगा में आयोजित राँची जेसुइट हॉकी टूनार्मेंट में लोयोला हाई स्कूल के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हाई स्कूल बालक वर्ग में उपविजेता बनने में सफलता हासिल किया। इस प्रतिस्पर्धा में लोयोला हाई स्कूल की टीम संत इग्नेशियस हाई स्कूल गुमला, संत अन्ना स्कूल सिमडेगा, बारडीह हाई स्कूल तथा संत मेरी विद्यालय सामटोली को हराकर निर्णायक प्रतिस्पर्धा में पहुँचा। फाइनल मैच में लोयोला हाई स्कूल का मुकाबला संत मेरी स्कूल सिमडेगा से हुआ, जिसमें लोयोला हाई स्कूल की टीम 0-2 से पराजित हुई। लोयोला हाई स्कूल के खिलाड़ी अमित को बेस्ट प्लेयर का खिताब मिला। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर लोयोला हाई स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर नेल्सन मिंज, सुपीरियर फादर अमृत लकड़ा, लोयोला इंटर कॉलेज के प्राचार्य फादर बिमल मिंज सहित सभी शिक्षक-शिक्षिका ने बधाई और शुभकामनाएँ दीं।

संपादकीय

## सिरमौर बनने की ओर भारत

अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर भारत एवं उसके प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की साख एवं सीख के कारण भारत दुनिया का सिरमौर बनने की दिशा में अग्रसर है। प्रधानमंत्री मोदी ने हाल ही में 5 दिन के विदेश दौरे में तीन देशों की यात्रा की और 31 ग्लोबल लीडर्स और वैश्विक संगठनों के प्रमुखों के साथ मुलाकात की। मोदी की विदेश यात्राओं से विश्व में भारत का न सिर्फ सम्मान बढ़ रहा है बल्कि दुनिया का हमारे देश के प्रति नजरिया भी बदल रहा है। भारत का हमेशा से मानना रहा है कि दुनिया के शीर्ष ताकतों को सिर्फ अपने बारे में नहीं सोचना चाहिए। आर्थिक रूप से संपन्न देशों को छोटे-छोटे देशों के हितों का भी उतना ही ख्याल रखना होगा। प्रधानमंत्री के एक पृथ्वी, एक परिवार, एक भविष्य का मंत्र इस बात की ओर ही संकेत है। भारत में वैश्विक विकास को फिर से पटरी पर लाने, युद्धमुक्त दुनिया बनाने, खाद्य और ऊर्जा सुरक्षा, पर्यावरण, स्वास्थ्य और डिजिटल परिवर्तन जैसे वैश्विक चिंता के प्रमुख मुद्दों पर दुनिया की अगुवाई करने की क्षमता है। इस पहलू को अब दुनिया की तमाम बड़ी शक्तियां भी स्वीकार करने लगी हैं। मोदी ने बार-बार कहा है भारत "वसुधैव कुटुम्बकम" की भावना से काम करता है, जिसमें छोटे-छोटे देशों के हितों को पूरा करने के लिए समान विकास और साझा भविष्य का संदेश भी निहित है, जो भारत की आशावादी एवं समतामूलक सोच को दर्शाता है। भारत को स्वर्णिम भारत, अच्छा भारत, रामराज्य का भारत या दुनिया का सिरमौर इसलिये कहा जाता है कि यह वो देश है जहाँ से दुनिया ने शून्य को जाना। खेल, पर्यटन और फिल्मों से जिसको पहचाना जाता है। जिसकी अंतरिक्ष में पहुँच, तकनीकी प्रतिभाओं से विश्व ने भी भारत का लोहा माना है। बिना रक्त क्रांति के जिसने पायी थी आजादी। भारत दुनिया को बाजार नहीं, एक परिवार मानता है। संतों के सान्निध्य में चलने वाली भारत की व्यवस्था पूरी दुनिया के लिए मार्गदर्शन हैं। मानव सभ्यता के 95 प्रतिशत समय तक भारत दुनिया को खनिज, मसाले और धातुओं के साथ ही धर्म, गणित एवं खगोलशास्त्र की अवधारणाएं देता रहा। जब सारी दुनिया भटकती है तब भारत उसका मार्ग प्रशस्त करता है। भारत टकराव और संघर्ष को मानवता के लिए खतरा मानता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि मौजूदा दौर में हमें अपने अस्तित्व ही नहीं, सम्पूर्ण मानवता के लिए लड़ने की जरूरत है। भारत ने अपनी विदेश नीति के जरिए हमेशा ही ये संदेश दिया है कि आज दुनिया जलवायु परिवर्तन, गरीबी, आतंकवाद, युद्ध और महामारी जैसी जिन सबसे बड़ी चुनौतियों का सामना कर रही है, उनका समाधान आपस में लड़कर नहीं बल्कि मिलकर काम करके ही निकाला जा सकता है।

# लहरों के पहरेदार, पराक्रम अपार

लेखक



योगेश कुमार गोयल

(लेखक, स्वतंत्र टिप्पणीकार हैं।)

प्रतिवर्ष 04 दिसंबर को भारतीय नौसेना के वीरों को याद करते हुए भारतीय नौसेना दिवस मनाया जाता है। यह दिवस 1971 के भारत-पाकिस्तान युद्ध में भारतीय नौसेना की शानदार जीत के जश्न के रूप में मनाया जाता है। दरअसल 03 दिसंबर, 1971 को पाकिस्तान की सेना ने हमारे हवाई और सीमावर्ती क्षेत्र में हमला कर दिया था। दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तान की नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर ऑपरेशन ट्राइडेंट चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिए गए थे।भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा। तेल टैंकरों में लगी आग की लपटों को 60 किलोमीटर दूर से भी देखा जा सकता था। उस हमले में कराची हार्बर फ्यूल स्टोरेज तबाह होने के कारण पाकिस्तान की नौसेना की कमर टूट गई। भारतीय नौसेना द्वारा किए गए हमले में तीन विद्युत क्लास मिसाइल बोट, दो एंटी-सबमरीन और एक टैंकर शामिल थे और युद्ध में भारतीय नौसेना ने पहली बार जहाज पर मार करने वाली एंटी शिप मिसाइल से हमला किया था। ऑपरेशन ट्राइडेंट की सफलता के बाद भारत-पाकिस्तान युद्ध में जीत हासिल करने वाली भारतीय नौसेना की शक्ति और बहादुरी को सलाम करने के लिए

> दुष्ट पाकिस्तान को उस हमले का मुंहतोड़ जवाब देने के लिए पाकिस्तान की नौसेना के कराची स्थित मुख्यालय को निशाने पर लेकर ऑपरेशन ट्राइडेंट चलाया गया था और भारतीय नौसेना की मिसाइल नाव तथा दो युद्धपोतों के आक्रमणकारी समूह ने कराची के तट पर जहाजों के समूह पर हमला कर दिया था। हमले में पाकिस्तान के कई जहाज और ऑयल टैंकर तबाह कर दिए गए थे।भारतीय नौसेना का वह हमला इतना आक्रामक था कि कराची बंदरगाह पूरी तरह बर्बाद हो गया और कराची तेल डिपो पूरे सात दिनों तक धू-धूकर जलता रहा।



04 दिसंबर को भारतीय नौसेना दिवस मनाने की शुरूआत हुई। नौसेना दिवस हर साल एक खास थीम के साथ मनाया जाता है और 2024 के नौसेना दिवस का विषय है 'नवाचार और स्वदेशीकरण के माध्यम से शक्ति और शक्ति'।नौसेना दिवस समारोह में आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों की योजना विशाखापट्टनम स्थित भारतीय नौसेना कमान द्वारा तैयार की जाती है। समारोह की शुरुआत युद्ध स्मारक पर पुष्प अर्पित करके की जाती है, उसके बाद नौसेना की पनडुब्बियों, जहाजों, विमानों आदि की ताकत और कौशल का प्रदर्शन किया जाता है। नौसेना के मुंबई स्थित मुख्यालय में इस अवसर पर नौसैनिक अपने शौर्य का प्रदर्शन करते हैं और गेटवे ऑफ इंडिया बीटिंग रीट्रिट सेरेमनी का आयोजन किया जाता है। भारतीय नौसेना मुख्य रूप से तीन भागों (वेस्टर्न नेवल कमांड, ईस्टर्न नेवल कमांड तथा दक्षिणी नेवल कमांड) में बंटी है। वेस्टर्न नेवल कमांड का मुख्यालय मुंबई में, ईस्टर्न नेवल कमांड का विशाखापत्तनम में और दक्षिणी नेवल कमांड का कोच्चि में है। वेस्टर्न तथा ईस्टर्न कमांड ऑपरेशनल कमांड है, जो अरब सागर और बंगाल की खाड़ी को संभालती है जबकि दक्षिणी नेवल कमांड ट्रेनिंग कमांड है। केरल स्थित एझिमाला नौसेना अकादमी एशिया की सबसे बड़ी नौसेना अकादमी है। भारत के राष्ट्रपति भारतीय नौसेना के सुप्रीम कमांडर हैं। वॉइस एडमिरल राम दास कटारी 22 अप्रैल 1958 को भारतीय वायुसेना के पहले भारतीय चीफ बने थे। भारतीय नौसेना का नीति वाक्य है 'शं नो वरुणः' अर्थात जल के देवता वरुण हमारे लिए मंगलकारी रहें।भारतीय नौसेना का कार्य भारत की समुद्री सीमाओं की सुरक्षा करना है और इसके गठन का इतिहास ब्रिटिश काल से जुड़ा है। ईस्ट इंडिया कम्पनी ने भारतीय नौसेना की स्थापना वर्ष 1612 में ब्रिटिश व्यापारियों के जहाजों की सुरक्षा के लिए 'ईस्ट इंडिया कम्पनी मरीन' के रूप में की थी। वर्ष 1686 तक ब्रिटिश व्यापार पूरी तरह से बॉम्बे में स्थानांतरित हो जाने के बाद इस दस्ते का नाम 'ईस्ट इंडिया मरीन' से बदलकर 'बॉम्बे मरीन' कर दिया गया, जिसने मराठा, सिंधी युद्ध के साथ-साथ वर्ष 1824 में बर्मा युद्ध में भी हिस्सा लिया था। वर्ष 1892 में इसका नाम 'रॉयल इंडियन नेवी' रखा गया। देश की आजादी के बाद वर्ष 1950 में नौसेना का गठन फिर से किया गया और 26 जनवरी 1950 को भारत के लोकतांत्रिक गणराज्य बनने के बाद इसका नाम रॉयल इंडियन नेवी से बदलकर इंडियन नेवी (भारतीय नौसेना) कर दिया गया।भारतीय नौसेना वर्तमान में विशालकाय और एडवांस फीचर से लैस अपने युद्धक पोतों, सबमरीन्स इत्यादि के बलबूते दुनियाभर में चौथे स्थान पर है। मौजूदा समय में भारतीय नौसेना की ताकत पर नजर डालें तो भारतीय नौसेना के बेड़े में दो विशाल विमानवाहक पोत आईएनएस विक्रमादित्य तथा आईएनएस विक्रांत के अलावा अनेक अत्याधुनिक एयरक्राफ्ट, वॉरफेयर शिप, सबबमरीन तथा अन्य सैन्य साजो-सामान हैं, जो इसे दुनिया में चौथी सबसे मजबूत नौसेना बनाते हैं। बहरहाल, यह गर्व की बात है कि हिंद महासागर में ड्रैगन के कब्जे की रणनीति को नाकाम करने के लिए भारत अपनी समुद्री ताकत बढ़ाने के लिए लगातार विध्वंसक युद्धपोतों और पनडुब्बियों के निर्माण में लगा है। इसी कड़ी में आईएनस कलवरी, खंडेरी और आईएनएस करंज के बाद स्वदेशी पनडुब्बी आईएनएस वेला को नौसेना में शामिल किया जा चुका है, जो अत्याधुनिक मशीनरी और टेक्नोलॉजी के साथ-साथ घातक हथियारों से भी लैस है। इस सबमरीन को साइलेंट किलर कहा जाता है, जो दुश्मन को उसकी मौत की भनक तक नहीं लगने देती। कुल मिलाकर, भारतीय नौसेना की ताकत दिनों-दिन बढ़ रही है और वर्तमान में इसकी ताकत के आगे पाकिस्तान की नौसैना कहीं नहीं ठहरती तथा चीन की चुनौतियों का भी हमारी नौसेना डटकर मुकाबला कर रही है।

# मौत के संदेश में क्या सच है ऐ राम ही जाने

लेखक



संजय गोस्वामी

हाल ही में ब्लैक एंड वाइट विश्लेषण में आजतक टीवी में मौत के संकेत पहले मिल जाते है दिखाया गया और उसमें अस्पताल में एक मैना का संवाद भी दिखाया कि हम भी आ रहें हैं जैसा की मालूम होगा बिहार की लोक गायिका शारदा सिन्हा जिंदगी और मौत से जूझते हुए अपने जीवन के अंतिम दिनों में जब अस्पताल में थी तो का मंगलवार रात दिल्ली के एम्स अस्पताल में निधन हो गया। उन्हें कैंसर था। गायिका मल्टीपल मायलोमा नामक रक्त कैंसर से जूझ रही थीं, जिसने 2018 से उनके स्वास्थ्य को काफी प्रभावित किया है। उन्होंने छठ पूजा के पहले दिन यानि 5नवंबर 24को अंतिम सांस ली, यह दिन उनके प्रशंसकों के लिए विशेष रूप से उनके प्रतिष्ठित छठ महापर्व गीतों के कारण महत्वपूर्ण है।जहाँ तक मौत को जानने का संदेश मिलने की बात है यह कहीं विज्ञान ने सिद्ध तो नहीं किया है लेकिन कभी कदाल दिव्य मनुष्य को हो जाता होगा लेकिन जीवन के अंतिम दिनों तक केवल जिसे फांसी पर चढ़ाई जाती है उसे ही मालूम होता होगा ईश्वर ने सभी को समय पर जन्म व मौत उनके कर्मों के आधार पर मिलता है आखिर दिन क्या अंतिम समय तक स्थूल शरीर में जीवन की आस में मनुष्य रहता है ईश्वर ने सबको एक ही समय दिया है लेकिन इंसान गलतियां कर बैठता है और अकाल मौत हो जाता है यानि मौत भी दो प्रकार से होती है एक अकाल मौत दूसरा समयानुसार मौत, मौत तो जीवन का सत्य है लेकिन लोग जानकर भी अनजान बन जाते हैं, मैं एक बार इसी तरह काल के चक्र में फंसकर 2002 में अस्पताल में प्रभु राम की कृपा से बाहर निकला हूँ मुझे फरवरी 2002 में पटना से मुंबई आने के क्रम में काल ने पकड़ लिया था मैं ईश्वर को ही अपना सबकुछ मानता हूं घर परिवार आपका कुछ भी अपना नहीं है जिसे आप अपना मानते हैं वहीं आपके मरने पर जला देते हैं रोते हैं चिल्लाते हैं और फिर कुछ दिनों बाद भूलकर फिर माया के दलदल में धंसते चले जाते हैं मेरी मौत तो बहुत ही पहले तय थी आप 2002 का अस्पताल में पड़ा मौत और जीवन की जंग से लड़ रहा था देखें जब मैं टाइफाइड में कभी 104-105 डिग्री F से निचे जा ही नहीं रहा था करीब 1महीने हो गए डॉ ने लगभग सभी दवाई चलाई लेकिन क़ोई सूट नहीं कर रहा था उस उस समय एक ही सहारा मेरे माता-पिता थे जो खारघर से आते जाते थे जब एक महीने से ऊपर हो गया और उस समय न कुछ खा पा रहा था सिर्फ पानी चढ़ रहा था कोई भी दवा शुट नहीं कर रहा था बर्फ की सिल्ली से कुछ बाहर से बड़े बड़े डाक्टर को बुलाया गया अंत मेंजब डॉक्टर ने जबाव दे दिया डॉक्टर ने आठ मे हार मान ली क्योंकि उस समय जो वार्ड में शिफ्ट किया था वहां सब पटापट मर रहे थे सारे घर से आ गए थे डॉक्टर बोल दिया 2दिन के अंदर आपका लड़का चला जाएगा मैं ,चल नहीं पा रहा था उस समय आपकी स्थिति बड़ी विचित्र रहती उस समय मेरी नई शादी हुई थी और मेरी एक बच्ची हुई थी मैं सबका रोते रोते बुरा हाल था मैं बेहोश की अवस्था में था एक ही जिच अपने अंदर ध्यान किया था वो थे गुरु



गोबिंदसिंहजी का ध्यान अचानक पैर हाथ सुन हो गए और एक का काली सी परछाई दिखाई देती है और आंख बंद हो रहा था यानि यमराज मेरी प्राण लेने के लिए कमरे में आया तो जरूर था लेकिन गुरु गोबिंदसिंह जी महाराज घोड़े पर सवार होकर आए थे और यमराज को भगा दिया आप इसे कुछ भी माने मैं तो मानता हूं एक अद्भुत सा प्रकाश मेरे खड़े से टकराती है और कुछ समय बाद कुछ ताकत सा आ गया डाक्टर ने निर्णय लिया अतः में एक दवाई चलाकर देखता हूं जो हाई एंटीबायोटिक था मोनोसेफ इंजेक्शन नस में पानी चढ़ने का ट्युब लगा था और उसी से दिया गया और धिरे धिरे सब दवा सुट करने लगा ओर कुछ दिनों बाद ठीक हुआ सपने में गुरु गोबिंदसिंह जी महाराज ने कहा कि अगर तुम इस दुनिया से चला जाता तो तुम्हारे माता पिता का मेरे ऊपर से विश्वास उठ जाता ,मेरे टिचर डा शमशेर सिंह फिजिक्स पढ़ाते भक्त कुछ अच्छी बातें भी करते थे जैसे उन्होंने बताया कि एक राजा ने गुरु नानक देव को मारना चाहा पानी आग जब कुछ कर नहीं पाया तब पत्थर ही पत्थर उनके शरीर पर रख दिया और गुरु नानक देव जी पत्थर के ऊपर लेटे हुए थे और उसने क्षमा मांगी गुरु नानक देव जी ने उनसे कहा लंगर चला एक बार गुरु नानक देव जी मरे हुए हाथी को जिंदा कर देते हैं और फिर राजा के कहने पर उसे पुनः मौत दे देते हैं तभी राजा पुछता है अब आप इसे जिंदा क्यों नहीं कर रहे हैं गुरु जी कहते हैं यह प्रकृति का नियम है तो आया है वो जाएगा भी मैंने मालिक से फरियाद लगाई और जिंदा हो गया था।अतः जो असमय मरते हैं उनकी आत्मा भटकती है जब तक जीवन का एक्सपायरी डेट ना पूर्ण हो जाए जब भी क़ोई दवाई बनाई जाती है तो बनाने का डेट तथा एक्सपायरी डेट भी लिखा होता है लेकिन कभी कभी बोतल हाथ से समय से पहले ही टूट जाती है और फिर कहीं ना कहीं उसका अस्तित्व रहता है उसी तरह अकाल मौत भी हो सकता है जैसे किसी महामारी की चपेट में आना, दुर्घटना का शिकार होना, आत्महत्या के वजह से होता है जो प्रेतयोनी में भटकता है जब तक उसकी आयु पूर्ण नहीं हो जाता है जिसका जिक्र रामायण के रचना करनेवाले गोस्वामी तुलसीदास से भी मिलता है जब तुलसीदास सुबह स्नान के लिए एक पानी का घड़ा लेकर वाराणसी के बाहर जंगल में जाते थे। शहर लौटने पर, वह बचा हुआ पानी एक निश्चित पेड़ को अर्पित करते थे। इससे एक प्रेत (एक प्रकार का भूत जो पानी के लिए हमेशा प्यासा माना जाता है) की प्यास बुझ गई, जो तुलसीदास के पास प्रकट हुआ और उन्हें एक वरदान दिया ।तुलसीदास जी ने अपना घर छोड़ दिया और 14 वर्षों तक तीर्थ यात्रा की। लेकिन तब भी उनको सत्य का ज्ञान नहीं हुआ और उन्होंने यात्राओं में इकट्ठा किए गए कमंडल में जल को सूखे पेड़ की जड़ों में फेंक दिया। उस पेड़ में एक आत्मा का वास था। वह तुलसीदास जी से प्रसन्न हुई और कुछ मांगने को कहा। जब तुलसीदास जी ने रामदर्शन करने की इच्छा जताई। इस पर आत्मा ने तुलसीदास जी को कहा कि तुम हनुमान मंदिर जाओ, वहां रामायण का पाठ होता है, जिसे सुनने स्वयं हनुमान जी कोढ़ी के वेश में आते हैं। तुम उनके पैरों में गिरकर मदद मांगना। वो तुम्हारी जरूर मदद करेंगे। तुलसीदास जी ने प्रेत के बताए अनुसार हनुमान मंदिर में पहुंचे और रामायण का पाठ सुनने लगे। उन्होंने देखा कि एक कोढ़ी रामायण कथा सुनने में मग्न है। तुलसीदास जी समझ गए और वह उनके पास पहुंच गए। तुलसीदास जी उनके पैरों में गिर गए और उनकी स्तुती करने लगे उन्हें भगवान राम चित्रकूट की घाट में मिले थे चित्रकूट के घाट पर, भई संतन की भीर, तुलसीदास चंदन घिसे, तिलक करे रघुवीर।कथा के दौरान हनुमान जी ने तुलसीदास को श्रीराम के दर्शन कराने हेतु नदी के तीर पर चंदन घिस कर रखने का सुझाव दिया। तुलसीदास हनुमान जी के कथनानुसार नदी के तीर पर बैठकर प्रभु की प्रतीक्षा करने लगे। भगवान श्री राम जी लक्ष्मण जी के साथ राजकुमार के वेश में वहां आते हैं और तुलसीदास से चंदन लगाने को कहते हैं। इसप्रकार तुलसीदास जी को भगवान राम के दर्शन होते हैं। अतः राम नाम सत्य हैं और नाम ही जीवन और मौत से परे होता है। मौत के संदेश में क्या सच है ऐ भगवान श्री राम ही जाने लेकिन इतना तो सत्य है कि जीवन में जिंदगी है तो मौत भी होना तय है लेकिन उससे पहले संदेश मिलता है ऐ सही है या गलत ऐ कहना मुश्किल है।

## राशिफल

**मेष** — मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**वृष** — कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी।

**मिथुन** — स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**कर्क** — पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**सिंह** — कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है।

**कन्या** — पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा।

**तुला** — शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है।

**वृश्चिक** — जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी।

**धनु** — मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं।


**मकर** — समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा।

**कुंभ** — हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा।

**मीन** — कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें और परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

# 'एक हैं, तो सुरक्षित हैं' के मर्म को हिंदू समाज ने समझा

लेखक



आर.के. सिन्हा

(लेखक, वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं।)

> महाराष्ट्र में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के कारण भाजपा को लोकसभा चुनाव में कम से कम सात निर्वाचन क्षेत्रों में काफी नुकसान उठाना पड़ा था, जिसमें धुले और मुंबई उत्तर-पूर्व क्षेत्र भी शामिल हैं। इन दोनों जगहों में भाजपा का पहले से ही बहुत मजबूत आधार था। इन नतीजों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एक अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य न केवल इन खोई हुई जमीनों को वापस पाना था, बल्कि अपनी छवि को फिर से परिभाषित करना भी था।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव के परिणाम पर सारे देश की निगाहें लगी हुई थीं। सारे देश को ही बेसब्री से इंतजार था कि क्या बीते लोकसभा चुनाव में अपेक्षाकृत कमजोर प्रदर्शन के बाद भाजपा का प्रदर्शन किस तरह का रहता है। दरअसल इसी साल में मात्र पांच माह पूर्व संपन्न लोकसभा चुनाव में महाराष्ट्र के कई प्रमुख निर्वाचन क्षेत्रों में आश्चर्यजनक विफलता के बाद, भाजपा के सामने बड़ी चुनौती यही थी कि वह राज्य में खोई हुई जमीन को किस तरह वापस हासिल कर ले। महाराष्ट्र में मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के कारण भाजपा को लोकसभा चुनाव में कम से कम सात निर्वाचन क्षेत्रों में काफी नुकसान उठाना पड़ा था, जिसमें धुले और मुंबई उत्तर-पूर्व क्षेत्र भी शामिल हैं। इन दोनों जगहों में भाजपा का पहले से ही बहुत मजबूत आधार था। इन नतीजों के मद्देनजर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा ने एक अभियान शुरू किया, जिसका उद्देश्य न केवल इन खोई हुई जमीनों को वापस पाना था, बल्कि अपनी छवि को फिर से परिभाषित करना भी था। प्रधानमंत्री ने इस चुनाव में एक नया नारा पेश किया, एक हैं तो सुरक्षित हैं। यह नारा विशेष रूप से हिंदू मतदाताओं को आकर्षित कर एकजुट करने के लिए बनाया गया था, जिसमें जातीय विभाजन के खिलाफ पूरे हिंदू समाज की एकता पर जोर दिया गया था। बेशक, इस नारे ने महायुति गठबंधन को तगड़ा लाभ पहुंचाया। मोदी जी का नारा सिर्फ हिंदू मतदाताओं को एक करना भर ही



नहीं था। इसे पूरे समाज ने राष्ट्रीय एकता के साथ जोड़कर भी देखा। महायुति गठबंधन में भाजपा, शिवसेना (शिंदे) और एनसीपी (अजित पवार) शामिल हैं। इस आह्वान के परिणामस्वरूप हिन्दू वोटों का भाजपा और उसके सहयोगियों के पक्ष में मौन और अत्यंत ही प्रभावी एकीकरण हुआ। यह नारा विपक्ष द्वारा स्थापित कथानक का सीधा जवाब था। और, इसे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के एक अन्य नारे 'बंटेंगे तो कटेंगे' से और भी शक्ति मिल गई। इन नारों का उद्देश्य उन क्षेत्रों में हिंदू मतदाताओं को आश्वस्त करना था, जहां उन्हें लगता था कि अल्पसंख्यक वोटों के एकीकरण के कारण उनका राजनीतिक प्रभाव कम हो रहा है।मोदी और योगी के नारों से इसलिए भी हिंदू मतदाता जुड़े, क्योंकि कई मुस्लिम मौलवी लगातार यह अपील कर रहे थे कि मुस्लिम महाविकास अघाड़ी (एमवीए) के उम्मीदवारों को ही वोट दे। इस्लामी प्रचारक मौलवी सज्जाद नोमानी विधानसभा चुनाव से पहले लगातार यह फतवे दे रहे थे कि मुसलमानों को तो भाजपा के खिलाफ ही वोट देना है। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार के दौरान सज्जाद नोमानी का एक वीडियो वायरल हुआ था। उसमें वह मुस्लिम समुदाय से कांग्रेस-सेना (उद्धव)-एनसीपी (शरद पवार) गठबंधन को ही वोट देने की अपील करते हुए दिखाई दिए थे।सज्जाद नोमानी ने भाजपा का समर्थन करने वाले मुसलमानों के बहिष्कार का फतवा भी जारी किया था। नोमानी और उनके जैसे कुछ मजहबी और सियासी नेताओं की अपीलों और हरकतों के चलते ही उदारवादी हिंदू मतदाता भी लामबंद हुआ। पत्रकारिता छोड़कर सियासत में आए औरंगाबाद के पूर्व सांसद इम्तियाज जलील की पिछले महीने मुंबई में निकाली रैली ने भी हिंदुओं को सोचने के लिए मजबूर कर दिया था। वे सैकड़ों कारों और दूसरे वाहनों के साथ मुंबई में आ गए थे। जलील को विधानसभा चुनाव में औरंगाबाद पूर्व सीट पर भाजपा के अतुल सावे ने शिकस्त दी।दरअसल राष्ट्रीय उलेमा काउंसिल और महाराष्ट्र और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के सदस्य सज्जाद नोमानी सरकारी नौकरियों में मुसलमानों के लिए कोटा की जोरदार तरीके से मांग कर रहे थे। इस कारण भी मोदी और योगी के नारों ने हिंदू मतदाताओं को बहुत सोचने के लिए मजबूर किया। महाराष्ट्र में जैसे-जैसे चुनाव अभियान आगे बढ़ा, भाजपा की रणनीति विभाजन के कथित खतरों के खिलाफ सांस्कृतिक और राष्ट्रीय एकता की रक्षा करने की कहानी में विकसित हुई। प्रधानमंत्री मोदी सहित महायुति के नेताओं ने रैलियों और बैठकों की एक श्रृंखला में भाग लिया, जिसमें एक साथ खड़े होने के महत्व पर जोर दिया गया। कहानी स्पष्ट थी-भाजपा के तहत एकता हिंदू समुदाय और विस्तार से राष्ट्र के लिए सुरक्षा और प्रगति का मार्ग है। मोदी और योगी के नारों को संघ प्रमुख मोहन भागवत ने अपने वार्षिक दशहरा संबोधन में समर्थन दिया। उन्होंने हिंदू एकता का आह्वान किया और बांग्लादेश में समुदाय पर हमलों से सबक लेने का आग्रह किया। वरिष्ठ संघ पदाधिकारी दत्तात्रेय होसबोले ने भी हिंदू एकता के आह्वान को बढ़ाते हुए बटेंगे तो कटेंगे नारे का इस्तेमाल किया।आपको याद होगा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का 'बंटेंगे तो कटेंगे' के नारे ने हरियाणा चुनाव में भी अपना असर दिखाया था। मुंबई और ठाणे में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की फोटो के साथ 'बंटेंगे तो कटेंगे' के संदेश वाले होर्डिंग्स देखे गए थे। ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यही था कि क्या योगी और उनका नारा हरियाणा के बाद महाराष्ट्र में भी सफल हो पाएगा? महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव का गहराई से विश्लेषण करने से साफ है कि उपर्युक्त नारे से प्रभावित होकर हिंदू मतदाता एक साथ तो आए। उन्होंने अपने को जाति से ऊपर पहले हिन्दू समाज और सनातनी परंपरा को माना। योगी ने महाराष्ट्र में दो दर्जन से अधिक सभाओं को संबोधित किया। अब जबकि महाराष्ट्र विधानसभा के नतीजे आ चुके है, तब कहना पड़ेगा कि कांग्रेस और गांधी परिवार ने 'सत्ता की लालसा में' पंथनिरपेक्षता (सभी संप्रदायों के साथ समान व्यवहार) की भावना को तोड़ दिया है।प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महाराष्ट्र में भाजपा और उसके सहयोगियों को मिली जीत तथा कई राज्यों में उपचुनाव में मिली बड़ी जीत को एकता तथा 'एक हैं तो सुरक्षित हैं' नारे के पीछे की भावना बताया। महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान के शुरू होने से ठीक पहले प्रधानमंत्री मोदी द्वारा गढ़ा गया यह नारा जाति के आधार पर वोटों के बंटने के खिलाफ भाजपा के आह्वान को दर्शाता था। भाजपा के नेता हाल ही में हुए चुनाव में विपक्ष के लोकसभा चुनाव के समय किए मिथ्या प्रचार का जवाब देने में सफल रहे कि मोदी सरकार संविधान में आमूलचूल परिवर्तन करना चाहती है। यह स्वीकार तो करना ही होगा कि भारत के उद्योग और वित्त संसार के गढ़ महाराष्ट्र के लोगों ने 'एक हैं तो सुरक्षित हैं' के पीछे की भावना को जोरदार तरीके से पुष्ट किया। इस नारे ने उन लोगों को हराया है जो समाज को जाति, धर्म, भाषा में बांटना चाहते थे और समाज को बांटने की कोशिश करने वालों को सजा दी है।



# फूड इंडस्ट्री में दें अपने भविष्य को उड़ान

**कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जिन्हें न सिर्फ तरह-तरह के पकवान खाना अच्छा लगता है, बल्कि वे अच्छे स्वाद को भी भली-भांति पहचान लेते हैं। अगर आप भी उन्हीं में से एक हैं, जिन्हें विशिष्ट प्रकार के व्यंजनों से विशिष्ट लगाव है तो आप अपने इसी लगाव को अपना भविष्य बना सकते हैं। फूड इंडस्ट्री में विकल्पों की भरमार है। लीक से हटकर यह कॅरियर बेहद दिलचस्प होने के साथ-साथ चुनौतीपूर्ण भी है। आइए फूड इंडस्ट्री में मौजूद विकल्पों के बारे में जानें।**

## फूड क्रिटिक

मार्केट में कौन–से नए फूड प्रोडक्ट आए हैं, इससे लेकर किस रेस्तरां में कौन–से स्वादिष्ट व्यंजन मिलते हैं, इसकी पूरी जानकारी अपनी राइटिंग स्किल के जरिए लोगों तक पहुंचाना फूड क्रिटिक का महत्वपूर्ण काम होता है। फूड क्रिटिक खाने के टेस्ट के साथ ही रेस्तरां की सर्विस के बारे में भी पूरी जानकारी देते हैं। फूड क्रिटिक बनने के लिए विशिष्ट शैक्षणिक योग्यता की जरूरत नहीं होती लेकिन बैचलर डिग्री होनी जरूरी है। बशर्ते आपमें खाने का स्वाद पहचानने, उसे बनाने का तरीका जानने और लिखने की कला होनी चाहिए।

## न्यूट्रीशनिस्ट

यदि आप फूड के बारे में वैज्ञानिक तौर पर काफी कुछ जानते हैं तो आप न्यूट्रीशनिस्ट बन सकते हैं। आपको यदि ज्यादा से ज्यादा फूड के बारें में जानकारी हैं कि कौन सा फूड कैसा असर करता है। मोटे होने के लिए क्या खाएं और पतले होने के लिए क्या खाएं। डायबीटिज में क्या खाना फायदेमंद है, हार्ट अटैक से बचने के लिए किन चीजों का सेवन करें या किन चीजों का ना करें, इस तरह की जानकारियां यदि आपकों अच्छी लगती हैं और आपकी इनमें गहरी रूचि है तो आप एक न्यूट्रीशनिस्ट के रूप में अपने कॅरियर को संवार सकतें है

## फूड स्टाइलिस्ट

जितना खाने मे टेस्ट का होना जरूरी है, उतना ही खाने का बेहतर और क्रिएटिव दिखना भी जरूरी है। खाने को परोस कर देने का तरीका भी खाने को बेहतर बनाता है। अगर आप में यह स्किल है कि आप किसी भी तरीके के खाने को अच्छी तरह से सजाकर लोगों को उसकी ओर आकर्षित कर सकतें है तो आप फूड स्टाइलिस्ट बन सकतें है। इसकी भी काफी डिमांड है क्योंकि आजकल फाइव स्टार होटल और रेस्तरां में इनकी खासी कमी है। फूड स्टाइलिस्ट बनने के लिए आपका क्रिएटिव होना काफी जरूरी है।

## कलिनरी ट्रेंडोलॉजिस्ट

सिर्फ फैशन की दुनिया में ही नहीं, बल्कि फूड इंडस्ट्री में भी ट्रेंड बदलते रहते हैं। कलिनरी ट्रेंडोलॉजिस्ट समय–समय पर फूड को लेकर ग्राहकों की बदलती पसंद या नापसंद की जानकारी अपने क्लाइंट तक पहुंचाते हैं। किस रेस्तरां में कौन–कौन से आइटम परोसे जा रहे हैं। किस रेस्तरां की किस खास चीज को लोग ज्यादा पसंद कर रहे हैं, ये सारी जानकारियां जुटाने का काम कलिनरी ट्रेंडोलॉजिस्ट का ही है। वे फूड इंडस्ट्री में होने वाले बदलावों को जानने के लिए फूड ब्लॉगर्स पर भी अपनी नजर बनाए रखते हैं।

### प्रमुख कोर्स

- केटरिंग टेक्नोलॉजी और कलिनरी ऑर्ट्स में बैचलर डिग्री
- फूड प्रोडक्शन में क्राफ्ट सर्टिफिकेट कोर्स
- फूड और बेवरेज सर्विस में डिप्लोमा
- बेकरी और कनफेक्शनरी में डिप्लोमा
- किचन मैनेजमेंट में डिप्लोमा
- गेस्ट सर्विस मैनेजमेंट में डिप्लोमा
- हाउसकीपिंग मैनेजमेंट में डिप्लोमा
- कलिनरी आर्ट्स में एडवांस डिप्लोमा
- कलिनरी आर्ट्स में पोस्ट ग्रेजुएट डिप्लोमा
- हॉस्पिटैलिटी एडमिनिस्ट्रेशन में एमएससी
- डाइअटेटिक्स और फूड सर्विस मैनेजमेंट में एमएससी

## फूड फोटोग्राफर

जिन लोगो को खाना काफी पसंद है और वे कुछ क्रिएटिव करना चाहतें हैं तो वे इन चीजों के साथ फूड फोटोग्राफी भी कर सकते हैं। फूड फोटोग्राफी वर्तमान में एक अच्छा कॅरियर ऑप्शन बनकर सामने आया है, जिसकी ओर युवा काफी आकर्षित भी हैं। बतौर फूड फोटोग्राफर आप किसी भी रेस्तरां या मैगजीन के लिए काम कर सकते हैं।

## रेस्तरां प्रचारक

किसी रेस्तरां या होटल को फूड ब्लॉगर, मीडिया हाउसेस, मैगजीन या टीवी शो प्रोड्यूसर के माध्यम से आम लोगों के बीच लोकप्रिय बनाने की जिम्मेदारी रेस्तरां प्रचारक की होती है। इनका अहम मकसद ज्यादा से ज्यादा ग्राहकों को अपनी रेस्तरां की तरफ आकर्षित करना है।






# स्कूल साइकोलॉजी की दुनिया में तराशें रोजगार

**आजकल कुछ स्कूलों में मनोवैज्ञानिक या परामर्शदाता की नियमित व्यवस्था की जाती है। यह व्यवस्था विद्यार्थियों और अध्यापकों दोनों के लिए महत्वपूर्ण साबित हुई है। मनोविज्ञान अपनी पूर्णता में एक ऐसा क्षेत्र है, जहां करियर से जुड़े अनेक विकल्प हैं। स्कूल साइकोलॉजी इसकी महत्वपूर्ण शाखाओं में एक है। स्कूलों में बढ़ते अपराधों को देखते हुए अब स्कूल साइकोलॉजिस्ट की मांग तेजी से बढ़ रही है।**

कूल साइकोलॉजिस्ट किसी भी स्कूल की टीम के मुख्य सदस्य होते हैं, जो शैक्षिक मनोविज्ञान, बाल मनोविज्ञान, नैदानिक मनोविज्ञान और सामुदायिक मनोविज्ञान के सिद्धांतो का पालन कर छात्रों में सीखने की क्षमता और अध्यापकों में सिखाने की क्षमता का विकास करते हैं। स्कूल मनोवैज्ञानिक बच्चों के भावनात्मक, व्यवहारिक, और शैक्षिक जरूरतों का अध्ययन कर उनकी समस्याओं का हल करने का हरसंभव प्रयास करते हैं। अगर आपकी रुचि बच्चों के मनोभाव को जानने और उनके डिप्रेशन को दूर करने की दिशा में है तो आप स्कूल साइकोलॉजिस्ट का कॅरियर चुन सकते हैं। आजकल बच्चे सबसे ज्यादा डिप्रेशन का शिकार होते हैं। यही वजह है कि इस क्षेत्र में कॅरियर की भरपूर संभावनाएं पैदा हो रही हैं। ऐसे में आप साइकोलॉजिकल काउंसलिंग करके बच्चों के भविष्य को खराब होने से बचा सकते हैं।

## स्कूल साइकोलॉजिस्ट के कार्य

- स्कूल मनोवैज्ञानिक बच्चों के विकास की विशेषताओं को समझने में शिक्षक की सहायता करता है।
- प्रत्येक छात्र विकास की कुछ निश्चित अवस्थाओं से गुजरता है जैसे शैशवास्था, बाल्यावस्था, किशोरावस्था और प्रौढ़ावस्था। विकास की दृष्टि से इन अवस्थाओं की विशिष्ट विशेषताएं होती हैं। यदि शिक्षक इन विभिन्न अवस्थाओं की विशेषताओं से परिचित होता है तो वह अपने छात्रों को भली प्रकार समझ सकता है और छात्रों को उसी प्रकार निर्देशन देकर उनको लक्ष्य प्राप्ति में सहायता कर सकता है। इस बारे में पूर्ण जानकारी भी स्कूल साइकोलॉजिस्ट ही टीचर को देता है।
- बच्चों के नेचर को जानने की कोशिश करता है।
- शिक्षा की प्रकृति एवं उद्देश्यों को समझने में सहायता प्रदान करता है।
- बच्चों की वृद्धि और विकास के बारे में शिक्षकों को ज्ञान देता है।



- बच्चों के अच्छे समायोजन में मदद करता है और कुसमायोजन से बचाता है।
- स्कूल मनोवैज्ञानिक कुछ खास बच्चों की समस्याओं एवं आवश्यकताओं की जानकारी शिक्षक को देता है, जिससे शिक्षक उन बच्चों को अपनी क्लास में पहचान सकें और उनकी आवश्यकतानुसार मदद कर सकें। उनके लिए विशेष कक्षाओं का आयोजन कर सकें और फिर उन्हें परामर्श दे सकें।
- मानसिक रूप से स्वस्थ बच्चों के लक्षणों को पहचानना और ऐसा प्रयास करना कि उनकी इस स्वस्थता को बनाए रखा जा सके, यह कार्य भी स्कूल साइकोलॉजिस्ट का ही होता है।

## शैक्षणिक योग्यता

आप किसी भी विषय में इंटरमीडिएट पास करने के बाद साइकोलॉजी विषय में ग्रेजुएशन कर सकते हैं। आम तौर पर इसमें बैचलर ऑफ आर्ट्स यानी बीए की डिग्री दी जाती है लेकिन अगर आपने साइंस से इंटर पास किया है तो साइकोलॉजी में बीएससी ऑनर्स भी कर सकते हैं। फिर पोस्ट ग्रेजुएशन करने के बाद पीएचडी या एमफिल किया जा सकता है।

### कहां काम करते हैं स्कूल साइकोलॉजिस्ट

- पब्लिक और प्राइवेट स्कूल
- यूनिवर्सिटीज
- स्कूल आधारित स्वास्थ्य और मानसिक स्वास्थ्य केंद्र
- कम्यूनिटी आधारित डे ट्रीटमेंट या आवासीय क्लीनिक और अस्पताल
- बाल न्याय केंद्र
- प्राइवेट प्रैक्टिस

### पर्सनल स्किल

- बेहतर कम्युनिकेशन स्किल
- धैर्य और सहजता
- सभी उम्र के लोगों के साथ काम करने की कला
- आत्मविश्वास
- क्लाइंट को संतुष्ट करने की योग्यता
- लोगों की मदद करने का पैशन
- काम के प्रति लगाव
- संवेदनशीलता
- सहानुभूति की भावना

### कहां से करें पढ़ाई

- लेडी श्रीराम कॉलेज फॉर विमन
- जीसस एंड मैरी कॉलेज
- प्रेसिडेंसी कॉलेज, चेन्नई
- क्रिस्ट यूनिवर्सिटी, क्रिस्ट कॉलेज
- सोफिया कॉलेज फॉर विमन
- कमला नेहरु कॉलेज फॉर विमन
- मिठिबाई कॉलेज ऑफ आर्ट्स
- यूनिवर्सिटी ऑफ कोलकाता
- बनारस हिंदू यूनिवर्सिटी
- गार्गी कॉलेज
- जय हिंद कॉलेज
- जामिया मिलिया इस्लामिया
- ज्योति निवास कॉलेज
- विल्सन कॉलेज, मुंबई
- एमिटी यूनिवर्सिटी, जयपुर
- यूनिवर्सिटी ऑफ लखनऊ
- आशुतोष कॉलेज
- नेयानल डिग्री कॉलेज, जया नगर
- भीम राव अम्बेडकर कॉलेज



# प्रेजेंटेशन स्किल्स से मिलेगी कामयाबी

प्रेजेंटेशन में सामने वाले को बोर नहीं, बल्कि इंप्रेस करें। तब आपको कामयाबी मिलेगी। सबसे असरदार कंटेंट भी बिल्कुल बेअसर हो जाता है, जब प्रेजेंटर का स्टाइल उसके अनुरूप न हो। कई लोग प्रेजेंटेशन के दौरान नर्वस हो जाते हैं, जिसका असर उनके बोलने और बॉडी लैंग्वेज पर पड़ता है। यही कुछ रुकावटें हैं, जिन पर काबू पाना जरूरी होता है। आत्मविश्वास बढ़ने के साथ–साथ यह कमियां दूर हो जाती हैं और आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए अभ्यास, लचीलापन और अपने कंटेंट की गहरी जानकारी बेहद जरूरी होती है।

## कटेंट पर ध्यान दें

आपके पास पहले से रोचक, संपूर्ण और सबका ध्यान खींचने वाला कंटेंट होना चाहिए। साथ ही उस मैटेरियल को सबके सामने रखने का आत्मविश्वास भी जरूरी है। अपने माहौल की समझ के साथ–साथ आपको यह ध्यान रखना भी आवश्यक होता है कि आपके संदेश का असर अधिकाधिक लोगों तक पहुंचे। वहीं अपने कंटेंट को तैयार करना इस पर भी निर्भर करता है कि आप किस किस्म की प्रेजेंटेशन देने जा रहे हैं। फिर भी जरूरी है कि आप मुख्य बिंदुओं की पहचान कर लें। यह जरूरी नहीं होता कि प्रत्येक डिटेल श्रोताओं के सामने रखी जाए।

## स्टाइल पर ध्यान दें

प्रेजेंटर का स्टाइल ही एक अच्छे प्रेजेंटेशन के लिए जरूरी होता है। इसलिए अपनी स्टाइल और बात करने के तरीके पर खास ध्यान दें।

## पूरी जानकारी दें


बेहतर प्रेजेंटेशन दर्शकों को विषय के बारे में अतिरिक्त जानकारी देती है, इसलिए जरूरी है कि विषय की आउटलाइन से शुरुआत की जाए। श्रोताओं को बताएं कि आप क्या विषय उठाना चाहते हैं, ताकि उनकी अपेक्षाएं शुरू में ही स्पष्ट हो जाएं। इससे विषय के प्रति कौतुहल भी बना रहता है।

## उदाहरण से बनेगी बात

एक अन्य तथ्य यह है कि प्रेजेंटेशन की शुरुआत और अंत जोरदार तरीके से हो। यदि शुरुआत में आप श्रोताओं का ध्यान नहीं खींच पाते है तो यह आपके पक्ष में नहीं जाता। साथ ही बीच–बीच में रोचक उदाहरण देना भी जरूरी होते हैं।

## सुनने वाले के बारे में जानें

आपको सुनने वालों के बारे में सबसे पहले पता लगाना चाहिए कि वे कौन हैं? इसके बाद यह जानना जरूरी होता है कि प्रेजेंटेशन से वे क्या चाहते हैं? उनके लिए क्या सूचना नई होगी और क्या पुरानी? क्या उनकी कुछ विशेष जरूरतें हैं, जिनका आपको ध्यान रखना चाहिए? इसके लिए जरूरी है कि अपनी प्रेजन्टेशन की आउटलाइन आपको स्पष्ट हो। दरअसल, आपको सुनने वाले यदि संतुष्ट होते हैं तो समझिए कि आपकी प्रेजेंटेशन सफल रही।



## लखनऊ एयरपोर्ट पर कैमिकल में डूबा नवजात का शव बरामद

### –पार्सल से भेजा जा रहा था मुंबई, स्कैनिंग में पकड़ाया, कूरियर एजेंट गिरफ्तार

लखनऊ। लखनऊ एयरपोर्ट पर मंगलवार सुबह कैमिकल में डूबोकर पार्सल किया जा रहा नवजात का शव बरामद किया गया है। इसका खुलासा स्कैनिंग के दौरान हुआ। उक्त शव को नवी मुंबई भेजा जा रहा था। पुलिस ने इस मामले में एक एजेंट को गिरफ्तार किया है, जिससे पूछताछ के बाद ही मामले का खुलासा हो सकेगा। जानकारी अनुसार लखनऊ एयरपोर्ट में कूरियर के एक डिब्बे में एक महीने के नवजात का शव बरामद किया गया है। नवजात के शव की जानकारी कार्गो के सामान की स्कैनिंग के दौरान हुई। उक्त शव प्लास्टिक के डिब्बे में पैक किया गया था, जिसके अंदर लिक्विड भरा हुआ था। इस मामले में पुलिस का कहना है कि कूरियर सर्विस के जरिए पार्सल के तौर पर नवजात के शव को नवी मुंबई भेजा जा रहा था। जांच में मालूम चला है कि उक्त कूरियर को हजरतगंज स्थित इंदिरा आईवीएफ हॉस्पिटल से चंदन यादव नामक व्यक्ति द्वारा बुक कराया गया था। पुलिस अब इस जांच में जुटी है कि आखिर नवजात के शव को कैमिकल में रखकर कूरियर क्यों किया गया। इसी बीच कूरियर एजेंट शिव बरन को सीआईएसएफ ने पकड़ा और पुलिस के हवाले कर दिया है। यह पार्सल इंडिगो की फ्लाइट 6ई 2238 के जरिए लखनऊ से मुंबई भेजने का प्रयास किया गया। लखनऊ एयरपोर्ट पर बुक पार्सल की जब स्कैनिंग की गई तो उसमें नवजात का शव डिटेक्ट हुआ। इसके बाद कार्गो कर्मचारियों ने पैकेट खोलकर देखा तो उसमें बच्चे का शव मिला। इसके बाद कार्गो कर्मचारियों ने फौरन ही सीआईएससफ और पुलिस को सूचना दे दी। मामले की जांच की जा रही है।

## श्रद्धालुओं से भरी बस ट्राले की टक्कर से पलटी, 27 घायल, कई गंभीर

छिंदवाड़ा। छिंदवाड़ा जिले के चौरई इलाके में अयोध्या से लौट रही श्रद्धालुओं से भरी बस पलटने से 27 लोग घायल हो गए, जिनमें से कुछ की हालत गंभीर बताई जा रही है। यह घटना चौरई के केंद्रीय विद्यालय के पास घटित हुई, जहां सामने से आ रहे एक ट्राले ने बस को साइड से टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही बस पलट गई और उसमें सवार लोग घायल हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और प्रशासन ने रेस्क्यू अभियान शुरू किया। घायलों को एम्बुलेंस से जिला अस्पताल भेजा गया। छिंदवाड़ा एडिशनल एसपी के मुताबिक 27 नवंबर को श्रद्धालु अयोध्या गए थे। वहां से दर्शन कर वापस लौट रहे थे तभी मंगलवार सुबह यह हादसा हो गया। घायलों में कुछ की हालत गंभीर है, जिनका अस्पताल में इलाज जारी है। पुलिस ने हादसे की जांच शुरू कर दी है। शुरुआती जांच में सामने आया है कि ट्राले की टक्कर के कारण बस पलटी। बस और ट्राले के चालकों से पूछताछ की जा रही है। हादसे के बाद स्थानीय लोगों ने भी रेस्क्यू में प्रशासन की मदद की। प्रशासन ने वाहन चालकों से सावधानीपूर्वक ड्राइविंग करने की अपील की है।

## दिल्ली–एनसीआर में वायु प्रदूषण से अब राहत मिलने की उम्मीद : आईएमडी

### – दिसंबर के दूसरे सप्ताह में पहाड़ों पर अच्छी बारिश और बर्फबारी की संभावना

नई दिल्ली। दिल्ली–एनसीआर में वायु प्रदूषण की वजह से लोगों की सेहत खतरे में थी, लेकिन मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार हवा की गति में बदलाव आने की संभावना है। आने वाले चार दिनों में हवा की गति में तेज़ी आने से प्रदूषण में कमी हो सकती है। दिल्ली के लोगों के लिए खुशखबरी है कि दिसंबर के दूसरे सप्ताह में पहाड़ों पर अच्छी बारिश और बर्फबारी की संभावना है। इससे ठंडाई हवा का असर महसूस होगा। यह बारिश दिल्ली–एनसीआर के साथ ही हरियाणा, पंजाब, उत्तरी राजस्थान और पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र में भी महसूस होगा। विशेषज्ञों का कहना है कि बर्फबारी के बाद तापमान और भी गिर सकता है और दिल्ली–एनसीआर में ठंड का असर और भी महसूस होगा। दिल्ली में मंगलवार का न्यूनतम तापमान 13.05 डिग्री और अधिकतम तापमान 27.77 डिग्री रहने की संभावना है। नमी का स्तर 26 फीसदी है और हवा की गति 26 किमी प्र?ति घंटा है। बुधवार को दिल्ली में न्यूनतम तापमान 19.68 डिग्री और अधिकतम तापमान 27.18 डिग्री की संभावना है। नमी का स्तर कल 22 फीसदी रह जाएगा। इससे साफ है कि दिल्ली के लोगों के लिए ठंडक और बर्फबारी की संभावनाएं बढ़ गई हैं। साथ ही हवा की गति में बदलाव आने की संभावना है, जिससे प्रदूषण में भी कमी हो सकती है और लोगों को साँस लेने में आसानी होगी।

## युवक की हरकतों से हुआ शक, पूछताछ में हुआ फर्जीवाड़े का खुलासा

नई दिल्ली। दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन के काउंटर पर मौजूद अफसर के सामने करीब एक 24 साल का युवक खड़ा हुआ है। इस युवक के चेहरे पर एक अजीब सी मुस्कान है, जिसकी मदद से वह अपनी हिचक और डर को छिपाने की कोशिश कर रहा था। शुरूआत में इमिग्रेशन अफसर को लगा कि शायद पहली हवाई यात्रा की वजह से युवक घबरा रहा हो। लिहाजा, उसे कंफर्ट करने के इरादे से वह थोड़ा मुस्कुराए और पासपोर्ट लेने के लिए हाथ आगे बढ़ा दिया डॉक्यूमेंट स्क्रूटनी के बीच में ही इमिग्रेशन अफसर ने हिंदी में पूछ लिया... आपको किस काम से ताशकंद जा रहे हैं। इमिग्रेशन अफसर का सवाल सुनने के बावजूद यह युवक शून्य भाव के साथ खड़ा रहा। इमिग्रेशन अफसर ने अपना सवाल दोहराया, लेकिन इस बार भी जवाब नहीं आया। इस प्रतिक्रिया पर इमिग्रेशन अफसर का माथा ठनका कि कोलकाता से चंद किलोमीटर दूर स्थित सिंगूर में रहने वाले शख?स को इतनी हिंदी भी नहीं आती। लिहाजा, इस युवक से गहन पूछताछ शुरू की गई। तलाशी के दौरान इसके मोबाइल से बांग्लादेशी पासपोर्ट का बायोडाटा पेज बरामद किया गया, जिसमें इसका नाम टीटू दर्ज था। बांग्लादेशी पासपोर्ट का बायोडाटा पेज सामने आते ही सारा राज खुल कर सामने आ गया।

# राजनीति में कोई संतुष्ट नहीं होता, मुख्यमंत्री डरा-डरा रहता है न जाने कब हाईकमान हटा दे

**नागपुर (एजेंसी)**। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री के पद और राजनैतिक संतुष्टि को लेकर बड़ा बयान दिया है। यहां आयोजित एक पुस्तक के विमोचन समारोह में उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हमेशा ही डरा और सहमा रहता है। उसके भीतर डर बना रहता है कि न जाने कब हाईकमान उसकी छुट्टी कर दे। जहां तक राजनीति का सवाल है तो यहां कोई भी संतुष्ट नहीं होता है। गडकरी ने कहा है कि राजनीति असंतुष्ट आत्माओं का सागर है, जहां हर व्यक्ति दुखी है और अपने वर्तमान पद से ऊंचे पद की आकांक्षा रखता है। नागपुर में जीवन के 50 स्वर्णिम नियम नामक पुस्तक के विमोचन के अवसर पर गडकरी ने कहा कि जीवन समझौतों, बाध्यताओं, सीमाओं और विरोधाभासों का खेल है।

मंत्री ने राजस्थान में आयोजित एक कार्यक्रम को याद करते हुए कहा कि राजनीति असंतुष्ट आत्माओं का सागर है, जहां हर व्यक्ति दुखी है... जो पार्षद बनता है वह इसलिए दुखी होता है क्योंकि उसे विधायक बनने का मौका नहीं मिला और विधायक इसलिए दुखी होता है क्योंकि उसे मंत्री पद नहीं मिल सका।



भाजपा नेता ने कहा, जो मंत्री बनता है वह इसलिए दुखी रहता है कि उसे अच्छा मंत्रालय नहीं मिला और वह मुख्यमंत्री नहीं बन पाया तथा मुख्यमंत्री इसलिए तनाव में रहता है क्योंकि उसे नहीं पता कि कब आलाकमान उसे पद छोड़ने के लिए कह देगा। उन्होंने कहा कि जीवन में समस्याएं बड़ी चुनौतियां पेश करती हैं और उनका सामना करना तथा आगे बढ़ना ही जीवन जीने की कला है।

खास बात है कि यह बयान ऐसे समय पर आया है, जब महाराष्ट्र में मुख्यमंत्री पद को लेकर चर्चाओं का दौर जारी है। विधानसभा चुनाव में बंपर जीत के बाद भी महायुति अब तक सीएम नहीं चुन सकी है। खबरें हैं कि भाजपा मुख्यमंत्री पद अपने पास रखेगी। वहीं, दो अन्य दल एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के खाते में डिप्टी सीएम आ सकते हैं। फिलहाल, इसे लेकर आधिकारिक तौर पर कुछ नहीं कहा गया है। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता ने कहा कि चाहे व्यक्ति पारिवारिक, सामाजिक, राजनीतिक या कॉरपोरेट जीवन में हो, जीवन चुनौतियों और समस्याओं से भरा है और व्यक्ति को उनका सामना करने के लिए जीवन जीने की कला को समझना चाहिए। गडकरी ने कहा कि उन्हें अपने राजनीतिक जीवन में अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन की आत्मकथा का एक उद्धरण याद है, जिसमें कहा गया है, कोई व्यक्ति तब खत्म नहीं होता जब वह हार जाता है। वह तब खत्म होता है जब वह हार मान लेता है।

## बांग्लादेश में हिंसा : भारत के पर्यटक पर भीड़ ने किया हमला

### – अंतरराष्ट्रीय समुदाय सकारात्मक कदम उठाने की कर रहे मांग

कोलकाता। पड़ोसी देश बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के अपदस्थ होने के बाद शुरू हुई हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। खासतौर पर अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हमलों की घटनाएं लगातार सामने आ रही हैं। अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय के खिलाफ हो रही हमलों की एक और घटना सामने आई है, जिसमें एक भारतीय पर्यटक भी शिकार हो गए। पश्चिम बंगाल के नॉर्थ 24 परगना जिले के बेलघोरिया के निवासी एक पर्यटक ने बताया कि बांग्लादेश में घूमने के दौरान उन पर एक ?हिंसक भीड़ ने हमला किया। उन्हें पहचान के आधार पर हमला किया गया, जब पता चला कि वे भारत से हैं और हिंदू हैं। गहरी चोटें खाकर भारत लौटने की कोशिश करते हुए भारतीय पर्यटक की हालत बहुत खराब हो गई। उन्होंने एंबुलेंस को बुलाया, लेकिन पुलिस ने पहचान पूछी, जिससे मेडिकल सहायता में देरी हुई। बांग्लादेश में बढ़ती हिंसा को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय सकारात्मक कदम उठाने की मांग कर रहे हैं। अंतरिम सरकार के प्रमुख मोहम्मद यूनुस ने हिंसा को रोकने का आश्वासन दिया है, लेकिन वास्तविकता में कार्रवाई की ज़रूरत है। भारत सरकार से भी बड़े स्तर पर इस मामले में कदम उठाने की मांग है, ताकि इस त्रासदी को रोका जा सके और बांग्लादेश के लोगों को सुरक्षित रहने में मदद मिले।

## इसरो श्रीहरिकोटा से प्रोबा-3 मिशन आज करेगा लॉन्च





**`* रॉकेट की ऊंचाई 145.99 फीट और वजन 320 टन होगा**

**मुंबई (एजेंसी)**। नई दिल्ली,(ईएमएस)। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) 4 दिसंबर यानी बुधवार को यूरोपीय स्पेस एजेंसी (ईएसए) के प्रोबा-3 मिशन को लॉन्च करेगा। इस मिशन को श्रीहरिकोटा के सतीश धवन स्पेस सेंटर के लॉन्च पैड से पीएसएलवी-एक्सएल रॉकेट द्वारा लॉन्च किया जाएगा। लॉन्च का समय शाम 4ः08 बजे है,

पीएसएलवी-सी59 रॉकेट की यह उड़ान पीएसएलवी रॉकेट की 61वीं उड़ान होगी, और पीएसएलवी-एक्सएल की 26वीं उड़ान होगी। रॉकेट की ऊंचाई 145.99 फीट और वजन 320 टन होगा। लॉन्च के 26 मिनट बाद, यह रॉकेट प्रोबा-3 सैटेलाइट को 600 गुणा 60,530 किमी की अंडाकार कक्षा में भेजेगा। यह मिशन दुनिया का पहला प्रेसिशन फॉर्मेशन फ्लाइंग सैटेलाइट है, जिसमें दो सैटेलाइट्स शामिल होंगे।

कोरोनाग्राफ स्पेसक्राफ्ट यह सैटेलाइट सूरज की तरफ मुंह करके खड़ा होगा और सूर्य के बाहरी और अंदरूनी कोरोना के बीच के गैप का अध्ययन करेगा। इसमें एएसपीआईआईसीएस और 3डीईईएस जैसे उपकरण होंगे। ऑक्लटर स्पेसक्राफ्ट यह सैटेलाइट कोरोनाग्राफ के पीछे रहेगा और सूर्य के कोरोना से संबंधित डेटा का अध्ययन करेगा। इसमें डीएडीए होगा। प्रोबा-3 मिशन का मुख्य उद्देश्य सूरज के कोरोना की स्टडी करना है, खासकर उसके हाई कोरोना और लो कोरोना के बीच के गैप की स्टडी करना। यह मिशन सूरज के सोलर हवाओं और कोरोनल मास इजेक्शन के बारे में अहम जानकारी देगा, जिससे वैज्ञानिक सौर मौसम और सौर हवाओं की बेहतर समझ हासिल कर सकेंगे। इस मिशन के जरिए वैज्ञानिक यह जानने की कोशिश करेंगे कि सूरज का डायनेमिक्स हमारी पृथ्वी पर किस प्रकार असर डालता है, और कैसे सूरज के बदलाव हमारे वातावरण और अंतरिक्ष मौसम को प्रभावित कर सकते हैं। प्रोबा-3 मिशन इसरो के लिए एक अहम कदम है और इसरो के लिए यह एक नई उपलब्धि भी होगी, क्योंकि इससे अंतरिक्ष और सौर अनुसंधान को नई दिशा मिलेगी।

# क्या रॉबर्ट वाड्रा करेंगे राजनीति में एंट्री, वीडियो शेयर कर कहा-मैं जल्द ज्वाइंन करूंगा

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। वायनाड सांसद प्रियंका गांधी के पति और गांधी परिवार के दामाद रॉबर्ट वाड्रा जल्द राजनीति में एंट्री कर सकते हैं। टीवी न्यूज चैनल से बातचीत का एक पुराना वीडियो को शेयर किया है। इंस्टाग्राम पर शेयर किए गए इस वीडियो के साथ कैप्शन में रॉबर्ट वाड्रा ने लिखा- मैं जल्द ज्वाइंन करूंगा। वीडियो में रॉबर्ट वाड्रा से पूछा गया आप इतना काम करते हैं। सोशल वर्क करते हैं। चुनावी राजनीति में हम रॉबर्ट वाड्रा को देखेंगे क्या? क्योंकि मैडम तो आ ही गई हैं। इसपर रॉबर्ट वाड्रा ने कहा- अभी जो जनता चाहेगी वही होगा। मेरे चाहने से कुछ नहीं होगा। ये प्रियंका गांधी का समय है। मेरा समय नहीं है। मैं प्रियंका के लिए करूंगा। अपने लिए बाद में करूंगा। मैं बहुत खुश हूं कि वायनाड के लोगों ने उन्हें चुनकर सांसद बनाया है।



बता दें प्रियंका गांधी हाल ही में वायनाड से रिकॉर्ड तोड़ मतों से जीतकर लोकसभा सांसद चुनी गई हैं। इससे पहले लोकसभा चुनाव के दौरान रॉबर्ट वाड्रा अमेठी सीट से चुनाव लड़ने का दावा कर चुके हैं। हालांकि कांग्रेस पार्टी ने तब उन्हें टिकट नहीं दिया था। ऐसे में अब देखना है कि वाड्रा का यह बयान कितना सही साबित होता है। बीजेपी पहले ही कांग्रेस पर परिवारवाद का आरोप लगाती रही है।

अगर ऐसा होता है तो बीजेपी को बैठे-बिठाए मुद्दा मिल जाएगा। रॉबर्ट वाड्रा पहले भी कई बार भविष्य में राजनीति में आने की बात कह चुके हैं लेकिन अभी तक इसका औपचारिक ऐलान नहीं हुआ है। उधर, राजनीतिक पंडित कई बार यह साफ कह चुके हैं कि राहुल गांधी नहीं बल्कि प्रियंका गांधी कांग्रेस पार्टी की अगली उत्तराधिकारी साबित हो सकती हैं। ऐसे वक्त पर रॉबर्ट वाड्रा की एंट्री राजनीति में होती है तो पार्टी को इसका नुकसान होना तय है। इसके बावजूद रॉबर्ट वाड्रा अपनी राजनीति को चमकाने में जुटे हैं। प्रियंका गांधी वाड्रा के लोकसभा की सदस्यता ग्रहण करने पर रॉबर्ट वाड्रा ने कहा था कि प्रियंका के सांसद बनने से मेरा सपना हुआ पूरा। मैं भी सक्रिय राजनीति के लिए तैयार हूं। कांग्रेस जब चाहेगी तब मैं भी राजनीति में आ जाऊंगा। बीजेपी जिन मुद्दों को छुपाती है, उन सवालों को प्रियंका संसद में उठाएंगी। एजेंसियों के दुरुपयोग और महिलाओं से जुड़े मसले को प्रियंका गांधी उठाएंगी।

## फडणवीस को लेकर शिंदे के ‘नखरे’ के पीछे ‘दिल्ली में बैठी महाशक्ति’ : संजय राउत

मुंबई (एजेंसी)। शिवसेना (उबाठा) नेता संजय राउत ने स्पष्ट रूप से भाजपा नेतृत्व की ओर इशारा करते हुए दावा किया कि महाराष्ट्र के कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ‘‘दिल्ली में बैठी महाशक्ति’’ के समर्थन से भाजपा नेता देवेंद्र फडणवीस को लेकर ‘‘नखरे’’ और नाराजगी दिखा रहे हैं। नयी दिल्ली में पत्रकारों से बात करते हुए राउत ने महाराष्ट्र में सरकार गठन में हो रही देरी को अराजकतापूर्ण बताया। उन्होंने कहा कि विधानसभा चुनाव के नतीजे घोषित हुए 10 दिन से अधिक हो गए हैं, लेकिन किसी भी पार्टी या गठबंधन ने न तो सरकार बनाने का दावा पेश किया है और न ही अपने विधायकों की सूची दी है। राउत ने कहा कि राज्यपाल ने अभी तक किसी को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित नहीं किया है, लेकिन भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष ने शपथ ग्रहण की तारीख घोषित कर दी है, जो आजाद मैदान में होगी। राज्यसभा सदस्य ने कहा, ‘‘मुझे लगता है कि एकनाथ शिंदे के नखरे और देवेंद्र फडणवीस के खिलाफ नाराजगी के पीछे दिल्ली में बैठी कोई ‘महाशक्ति’ है। महाशक्ति के समर्थन के बिना एकनाथ शिंदे ऐसा कुछ करने की हिम्मत नहीं कर सकते। दिल्ली में सत्ता में बैठे लोगों को नखरे दिखाने की हिम्मत किसी में नहीं है।’’ महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 132 सीट जीती हैं, ऐसे में फडणवीस को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे देखा जा रहा है। भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के महायुति गठबंधन द्वारा 288 विधानसभा सीट में से 230 सीट जीतने के बावजूद, राज्य में सरकार का गठन होना बाकी है।



## सुरक्षा बढ़ाने का ड्रामा, करीबियों ने ही रची स्क्रिप्ट, पप्पू यादव धमकी मामले में बड़ा खुलासा, सांसद ने किया इनकार

**पटना (एजेंसी)**। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव को लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से जान से मारने की धमकी मिलने की खबर पिछले दिनों चर्चा में रही। अब पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया है। हालांकि, पुलिस के मुताबिक गिरफ्तार शख्स ने पूरे घटना को लेकर बड़ा खुलासा किया है। पूछताछ में पता चला कि यह षड़यंत्र सांसद के करीबी लोगों ने रचा था। गिरफ्तार व्यक्ति ने इस बात को स्वीकार किया है कि सांसद के कुछ करीबी लोगों ने उसे सुरक्षा मुहैया कराने के लिए वीडियो बनाने और धमकाने को कहा था। आरोपी को पार्टी में पद देने का प्रलोभन भी दिया गया।

फिलहाल, मामले की आगे जांच हो रही है। गिरफ्तार व्यक्ति का नाम राम बाबू यादव है। वह पहले पप्पू यादव का करीबी भी रहा है और पार्टी का सदस्य भी रहा है। हालांकि, लॉरेंस बिश्नोई गिरोह से उसका कोई संबंध नजर नहीं आ रहा है। लेकिन पप्पू यादव ने इससे साफ तौर पर इनकार किया है। उन्होंने एक्स पर लिखा कि माननीय नीतीश कुमार, आपकी पुलिस मानसिक रूप से दिवालिया हो गई है। वह वही व्यवहार कर रही है



जो दिवंगत कांग्रेस विधायक हेमंत शाही जी को गोली लगने पर तत्कालीन सरकार और प्रशासन ने किया था। उनपर घायल होने की नौटंकी का आरोप लगाया, बाद में इलाजरत हेमंत जी की मृत्यु हो गई थी ! पुनः वही हो रहा है।

उन्होंने एक अन्य ट्वीट में लिखा कि 6 लोगों ने अबतक जान से मारने की धमकी दिया। मलेशिया,पाकिस्तान,नेपाल से धमकी मिली है,उस पर अबतक कार्रवाई क्यों नहीं। अगर किसी ने पैसा देकर धमकी दिलाया है तो पुलिस उसके नाम का खुलासा कर गिरफ़्तार करे! पुलिस किसी के इशारे पर मेरी सुरक्षा से खेल रही है, झूठ फैला हत्यारों को शह दे रही है। गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई गैंग की हिट लिस्ट में शामिल बिहार के पूर्णिया से निर्दलीय लोकसभा सांसद पप्पू यादव को एक और जान से मारने की धमकी मिली है।

व्हाट्सएप के जरिए दी गई यह चेतावनी पाकिस्तान से जुड़े एक नंबर से आई थी, जिसमें धमकी दी गई थी कि यादव को अगले 24 घंटों के भीतर मार दिया जाएगा। संदेश भेजने वाले ने यह भी दावा किया कि उसके गार्ड भी उसकी रक्षा करने में असमर्थ होंगे। धमकी के साथ एक विस्फोट की तस्वीर भी थी। पूर्णिया सांसद पप्पू यादव ने कहा कि इसके पीछे क्या कारण है, वह मुझे क्यों मारना चाहता है, कौन है जो मुझे मरवाना चाहता है? कोई तो होगा जो उसे ढूंढ लेगा। इसकी जिम्मेदारी IB, RAW की है। आप (सरकार) सुरक्षा न दें, कंगना रनौत और अन्य को दें। जांच की जिम्मेदारी निभाएं, क्या हम इस देश के नागरिक नहीं हैं, क्या हम इस देश के कानून और संविधान के लिए खड़े नहीं होते हैं? उन्होंने कहा कि अगर सच बोलने की यही सजा है तो मैं ऐसी सजा हजार बार भुगतने को तैयार हूं।

## सावरकर के परिजनों द्वारा दायर मानहानि की शिकायत के संबंध में पुणे की एक अदालत में पेश नहीं हुए राहुल

**पुणे (एजेंसी)**। कांग्रेस नेता राहुल गांधी संसद के शीतकालीन सत्र के कारण हिंदुत्व विचारक वीडी सावरकर के परिजनों द्वारा उनके खिलाफ दायर मानहानि की शिकायत के संबंध में पुणे की एक अदालत में पेश नहीं हुए। गांधी के वकील मिलिंद पवार ने कहा कि उनके मुवक्किल ने संसद के चल रहे सत्र के कारण पेशी से छूट मांगी थी, उन्होंने कहा कि लोकसभा में विपक्ष के नेता 10 जनवरी को अदालत में उपस्थित होंगे।

सावरकर के पोते सत्यकी सावरकर ने पुणे की एक अदालत में शिकायत दर्ज कराई थी जिसमें दावा किया गया था कि गांधी ने मार्च 2023 में लंदन में अपने भाषण में कहा था कि सावरकर ने एक किताब में लिखा है कि उन्होंने और उनके पांच-छह दोस्तों ने एक बार एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई की थी और उन्हें (सावरकर को) खुशी हुई थी।

याचिका के अनुसार, वीडी सावरकर ने ऐसा कहीं नहीं लिखा है। उस समय, अदालत ने पुलिस से आरोपों की जांच



करने और रिपोर्ट दाखिल करने को कहा था। विश्रामबाग पुलिस ने जांच के बाद कहा कि शिकायत में प्रथम दृष्टया सच्चाई है। 18 नवंबर को संयुक्त सिविल जज और न्यायिक मजिस्ट्रेट (प्रथम श्रेणी) अमोल शिंदे की एमपी/एमएलए की विशेष अदालत ने एक आदेश जारी कर गांधी को 2 दिसंबर को अदालत में पेश होने का निर्देश दिया।

शिकायतकर्ता सत्यकी सावरकर का प्रतिनिधित्व कर रहे अधिवक्ता संग्राम कोल्हटकर ने अदालत से गांधी के खिलाफ गैर जमानती वारंट जारी करने का आग्रह किया, क्योंकि वह तीन मौकों पर अदालत में पेश होने में विफल रहे। कोल्हटकर ने तर्क दिया कि यह अदालत की अवमानना है, क्योंकि गांधी समन मिलने के बावजूद पेश होने में विफल रहे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस नेता के खिलाफ भारतीय दंड संहिता की धारा 174 (लोक सेवक के आदेश का पालन न करना) के तहत कार्रवाई की मांग की गई है।

कोल्हटकर ने बाद में संवाददाताओं को बताया कि अगर वह 10 जनवरी को अदालत में पेश नहीं होते हैं, तो गैर जमानती वारंट जारी किया जाएगा। कोल्हटकर ने 26 नवंबर को राहुल गांधी द्वारा दिए गए भाषण से संबंधित कुछ समाचार कटिंग भी प्रस्तुत कीं, जिसमें राहुल गांधी ने सावरकर के खिलाफ इसी तरह की टिप्पणी की थी। उन्होंने अदालत से गांधी को सावरकर के खिलाफ कोई भी टिप्पणी करने से रोकने के लिए कहा, जिस पर न्यायाधीश शिंदे ने मौखिक रूप से अधिवक्ता पवार से कहा कि वह अपने मुवक्किल से ऐसी टिप्पणी न करने के लिए कहें।

# महिलाओं को समंदर के जहाजों और तटवर्ती संस्थानों में काम करने का मिला मौका

### बदलती तकनीकी के चलते अगली पीढ़ी की लीडरशिप है एक बड़ा चैलेंज

**नई दिल्ली (एजेंसी)**। इंडियन नेवी-डे 4 दिसंबर के उपलक्ष्य में नौसेना चीफ एडमिरल दिनेश त्रिपाठी ने नौसेना की तेजी से बदलती तकनीकी जरूरतों, महिलाओं के योगदान और आगामी पीढ़ी की लीडरशिप के बारे में कहा कि तेजी से बदलती तकनीकी और जियोपॉलिटिकल स्थिति के चलते अगली पीढ़ी की लीडरशिप के लिए यह एक बड़ा चैलेंज है। हम अपने जवानों को तैयार कर रहे हैं ताकि वे किसी भी स्थिति से निपट सकें। हम हमेशा तकनीकी में एक कदम आगे रहने की कोशिश करते हैं, ताकि दुश्मन के पास जो जानकारी हो, वह हमारे पास भी हो।

नौसेना चीफ ने कहा कि महिलाओं के लिए भारतीय नौसेना में हर तरह के रोल खुले हैं, केवल सबमरीन में महिलाओं को शामिल नहीं किया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि हाल ही में शुरू की गई अग्निपथ स्कीम में महिलाओं को समंदर के जहाजों और तटवर्ती संस्थानों में पूरी तरह से काम करने का मौका दिया है और इस प्रक्रिया में कोई भेदभाव नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि जब वे 10वीं क्लास में थे, तो मुंबई में समंदर देख कर उनका मन बदल गया और तब से उनका सपना भारतीय नौसेना में शामिल होने का था। एडमिरल त्रिपाठी ने मर्चेंट नेवी और इंडियन नेवी के अंतर को भी बताया। मर्चेंट नेवी का काम समुद्री व्यापार को सुरक्षित रूप से संचालन करना है, जबकि इंडियन नेवी का मुख्य काम समुद्री सुरक्षा प्रदान करना है। नौसेना चीफ ने बताया कि नेवी में करियर बनाने के कई रास्ते हैं। 12वीं के बाद एनडीए या नेवल अकैडमी से ऑफिसर बनने का मौका है या फिर किसी इंजीनियरिंग कॉलेज से बीटेक करने के बाद एक परीक्षा पास कर नेवी में ऑफिसर बन सकते हैं। इसके अलावा, अग्निपथ स्कीम के तहत भी लोग सेलर के रूप में नेवी में शामिल हो सकते हैं। इस तरह, भारतीय नौसेना ने अपनी ताकत और विविधता को लगातार बढ़ाया है, जिसमें महिलाओं का महत्वपूर्ण योगदान भी शामिल है।



# भारत के जैविक खाद्य उत्पादों का निर्यात 448 मिलियन डॉलर पहुंचा

**- चालू वित्त वर्ष में जैविक खाद्य उत्पादों का निर्यात पिछले वर्ष के आंकड़े को कर सकता है पार**

**नई दिल्ली ।**
केंद्र सरकार ने देश के प्रमुख खाद्य प्रसंस्करण उद्योग के विस्तारित विकास के लिए नवीनतम आंकड़ों की घोषणा की है। वित्त वर्ष 2024-25 के पहले आठ महीनों में भारत ने 447.73 मिलियन डॉलर के जैविक खाद्य उत्पादों का निर्यात किया है। यह आंकड़ा पिछले पूरे वित्त वर्ष में निर्यात किए गए 494.80 मिलियन डॉलर के बहुत करीब है। इस प्रगति के साथ उम्मीद की जा रही है कि चालू वित्त वर्ष में जैविक खाद्य उत्पादों का निर्यात पिछले वर्ष के आंकड़े को पार करेगा। केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री नवनीत सिंह बिट्टू ने एक लिखित उत्तर में यह जानकारी साझा की कि वित्त वर्ष 2023-24 में भारत ने 494.80 मिलियन डॉलर के जैविक खाद्य उत्पादों का निर्यात किया था। मंत्रालय ने जैविक उत्पादों के उत्पादन के लिए उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए कोई विशिष्ट निधि आवंटित नहीं की है, लेकिन वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय के तहत कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) जैविक उत्पादों के निर्यातकों सहित वित्तीय सहायता प्रदान करता है। भारत में राष्ट्रीय जैविक उत्पादन कार्यक्रम के अंतर्गत जैविक प्रमाणित प्रसंस्करण इकाइयों की कुल संख्या 1,016 है, एपीडा ने जानकारी प्रदान की। सितंबर में, एपीडा ने ग्लोबल रिटेल चेन लुलु ग्रुप इंटरनेशनल (एलएलसी) के साथ साझेदारी की घोषणा की है। इस साझेदारी के तहत भारतीय जैविक उत्पादों की एक विस्तृत श्रृंखला को यूएई में ले जाने का भी निर्णय लिया गया है। एपीडा किसान उत्पादक संगठनों, किसान उत्पादक कंपनियों, सहकारी समितियों, और लुलु समूह सहित जैविक उत्पादकों के बीच कनेक्शन के लिए काम कर रहा है ताकि भारत के जैविक उत्पाद वैश्विक बाजार में पहुंच सकें।

## देश के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल हुआ सस्ता

**- ब्रेंट क्रूड का भाव गिरावट के साथ 71.83 डॉलर प्रति बैरल हुआ**

**नई दिल्ली ।**
कच्चे तेल की कीमतों में गिरावट का असर मंगलवार को देश के ज्यादातर शहरों में पेट्रोल-डीजल की खुदरा कीमतों पर भी दिख रहा है। सरकारी तेल कंपनियों ने देश के कई शहरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कटौती की है। वैसे दिल्ली-मुंबई सहित देश के चारों महानगरों में तेल की कीमतों में मंगलवार को भी कोई बदलाव नहीं हुआ है। सरकारी तेल कंपनियों के अनुसार यूपी के गाजियाबाद जिले में पेट्रोल 14 पैसे महंगा होकर 94.58 रुपये लीटर है। डीजल भी 16 पैसे चढ़ा और 87.67 रुपये लीटर पहुंच गया है। यूपी की राजधानी लखनऊ में पेट्रोल 10 पैसे सस्ता हो गया और 94.69 रुपये लीटर बिक रहा, जबकि डीजल 11 पैसे फिसलकर 87.81 रुपये लीटर हो गया है। बिहार की राजधानी पटना में पेट्रोल 37 पैसे टूटकर 105.23 रुपये लीटर तो डीजल 34 पैसे गिरकर 92.09 रुपये लीटर बिक रहा है। कच्चे तेल की कीमतों में भी बड़ी गिरावट दिख रही है। ब्रेंट क्रूड का भाव गिरने के साथ 71.83 डॉलर प्रति बैरल पहुंच गया है। डब्ल्यूटीआई भी टूटकर 68.16 डॉलर प्रति बैरल हो गया है। वहीं दिल्ली में पेट्रोल 96.65 रुपये और डीजल 89.82 रुपये प्रति लीटर, मुंबई में पेट्रोल 106.31 रुपये और डीजल 94.27 रुपये प्रति लीटर, चेन्नई में पेट्रोल 102.63 रुपये और डीजल 94.24 रुपये प्रति लीटर, कोलकाता में पेट्रोल 106.03 रुपये और डीजल 92.76 रुपये प्रति लीटर है। वहीं गाजियाबाद में पेट्रोल 94.58 रुपये और डीजल 87.67 रुपये प्रति लीटर हो गया है। लखनऊ में पेट्रोल 94.69 रुपये और डीजल 87.91 रुपये प्रति लीटर हो गया है। पटना में पेट्रोल 105.23 रुपये और डीजल 92.09 रुपये प्रति लीटर हो गया है।

## अर्थव्यवस्था में तेजी से नवंबर में पेट्रोल, डीजल, जेट ईंधन की अधिक बिक्री हुई

**- त्योहारी महीने में ईंधन की मांग बढ़ने से पेट्रोल बिक्री 8.3 प्रतिशत बढ़ी**

**नई दिल्ली ।**
भारत में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियों द्वारा जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार इस साल नवंबर में पेट्रोल, डीजल और जेट ईंधन की बिक्री में पिछले साल की समान अवधि की तुलना में बढ़ोतरी हुई है। यह वृद्धि देश में आर्थिक गतिविधियों के उच्च स्तर को दर्शाती है। त्योहारी महीने में ईंधन की मांग में वृद्धि के कारण इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम की पेट्रोल बिक्री नवंबर में 8.3 प्रतिशत बढ़कर 3.1 मिलियन टन हो गई।

जिसकी तुलना में पिछले साल इसी महीने में 2.86 मिलियन टन की खपत हुई थी। ईंधन की बिक्री में सरकारी स्वामित्व वाली इन दिग्गज कंपनियों का हिस्सा 90 प्रतिशत से अधिक है।

इसी तरह राजमार्गों पर माल की आवाजाही बढ़ने और रबी फसल की बुवाई के मौसम के दौरान कृषि क्षेत्र की बढ़ती मांग के कारण नवंबर के दौरान डीजल की खपत 5.9 प्रतिशत बढ़कर 7.2 मिलियन टन हो गई। वहीं देश में हवाई यात्रा में वृद्धि के कारण नवंबर के दौरान जेट ईंधन (एटीएफ) की बिक्री में सालाना आधार पर 3.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 6,50,900 टन हो गई।

अक्टूबर में 6,36,100 टन ईंधन की बिक्री की तुलना में यह मासिक आधार पर 2.3 प्रतिशत अधिक थी।

सरकार द्वारा गरीबों के कल्याण के लिए शुरू की गई विभिन्न योजनाओं के तहत अधिक घरों ने रसोई गैस का उपयोग करना शुरू कर दिया है, इसके परिणामस्वरूप नवंबर में एलपीजी की बिक्री भी सालाना आधार पर 7.3 प्रतिशत बढ़कर 2.76 मिलियन टन हो गई। इसके अलावा आर्थिक गतिविधि में वृद्धि नवंबर में जीएसटी संग्रह में उछाल से भी देखी जा सकती है, जो 8.5 प्रतिशत बढ़कर 1.8 लाख करोड़ रुपये हो गई। वित्त मंत्रालय की मासिक आर्थिक समीक्षा में भी आर्थिक गतिविधि के कई हाई-फ्रीक्वेंसी इंडिकेटर में भी उछाल की जानकारी मिलती है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद की वृद्धि दर के पूर्वानुमान को 7.2 प्रतिशत पर बरकरार रखा है।

## नवंबर में घरेलू बाजार में कारों और एसयूवी की बिक्री में बढ़ोतरी

**-प्रमुख कंपनियों का बेहतरीन प्रदर्शन, ऑटो उद्योग के लिए सकारात्मक संकेत**

**नई दिल्ली।**
घरेलू बाजार में नवंबर महीने में कारों और एसयूवी की बिक्री में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। प्रमुख कंपनियों जैसे मारुति सुजुकी, टाटा मोटर्स और टोयोटा किर्लोस्कर ने अपने थोक बिक्री आंकड़ों में बढ़ोतरी दर्ज की है, जो भारतीय ऑटो उद्योग के लिए सकारात्मक संकेत हैं। मारुति सुजुकी ने नवंबर 2023 में 1,41,312 यूनिट्स की घरेलू यात्री वाहन बिक्री की, जो पिछले साल की इसी अवधि में 1,34,158 यूनिट्स से ज्यादा है। खासकर एसयूवी सेगमेंट में रिकॉर्ड वृद्धि हुई है। मारुति के पॉपुलर मॉडल जैसे ब्रेजा, ग्रैंड विटारा और जिम्नी की बिक्री में वृद्धि देखी गई और यह नवंबर 2023 में 49,016 यूनिट्स से बढ़कर 59,003 यूनिट्स हो गई। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने नवंबर 2024 में 25,586 यूनिट्स की मासिक बिक्री की जो पिछले साल इसी माह में बेची गई 17,818 यूनिट्स से 44 फीसदी ज्यादा है। कंपनी ने 1,140 यूनिट्स का निर्यात भी किया। टीकेएम के वाइस प्रेसिडेंट ने बताया कि कंपनी ने अपनी उत्पाद रेंज में विविधता लाते हुए हैचबैक से लेकर एसयूवी तक के वाहन पेश किए हैं, जो कई ग्राहकों की लाइफस्टाइल के मुताबिक उपयुक्त हैं। टाटा मोटर्स ने नवंबर 2024 में 47,117 यूनिट्स की यात्री वाहनों की बिक्री दर्ज की, जो सालाना आधार पर 2 फीसदी बढ़ोतरी को दर्शाता है। हालांकि, वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री में 1 फीसदी की गिरावट आई, जो 27,636 यूनिट्स रही। नवंबर 2024 में टाटा मोटर्स की कुल वाहन बिक्री बढ़कर 74,753 यूनिट्स हो गई, जबकि पिछले साल यह आंकड़ा 74,172 यूनिट्स था। हुंडई मोटर इंडिया लिमिटेड (एचएमआईएल) ने नवंबर में 61,252 यूनिट्स की कुल बिक्री की, जिसमें से 48,246 यूनिट्स घरेलू बिक्री के थे और 13,006 यूनिट्स का निर्यात किया गया। हालांकि, कंपनी की कुल बिक्री में मामूली गिरावट आई है। एचएमआईएल के सीईओ ने बताया कि कंपनी ने एसयूवी सेगमेंट में अपनी स्थिति मजबूत करने पर ध्यान केंद्रित किया था और इस सेगमेंट ने घरेलू बिक्री में 68.8 फीसदी का योगदान दिया। इसके अलावा, कंपनी की ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंच भी मजबूत हुई, जहां नवंबर में बिक्री का 22.1 फीसदी हिस्सा आया। नवंबर के आंकड़े दर्शाते हैं कि भारतीय ऑटो उद्योग में बढ़ोतरी बनी हुई है और कंपनियां अपनी बिक्री को बढ़ाने के लिए कई सेगमेंट में नयापन ला रही है।

# नया जीएसटी स्लैब से ठंडे पेय पदार्थों, तंबाकू उत्पादों पर बढ़ा सकता है टैक्स

**– वर्तमान में तंबाकू उत्पादों पर लगता है 28 प्रतिशत का टैक्स**

**नई दिल्ली ।**
मंत्रियों के समूह ने तंबाकू, तंबाकू उत्पादों और ठंडे पेय के लिए एक नया जीएसटी स्लैब की सिफारिश की है, जिससे इन पदार्थों पर 35 प्रतिशत का टैक्स लग सकता है। वर्तमान में इन उत्पादों पर 28 प्रतिशत का टैक्स लगता है। इसके साथ ही लक्जरी वस्तुओं पर भी टैक्स में वृद्धि की सिफारिश की गई है। 21 दिसंबर को आंध्रप्रदेश में होने वाली जीएसटी परिषद की बैठक में इस मामले पर चर्चा होने की उम्मीद है। इस बैठक में अन्य मुद्दों पर विचार-विमर्श किया जाएगा, जिसमें 18 प्रतिशत से बढ़ाकर 28 प्रतिशत करने की सिफारिश भी शामिल है। सरकार को अतिरिक्त राजस्व मिलने की उम्मीद है जिससे इसे विपणन और विक्रय में वृद्धि की जाए। जीएसटी परिषद की अगली बैठक में इसकी समीक्षा की जाएगी, जहां नई स्लैब संरचना पर भी विचार होगा। जीओएम ने अभ्यास पुस्तकों और पैकेज्ड पेयजल पर टैक्स कम करने की सिफारिश दी है, जो सामान्य जनता के आवश्यक उत्पादों के लिए काफी भविष्यवाणी है। इसके साथ ही उन्होंने भी संशोधित स्लैब जारी की है जिसमें किसी भी कपड़े की मूल्य 10,000 रुपये से कम है तो 5 प्रतिशत, 10,000 रुपये से अधिक लेकिन 1,500 रुपये तक के उत्पादों पर 18 प्रतिशत और 10,000 रुपये से अधिक की किमत वाले उत्पादों पर 28 प्रतिशत का टैक्स लगाने की सिफारिश की है। इन सुझावों से मानव जीवन की आवश्यकताओं पर किया जा रहा कर बोझ कम होने की उम्मीद है, जिससे नागरिकों को आर्थिक हरकत में सुधार मिल सके।

## रुपया बढ़त पर बंद

**मुंबई ।**



अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को रुपया पांच पैसे की बढ़त पर बंद हुआ। इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों में अमेरिकी मुद्रा की मजबूती और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी की वजह से निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई जिससे रुपया मंगलवार को शुरुआती कारोबार में चार पैसे की गिरावट के साथ अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.76 प्रति डॉलर पर पहुंच गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि रुपये में गिरावट की मुख्य वजह डोनाल्ड ट्रंप की ब्रिक्स मुद्रा को लेकर दी गई चेतावनी, यूरोक्षेत्र में राजनीतिक अस्थिरता, कमजोर घरेलू समष्टि आर्थिक संकेतक और निरंतर विदेशी पूंजी की निकासी रही। रुपया सोमवार को 12 पैसे की गिरावट के साथ अपने सर्वकालिक निचले स्तर 84.72 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.07 फीसदी की बढ़त के साथ 106.51 पर रहा।



## अमेरिका ने चीन की और कंपनियों पर कसी लगाम

**कंप्यूटर चिप, चिप बनाने के उपकरण तथा सॉफ्टवेयर बनाने वाली कई कंपनियां शामिल**

**बैंकॉक ।** अमेरिका के वाणिज्य मंत्रालय ने अपनी निर्यात नियंत्रण पहल का विस्तार करते हुए चीन की और कंपनियों पर लगाम कसने की तैयारी कर ली है। इसमें कंप्यूटर चिप, चिप बनाने के उपकरण तथा सॉफ्टवेयर बनाने वाले उपकरण बनाने वाली कई कंपनियां शामिल हैं। इस तथाकथित इकाई सूची में शामिल की गई 140 कंपनियों में से करीब सभी चीन में स्थित हैं। हालांकि जापान, दक्षिण कोरिया और सिंगापुर में चीनी स्वामित्व वाली कुछ कंपनियों को भी इसमें शामिल किया गया है। इन कंपनियों के इकाई सूची में शामिल होने से तात्पर्य है कि इनके साथ व्यापार करने की कोशिश करने वाली किसी भी अमेरिकी कंपनी को निर्यात लाइसेंस देने से इनकार कर दिया जाएगा। संशोधित नियम सोमवार को अमेरिकी संघीय रजिस्टार की वेबसाइट पर साझा किए गए। नियम चीन को उच्च बैंडविड्थ मेमोरी चिप के निर्यात को भी सीमित करते हैं। कृत्रिम मेधा जैसे उन्नत अनुप्रयोगों में भारी मात्रा में डेटा को संसाधित करने के लिए ऐसी चिप की आवश्यकता होती है। चीन के वाणिज्य मंत्रालय ने इसका विरोध जताया और कहा कि वह अपने 'अधिकारों और हितों की रक्षा के लिए काम करेगा।

## एचडीएफसी बैंक के शेयरों में ब्लॉक डील से मार्केट कैप नए ऊंचाई पर

**- डील में 21.7 लाख शेयरों का लेनदेन हुआ**

**मुंबई ।** एचडीएफसी बैंक के शेयरों में एक बड़ी ब्लॉक डील की खबर आई है। ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, इस डील में 21.7 लाख शेयरों का लेनदेन हुआ, जिसके कारण शेयर की कीमत 1,837.40 रुपए तक पहुंच गई, जो एक नया ऑल-टाइम हाई है। इससे बैंक का मार्केट कैप एक बार फिर 14 लाख करोड़ के पार पहुंच गया। ब्लॉक डील के पहले 12 महीनों के प्रदर्शन के आधार पर बैंक के शेयर ने करीब 14 फीसदी का रिटर्न दिया है, जो निफ्टी के 18 फीसदी के रिटर्न से कुछ कम है। मुख्य वजह समेत, 25 नवंबर को एमएससीआई इंडेक्स में रीबैलेंसिंग के बाद बैंक के वेटेज में बढ़ोतरी हुई थी और इसके बाद बैंक में 1.88 अरब डालर का पैसिव निवेश भी आया था। एचडीएफसी बैंक के शेयर बाजार में मजबूत मोमेंटम दर्ज कर रहे हैं और श्रेष्ठता के मान्यता देते हुए विशेषज्ञों का मानना है कि रीबैलेंसिंग और मजबूत फंडामेंटल्स के कारण बैंक के शेयर में और भी तेजी आ सकती है। वर्तमान मे एचडीएफसी बैंक के साझेदार और निवेशकों के लिए यह सुनहरा समय हो सकता है।

## भारतीय रिजर्व बैंक ने निष्क्रिय खातों को लेकर जताई नाराजगी

**आरबीआई ने बैंकों को निष्क्रिय खातों को तत्काल सक्रिय करने के दिए निर्देश**

**नई दिल्ली ।** भारतीय रिजर्व बैंक ने हाल ही में बैंकों को चेतावनी दी है कि वे निष्क्रिय खातों की संख्या कम करें और उन्हें तत्काल सक्रिय करें। इस निर्देश के पीछे का कारण है रिजर्व बैंक की चिंता की बढ़ती मात्रा पर जिसमें निष्क्रिय खातों में पड़ी धनराशि की बढ़ती संभावना मानी जा रही है। वे बैंकों से प्राथमिकता के साथ ऐसे निष्क्रिय खातों को सक्रिय करने की मांग कर रहे हैं। निष्क्रिय खातों से संबंधित समस्याओं को उजागर करने वाले आरबीआई के पर्यवेक्षण विभाग के एक विश्लेषण से पता चला है कि कई बैंकों में निष्क्रिय या फ्रीज खातों में निरपेक्ष रूप से अधिक धनराशि जमा हो रही है जिससे बैंकों को संदेह हो रहा है। इन खातों में बड़ी संख्या सरकारी योजनाओं के लाभ वाले लाभार्थियों के खातों की है, जो डीबीटी से जुड़े हैं। आरबीआई ने बैंकों को विभिन्न उपायों के साथ खाताधारकों को सक्रिय करने का निर्देश दिया है। उन्होंने बैंकों को निष्क्रिय/जमा किए गए खातों की संख्या कम करने के लिए तत्काल कदम उठाने की सलाह दी है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने सुझाव दिया है कि बैंक मोबाइल/इंटरनेट बैंकिंग, विभिन्न शाखाओं और वीडियो ग्राहक पहचान प्रक्रिया के माध्यम से खाताधारकों का केवाईसी निर्बाध अद्यतन करने का मार्गदर्शन दिया है।

## नवंबर में बेरोजगारों की संख्या 34 लाख घटी

**- पांच लाख को ही मिला रोजगार**

नई दिल्ली ।
देश में बेरोजगारी दर में नवंबर महीने में थोड़ी कमी देखने का अनुमान है, लेकिन बेरोजगारों की संख्या में एक बड़ी गिरावट आई है। अक्टूबर महीने में देश में 8.7 फीसदी बेरोजगारी दर थी, जो नवंबर में 8 फीसदी हो गई है। एक रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर में बेरोजगारों की संख्या में 34 लाख की गिरावट देखने को मिली है। केवल 5 लाख लोगों को ही रोजगार मिल पाया। इस डेटा के मुताबिक, श्रम बाजार गिरावट के बावजूद ठंडा पड़ गया है। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इसमें त्योहारों का असर भी हो सकता है। नवंबर महीने में करीब 29 लाख लोगों ने श्रम बाजार छोड़ दिया। देश में अक्टूबर महीने में 3.97 करोड़ बेरोजगार थे, जो नवंबर में 3.62 करोड़ रह गई है। बेरोजगारी से ग्रस्त लोगों में से 30 लाख लोगों ने रोजगार की तलाश बंद कर दी है, लेकिन इन्हें फिर से रोजगार मिलने की उम्मीद है। दिसंबर में अतिरिक्त रोजगार देने की उम्मीद है, लेकिन बेरोजगारी दर का अधिक होने का खतरा भी बना रहेगा। देश में बेरोजगारी दर अक्टूबर में 8.7 फीसदी के उच्च स्तर पर पहुंचने के बाद नवंबर, 2024 में घटकर 8 फीसदी रह गई। इस दौरान बेरोजगारों की संख्या में 34 लाख की बड़ी गिरावट देखने को मिली, जबकि रोजगार सिर्फ पांच लाख लोगों को ही मिला। रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले माह घटने के बावजूद बेरोजगारी दर अब भी अधिक है। नवंबर लगातार दूसरा महीना रहा, जब बेरोजगारी दर 8 फीसदी या उससे अधिक रही है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई ।**
भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को बढ़त पर बंद हुआ। बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीददारी हावी रहने से आया है। बैंकिंग, मेटल के अलावा तेल कंपनियों के शेयरों में तेजी से भी बाजार को बल मिला। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 597.67 अंक करीब 0.74 फीसदी बढ़कर 80,845.758 पर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 181.10 अंक तकरीबन 0.75 फीसदी ऊपर आकर 24,457.15 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 25 शेयर बढ़त पर बंद हुए। अदाणी पोर्ट्स, एनटीपीसी, एक्सिस बैंक, एसबीआई और एलएंडटी सेंसेक्स के सबसे अधिक लाभ वाले पांच शेयर रहे। इसके अलावा, अल्ट्राटेक सीमेंट, टाटा मोटर्स, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस, एचसीएल टेक, इंडसइंड बैंक, बजाज फिनसर्व, टीसीएस, टाइटन, जेएसडब्लयू स्टील, पावर ग्रिड, इंफोसिस, एमएंडएम, बजाज फाइनेंस, नेस्ले इंडिया, आईसीआईसीआई बैंक, टेक महिंद्रा, एचयूएल, टाटा स्टील, मारुति के शेयर भी उछले। इसी प्रकार से, निफ्टी के 41 शेयरों में तेजी रही , जबकि 9 शेयर नीचे आये।




वहीं दूसरी ओर सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 5 शेयर लाल निशान पर बंद हुए। भारती एयरटेल, आईटीसी, एशियन पेंट्स, सन फार्मा और कोटक बैंक सेंसेक्स के नुकसान वाले पांच शेयर रहे। आज कारोबार के दौरान व्यापक बाजारों में, बीएसई मिडकैप और स्मॉलकैप सूचकांकों में 1 फीसदी की बढ़ोतरी हुई। जबकि निफ्टी मिडकैप100 और निफ्टी स्मॉलकैप100 इंडेक्स क्रमशः 0.89 फीसदी और 0.84 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए। निफ्टी एफएमसीजी और फार्मा को छोड़कर सभी सेक्टोरल इंडेक्स हरे निशान में बंद हुए। निफ्टी पीएसयू बैंक और मीडिया इंडेक्स 2 फीसदी से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। इसके बाद बैंक निफ्टी, ओएमसी और मेटल इंडेक्स सभी 1 फीसदी की बढ़त के साथ बंद हुए।

एशियाई बाजारों में सियोल, टोक्यो, शंघाई और हांगकांग बढ़त पर बंद हुए जबकि यूरोपीय बाजार लाभ में कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजारों में सोमवार को बढ़त रही।

वहीं पिछले कारोबारी सत्र यानी सोमवार को भारतीय शेयर बाजार लगातार दूसरे दिन बढ़त के साथ बंद हुए थे।

इससे पहले आज सुबह बाजार की शुरुआत बढ़त के साथ हुई। दोनों प्रमुख इंडेक्स सेंसेक्स और निफ्टी में बढ़त देखने को मिली। सेंसेक्स 281 अंक के उछाल के साथ 80,529.20 अंक पर खुला। इसी तरह निफ्टी भी 91.45 अंक की तेजी के साथ 24,367.50 के लेवल पर खुला।

# मोबाइल मैलवेयर हमलों के मामले में भारत सबसे आगे: रिपोर्ट

**- जून 2023 से मई 2024 के बीच कुल हमलों में से 28 फीसदी हमले भारत में हुए**

**नई दिल्ली ।**
भारत में मोबाइल मैलवेयर हमले बढ़ रहे हैं, जो एक चिंताजनक विकास है। एक रिपोर्ट के अनुसार इस समय भारत मोबाइल मैलवेयर हमलों का सबसे बड़ा निशाना बन गया है। जून 2023 से मई 2024 के बीच कुल हमलों में से 28 फीसदी हमले भारत में हुए हैं, जो काफी चिंताजनक है। रिपोर्ट बताती है कि बैंकिंग मैलवेयर हमलों में 29 फीसदी की वृद्धि और मोबाइल स्पाइवेयर हमलों में 111 फीसदी की चौंका देने वाली वृद्धि हुई है। इससे दिखता है कि साइबर खतरे भारत में तेजी से बढ़ रहे हैं। भारतीय उद्यमों के लिए इस बढ़ते संकट का सामना करना महत्वपूर्ण है। एक रिपोर्ट के अनुसार लीगेसी सिस्टम और असुरक्षित आईओटी/ओटी परिवेश साइबर अपराधियों का मुख्य निशाना बन रहे हैं। इसलिए उद्यमों को अपने सुरक्षा ढांचे को मजबूत करने की जरूरत है ताकि उन्हें साइबर हमलों से बचाया जा सके। चिंताजनक बात यह है कि गूगल प्ले स्टोर पर 200 से अधिक खतरनाक ऐप थे जो संकेत करते हैं कि सुरक्षा के मामले में हमें और भी सतर्क रहना चाहिए। आईओटी मैलवेयर में भी 45 फीसदी की वृद्धि होना भी गंभीर बात है, जो साइबर खतरों की चुनौतियों को दिखाता है। भारत को लेन-देन सुरक्षा में सुधार करने की जरूरत है ताकि उन्हें साइबर




अपराधों से निपटने में मदद मिल सके। यहाँ तक कि भारत ने एपीएसी क्षेत्र में भी अपनी स्थिति सुधारी है, जो एक सकारात्मक वातावरण बनाने के लिए एक अच्छा उदाहरण है।

## एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी के शेयरों ने शेयर बाजार में जबरदस्त प्रदर्शन किया

**- शेयर 10 फीसदी की तेजी के साथ 142.10 रुपए पर पहुंच गए**

**मुंबई ।**
हाल ही में लिस्ट हुई कंपनी एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड के शेयरों ने शेयर बाजार में जोरदार प्रदर्शन किया है। बीएसई पर मंगलवार को शेयर 10 फीसदी की तेजी के साथ 142.10 रुपए पर पहुंच गए, जो कंपनी के लिस्टिंग के बाद का सबसे बड़ा उछाल है। 27 नवंबर को लिस्टिंग के बाद यह पहला मौका है जब कंपनी के शेयरों में अपर सर्किट लगा। सोमवार को शेयर 129.20 रुपए पर बंद हुए थे, जिससे निवेशकों को मिले शानदार रिटर्न। शेयर अब तक 31 फीसदी की वृद्धि दर्ज कर चुके हैं। ग्रीन एनर्जी सेक्टर में बढ़ते निवेश और कंपनी की मजबूत स्थिति के कारण विश्लेषकों का मानना है कि कंपनी के शेयरों में और भी तेजी जारी रह सकती है। एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी का बाजार पूंजीकरण 1.19 लाख करोड़ रुपए के पार चला गया है, जो दर्शाता है कि इसकी मान्यता बाजार में बढ़ती जा रही है। शेयर के स्थिर ग्रोथ और निवेशकों के विश्वास के साथ, एनटीपीसी ग्रीन एनर्जी ने अपने आईपीओ से कुल 10,000 करोड़ रुपए जुटाए थे, जो इसके भविष्य की रोशनी में और भी उजागर करता है। शेयर के आने वाले दिनों में और भी बढ़ती मांग का आगामी मंज़र नजर आ रहा है।

# हैदराबाद के खिलाफ तीन अंक बटोरकर फॉर्म बरकरार रखना चाहेगी एफसी गोवा



## ऑस्ट्रेलियाई डेविस कप के दिग्गज नील फ्रेजर का 91 वर्ष की आयु में निधन

एजेंसी। नई दिल्ली

ऑस्ट्रेलियाई डेविस कप चैंपियन नील फ्रेजर, जिन्होंने चार बार डेविस कप जीता और ग्रैंड स्लैम में ट्रिपल क्राउन - एकल, युगल और मिश्रित युगल खिताब जीतने वाले अंतिम खिलाड़ी थे- का 91 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। फ्रेजर के परिवार में उनकी पत्नी थिया हैं। ऑस्ट्रेलियाई दिग्गज ने अपने शानदार करियर में ग्रैंड स्लैम में एकल और युगल दोनों में 19 खिताब जीते, लेकिन यह डेविस कप था जिसने उन्हें खेल का दिग्गज बना दिया। उन्होंने अपने देश को लगातार चार डेविस कप खिताब (1959, 1960, 1961, 1962) दिलाए और 24 वर्षों तक गैर-खिलाड़ी कप्तान रहे। उन्हें 1984 में इंटरनेशनल टेनिस हॉल ऑफ फेम और 10 साल बाद ऑस्ट्रेलियाई टेनिस हॉल ऑफ फेम में शामिल किया गया था। 2008 में, फ्रेज़र को टेनिस में उत्कृष्ट उपलब्धि के लिए आईटीएफ के फिलिप चैटरियर पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। टेनिस ऑस्ट्रेलिया ने एक बयान में कहा, उन्होंने मेलबर्न में अपने बचपन के घर के बगल में क्ले कोर्ट पर खेलना सीखा और बाएं हाथ की शानदार सर्विस के आधार पर एक खेल विकसित किया। एक क्रिकेट प्रशंसक के रूप में उन्होंने देखा कि कैसे लेग-स्पिन गेंदबाज अपनी कलाइयों को घुमाकर गेंद को अलग-अलग दिशाओं में घुमाते थे और उन्होंने अपनी सर्विस के लिए इस 'गुगली' दृष्टिकोण को अपनाया।

### नील फ्रेजर की करियर उपलब्धियां

- **सर्वोच्च विश्व रैंकिंग :** 1959 में नंबर 1
- **डेविस कप**

**खिलाड़ी :** 1955–1963 : 18 जीत, 3 हार (11–1 एकल, 7–2 युगल)

**कप्तान :** 1970–1993 : 49 जीत, 19 हार (1973, 1977, 1983, 1986 में खिताब)

ग्रैंड स्लैम खिताब (19)

- **एकल**

**विंबलडन :** 1960

**संयुक्त राज्य अमेरिका :** 1959, 1960

- **युगल**

**ऑस्ट्रेलिया :** 1957, 1958, 1962

**रोलैंड गैरोस :** 1958, 1960, 1962

**विंबलडन :** 1959, 1961

**संयुक्त राज्य अमेरिका :** 1957, 1959, 1960

- **मिश्रित**

**ऑस्ट्रेलिया :** 1956

**विंबलडन :** 1962

**संयुक्त राज्य अमेरिका :** 1958, 1959, 1960

---

एजेंसी। हैदराबाद

## मैनोलो मार्कुएज के गौर्स हैदराबाद एफसी के खिलाफ तीन अंक बटोरकर फॉर्म बरकरार रखना चाहेंगे

हैदराबाद एफसी अपने घरेलू मैदान जीएमसी बालायोगी एथलेटिक स्टेडियम में अपनी दो पिछली हार का सिलसिला तोड़ना चाहेगी, जब वो बुधवार शाम इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में मैनोलो मार्कुएज की एफसी गोवा से भिड़ेगी। मार्कुएज ने 2021-22 में हैदराबाद एफसी को आईएसएल कप जिताया था और फिर गोवा में गौरवशाली दिनों को वापस लाने के लिए गौर्स के साथ जुड़ गए। एफसी गोवा नौ मैचों में चार जीत, तीन ड्रा और दो हार से 15 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर है। वहीं, हैदराबाद एफसी नौ मैचों में दो जीत, एक ड्रा और छह हार से सात अंक लेकर तालिका में 11वें स्थान पर है। एफसी गोवा ने पिछले मैच में केरला ब्लास्टर्स एफसी को अपने घरेलू मैदान पर 1-0 से हराया था जबकि हैदराबाद एफसी को आइलैंडर्स के हाथों 0-1 से हारी थी। इस सीजन में हैदराबाद एफसी अपने घरेलू स्टेडियम में खेले सभी तीनों मैचों में हारी है। हैदराबाद ने अब तक सेट पीस से तीन गोल खाए हैं, जो सभी टीमों में संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा है। इसके उलट, एफसी गोवा ने अब तक कॉर्नर से एक भी गोल नहीं खाया है। गोवा ने इस सीजन में प्रति मैच 161.1 फॉरवर्ड पास किए हैं जो हैदराबाद एफसी के 141.9 पासों से लगभग 19 अधिक है। अब तक उनके 17 गोलों से पता चलता है कि वे ऐसा करने में भी सफल रहे हैं। गोवा ने हैदराबाद एफसी के खिलाफ अपने पिछले दो मैच क्लीन शीट रखते हुए जीते हैं। अगर वे कल जीतते हैं, तो यह लीग में हैदराबाद के खिलाफ उनकी सबसे लंबी जीत का सिलसिला होगा। हैदराबाद एफसी के हेड कोच थांगबोई सिंग्टो को उम्मीद है कि एफसी गोवा के खिलाफ उनकी टीम अपने आक्रामक प्रदर्शन में सुधार करके माकूल परिणाम हासिल करेगी।



### मैं आंकड़ों का बहुत बड़ा प्रशंसक नहीं हूं

थांगबोई सिंग्टो ने कहा, "मैं आंकड़ों का बहुत बड़ा प्रशंसक नहीं हूं क्योंकि लेकिन आंकड़े बताते हैं कि मोहम्मडन और केरला ब्लास्टर्स के खिलाफ खेलते समय विपक्षी बॉक्स में हमारी एंट्री बहुत अधिक थी। यह दर्शाता है कि हमें गेंद को विपक्षी बॉक्स में अधिक से अधिक रखना होगा। हमारे पास रचनात्मक और तेज-तर्रार खिलाड़ी हैं, जो मौके बना सकते हैं और टारगेट पर शॉट ले सकते हैं; कल यही लक्ष्य होगा।" एफसी गोवा के स्पेनिश हेड कोच मैनोलो मार्कुएज ने गौर्स को आगाह किया कि वो हालिया जीतों से उत्साहित न हों, बल्कि एक समय में एक मैच पर ध्यान दें, ताकि जीतने की संभावनाएं अधिकतम हो सकें। उन्होंने कहा, "जब आप लगातार जीतते हैं, तो लोग आपको सर्वश्रेष्ठ कहते हैं, और जब आप लगातार हारते हैं, तो 'घर जाओ, अपने देश वापस जाओ' के नारे लगते हैं। यही फुटबॉल है, हम जीतने पर बहक नहीं सकते और हारने पर निराश नहीं हो सकते। हम लगातार नौ अंक लेकर अच्छी स्थिति में हैं। यह बेहद प्रतिस्पर्धी लीग है, लेकिन हमें आगे बढ़ते रहना है, एकाग्रता के साथ तैयारी करनी है।" बता दें कि ये दोनों टीमें आईएसएल में 10 बार भिड़ी हैं, जिनमें एफसी गोवा और हैदराबाद एफसी क्रमश: पांच और तीन बार जीती हैं। दो मैच ड्रा रहे हैं।

मार्कुएज ने 2021-22 में हैदराबाद एफसी को आईएसएल कप जिताया था

एफसी गोवा नौ मैचों में चार जीत, तीन ड्रा और दो हार से 15 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर

एफसी गोवा ने पिछले मैच में केरला ब्लास्टर्स एफसी को अपने घरेलू मैदान पर 1-0 से हराया था

---

## पैर की चोट के कारण विक्टर बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल से बाहर



**नई दिल्ली।** डेनिश बैडमिंटन स्टार विक्टर एक्सेलसेन 13 से 17 दिसंबर, 2024 तक हांगझू, चीन में खेले जाने वाले बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल में हिस्सा नहीं लेंगे। एक्सेलसेन ने सोशल मीडिया पर उक्त घोषणा की। एक्सेलसेन ने एक्स पर लिखा, "दुर्भाग्य से मैं इस दिसंबर में एचएसबीसी वर्ल्ड टूर फ़ाइनल में भाग लेने में असमर्थ हूँ। मैं अपने बाएं पैर में चोट से जूझ रहा हूं, जिससे मुझे कई समस्याएं हो रही हैं और दीर्घकालिक समस्याओं से बचने के लिए मुझे तुरंत इससे निपटने की सलाह दी गई है।" दो बार के विश्व चैंपियन एक्सेलसेन ने इस साल जुलाई में ओलंपिक खेलों में अपने पुरुष एकल स्वर्ण पदक का बचाव किया, उन्होंने थाईलैंड के कुनलावुत विटिडसर्न को दो गेम में आसानी से हराया। उन्होंने सितंबर में हांगकांग ओपन में अपना शानदार फॉर्म जारी रखा और चीन के लेई लांक्सी को हराकर 27 वर्षों में पुरुष एकल खिताब जीतने वाले पहले डेनिश खिलाड़ी बन गए। उन्होंने कहा, "मैं हांग्जो में नहीं खेल पाने से बहुत निराश हूं। पांच बार टूर्नामेंट जीतने के बाद और दौरे पर यह मेरे पसंदीदा टूर्नामेंटों में से एक होने के कारण इसे छोड़ना कठिन हो गया है। हालाँकि मेरी पहली प्राथमिकता प्रतिस्पर्धा से पहले 100 प्रतिशत स्वस्थ होना है।"

## डेक्कन ग्लेडियेटर्स ने तीसरी बार जीता अबू धाबी टी10 का खिताब

एजेंसी। अबू धाबी



डेक्कन ग्लेडियेटर्स ने सोमवार देर रात मॉरिसविले सैंप आर्मी को 8 विकेट से हराकर तीसरी बार 2024 अबू धाबी टी10 टूर्नामेंट का खिताब जीत लिया है।

जायद क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए खिताबी मुकाबले में 105 रनों का पीछा करते हुए, ग्लेडियेटर्स ने तीन ओवर शेष रहते हुए 8 विकेट से जीत हासिल कर ली।

105 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी ग्लेडियेटर्स की टीम को सलामी बल्लेबाज इंग्लैंड के बल्लेबाज टॉम कोहलर-कैडमोर ने अच्छी शुरुआत दिलाई और पहले ही ओवर में कप्तान रोहन मुस्तफा के ओवर में लगातार चार चौके लगाए, जबकि उनके सलामी जोड़ीदार और कप्तान निकोलस पूरन पाकिस्तान के स्पिनर इमाद वसीम पर हावी रहे। ग्लेडियेटर्स ने तीसरे ओवर में 20 रन बटोरे और 50 रन के आंकड़े को पार कर लिया। उनकी इस पारी की बदौलत ग्लेडियेटर्स ने 7 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर लक्ष्य हासिल कर लिया। तेज गेंदबाज इसुरु उदाना की गेंद पर मुस्तफा ने डीप में पूरन का शानदार कैच पकड़कर उनकी पारी का अंत किया। पूरन ने 10 गेंदों में 28 रन बनाए। लेकिन इससे सैम्प आर्मी को वास्तव में मदद नहीं मिली क्योंकि कैडमोर ने अपनी आक्रामक बल्लेबाजी जारी रखी और अर्धशतक लगाया। इससे पहले, मॉरिसविले सैम्प आर्मी को वास्तव में वह शुरुआत नहीं मिल पाई जो वे चाहते थे और नियमित रूप से विकेट खोते रहे और एक समय वे 81 रन पर 5 विकेट खोकर संघर्ष कर रहे थे। अफ़ग़ानिस्तान के करीम जन्नत ने पारी के अंतिम ओवरों में 8 गेंदों में 16 रन बनाए, जिससे सैम्प आर्मी ने 10 ओवरों में 7 विकेट पर 104 रन बनाए। फाफ डु प्लेसिस ने सर्वाधिक 23 गेंदों में 34 रन बनाए, जबकि विकेटकीपर बल्लेबाज एंड्रीज़ गौस ने 9 गेंदों में 21 रन बनाए।

### भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम एशिया कप के लिए ओमान रवाना

**बेंगलुरु।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम प्रतिष्ठित महिला जूनियर एशिया कप 2024 के लिए मंगलवार सुबह केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से मस्कट ओमान के लिए रवाना हुई। जूनियर एशिया कप जो एफआईएच जूनियर विश्व कप के लिए क्वालीफाइंग इवेंट है, 7 दिसंबर से 15 दिसंबर 2024 तक मस्कट, ओमान में आयोजित होने वाला है। भारतीय जूनियर महिला टीम पूल ए में चीन, मलेशिया, थाईलैंड और बांग्लादेश से भिड़ेगी जबकि पूल बी में दक्षिण कोरिया, जापान, चीनी ताइपे, हांगकांग और श्रीलंका शामिल होंगे। गत चैंपियन के रूप में, भारत के अभियान की अगुवाई कप्तान ज्योति सिंह के साथ-साथ उप-कप्तान साक्षी राणा करेंगी और टीम में ऐसे खिलाड़ी भी शामिल हैं जिनके पास सीनियर टीम के साथ खेलने का अनुभव है जैसे वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनेलिता टोप्पो, मुमताज खान, दीपिका और ब्यूटी डुंगडुंग जबकि टीम के कोच भारत के पूर्व कप्तान तुषार खांडकर हैं। टीम रवानगी से पहले ज्योति सिंह ने कहा, हम अपने अभियान को लेकर बहुत आश्वस्त और उत्साहित हैं। हमारे पास एक अच्छी, अनुभवी टीम है। हमने पिछले कुछ महीनों में कड़ी मेहनत की है और टीम मस्कट, ओमान में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए काफी उत्सुक है।

### आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्व कप

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 8-6 से हराया नॉकआउट चरण में पहुंचने में असफल

एजेंसी। नई दिल्ली



भारत ने मंगलवार को चीन के चेंगदू में आईटीटीएफ मिश्रित टीम विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप 1 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 8-6 से हरा दिया। हालांकि जीत के बावजूद भारत नॉकआउट चरण के लिए क्वालीफाई करने में असफल रहा।

इससे पहले, भारत टूर्नामेंट के शुरुआती मैच में अमेरिका से 3-8 से और दूसरे मैच में चीन से 0-8 से हार गया था। कुल आठ गेम जीतने वाली पहली टीम मैच जीतती है।

जहां चीन तीन मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप में शीर्ष पर रहा, वहीं अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया और भारत एक-एक जीत के साथ दूसरे स्थान पर रहे। हालाँकि, जीते गए खेलों और हारे हुए खेलों के बेहतर अनुपात के कारण अमेरिकी दूसरे स्थान पर रहे और नॉकआउट के लिए योग्य रहे।

भारत ने शरथ कमल, मनिका बत्रा और श्रीजा अकुला जैसे उच्च रैंकिंग वाले खिलाड़ियों के बिना टूर्नामेंट खेला।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती मिश्रित युगल मैच में पृथा वर्तिकर और जीत चंद्रा को फिन लू और जियान फैंग ले के खिलाफ 2-1 (11-8, 11-3, 8-11) से हार का सामना करना पड़ा।

महिला एकल में कॉन्स्टेंटिना साइहोगियोस ने यशस्विनी घोरपड़े को 2-1 (13-11, 10-12, 11-6) से हराया।

इसके बाद स्नेहित सुरवज्जुला ने पुरुष एकल में निकोलस लुम को 2-1 (11-6, 9-11, 11-7) से हराकर भारतीय वापसी की शुरुआत की। सुरवाज्जुला और चंद्रा ने पुरुष युगल में लुउ और लुम को 2-1 (11-8, 10-12, 11-9) से हराया। निर्णायक महिला युगल में वर्तिकर और घोरपड़े ने साइहोगियोस और ले पर 2-0 (11-8, 11-7) की जीत के साथ मुकाबला समाप्त किया। भारतीय टीम में मानुष शाह, मानव ठक्कर, पोयमंती बैस्या और सयाली वानी भी थे।

## हॉकी इंडिया लीग 2024-25 का रेडियो पार्टनर बना बिग एफएम


एजेंसी। नई दिल्ली




भारत के प्रमुख रेडियो नेटवर्कों में से एक, बिग एफएम ने 2024-25 सीज़न के लिए आधिकारिक रेडियो पार्टनर के रूप में हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) के साथ साझेदारी की है। इस सहयोग का उद्देश्य हॉकी को लाखों प्रशंसकों के करीब लाना है और यह सुनिश्चित करना है कि इंडियाकागेम की गूंज देश के हर कोने में हो। बहुप्रतीक्षित हॉकी इंडिया लीग 28 दिसंबर 2024 को शुरू होगी, जिसमें आठ पुरुष और चार महिला टीमों की रोमांचक लाइनअप राउरकेला और रांची में प्रतिस्पर्धा करेगी। विशेष रूप से, यह सीज़न महिला हॉकी इंडिया लीग की शुरुआत का भी प्रतीक है, जो हॉकी इंडिया की समावेशिता और खेलों में महिलाओं के सशक्तिकरण के प्रति प्रतिबद्धता को मजबूत करता है। बिग एफएम के सीओओ सुनील कुमारन ने कहा, बिग एफएम को भारत की समृद्ध हॉकी विरासत का जश्न मनाने और बढ़ावा देने के लिए हॉकी इंडिया लीग के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। हॉकी लाखों लोगों के दिलों में एक विशेष स्थान रखती है, और यह सहयोग जागरूकता फैलाने की हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। खेल की विरासत और महत्व के बारे में, हमारा लक्ष्य हॉकी की अविश्वसनीय यात्रा पर प्रकाश डालना और पूरे देश में इस खेल के प्रति गहरी सराहना को प्रेरित करना है। सहयोग पर हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) गवर्निंग कमेटी के चेयरपर्सन डॉ. दिलीप टिर्की ने कहा, रेडियो में देश के सुदूर कोनों में लोगों से जुड़ने की एक अद्वितीय क्षमता है, जो इसे एक आदर्श माध्यम बनाती है। हॉकी को बढ़ावा दें। बिग एफएम की आकर्षक सामग्री और देशव्यापी पहुंच के साथ, हमारा लक्ष्य हॉकी को घरेलू चर्चा बनाना है। यह साझेदारी पूरे भारत में उत्साह बढ़ाएगी और अधिक प्रशंसकों को #इंडियाकागेम के करीब लाएगी, हम हॉकी इंडिया लीग को लोकप्रियता की नई ऊंचाइयों पर ले जाने को आश्वस्त हैं। एचआईएल गवर्निंग कमेटी के सदस्य भोला नाथ सिंह ने कहा, बिग एफएम की मनमोहक कथा शैली और व्यापक पहुंच इसे हॉकी के प्रशंसक आधार को बढ़ाने के लिए एक आदर्श भागीदार बनाती है। इस एसोसिएशन के माध्यम से, हमारा लक्ष्य #इंडियाकागेम के समर्थन में देश को एकजुट करना और लाखों लोगों को प्रेरित करना है। 2024-25 हॉकी इंडिया लीग गेम-चेंजर साबित होने वाली है और यह साझेदारी हॉकी को हर मंच पर सुलभ बनाएगी, चाहे वह टेलीविजन, डिजिटल या रेडियो हो। बिग एफएम के साथ, श्रोता हर मैच पर नजर रख सकते हैं और अपनी पसंदीदा टीमों और खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ा सकते हैं।

## उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश प्रमोद कोहली आईजीयू चुनाव के रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त

एजेंसी। नई दिल्ली



भारतीय गोल्फ संघ (आईजीयू) के चुनाव 15 दिसंबर को होंगे। संघ के द्विवार्षिक चुनावों के लिए सिक्किम उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश प्रमोद कोहली को रिटर्निंग ऑफिसर (आरओ) नियुक्त किया गया है।

अध्यक्ष बृजिंदर सिंह के नेतृत्व वाली मौजूदा गवर्निंग काउंसिल का कार्यकाल समाप्त होने के साथ, 2024-2026 की अवधि के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव किया जाएगा। चुनाव के लिए नए आरओ की नियुक्ति इलाहाबाद उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश - न्यायमूर्ति ओपी गर्ग के इस्तीफे के बाद हुई है।

आईजीयू के अध्यक्ष बृजिंदर सिंह ने सभी राज्य गोल्फ संघों (एसजीए) को एक आधिकारिक ईमेल में कहा, "राष्ट्रीय खेल विकास संहिता 2011 के अनुसार मेरे पास निहित शक्तियों और भारतीय गोल्फ संघ की गवर्निंग काउंसिल के बहुमत द्वारा अनुमोदित होने के साथ, मैंने 15 दिसंबर 2024 को आईजीयू चुनाव आयोजित करने के लिए न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) प्रमोद कोहली को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया है। नया चुनाव कार्यक्रम और अन्य निर्देश रिटर्निंग ऑफिसर न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) प्रमोद कोहली द्वारा उचित समय पर सभी हितधारकों को भेज दिए जाएंगे।

न्यायमूर्ति गर्ग द्वारा 25 नवंबर (सोमवार) को आईजीयू उपनियमों का पालन नहीं करने के लिए पांच राज्य गोल्फ संघों (एसजीए) - हिमाचल प्रदेश प्रोम गोल्फ एसोसिएशन, अरुणाचल प्रदेश गोल्फ एसोसिएशन, मध्य प्रदेश गोल्फ एसोसिएशन, नागालैंड गोल्फ एसोसिएशन और सिक्किम स्टेट गोल्फ एसोसिएशन - को निलंबित करने के 24 घंटे के भीतर अपने आदेश को पलटने के बाद काफी हंगामा हुआ।

## संक्षिप्त समाचार

### पुतिन ने रूस के रिकॉर्ड रक्षा खर्च को मंजूरी दी



**मास्को, एजेंसी।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बजट योजनाओं को मंजूरी दे दी है, जिसके तहत 2025 तक रक्षा खर्च को रिकॉर्ड स्तर तक बढ़ा दिया जाएगा। इस कदम को मॉस्को द्वारा युद्ध में यूक्रेन से बढ़त हासिल करने की रणनीति के तौर पर देखा जा रहा है। रविवार को सरकारी वेबसाइट पर पोस्ट किए गए बजट का लगभग 32.5 प्रतिशत राष्ट्रीय रक्षा के लिए आवंटित किया गया है, जो मौजूदा वर्ष के 28.3 प्रतिशत से अधिक है। रूसी संसद के दोनों सदनों – स्टेट ड्यूमा और फेडरेशन काउंसिल – के सांसदों ने बजट योजनाओं को मंजूरी दे दी है। रूस–यूक्रेन युद्ध फरवरी 2022 में शुरू हुआ था और यह जंग द्वितीय विश्व युद्ध के बाद से यूरोप का सबसे बड़ा संघर्ष है और दोनों पक्षों ने अपने संसाधन इसमें झोंक दिये हैं। कीव को अपने पश्चिमी सहयोगियों से अरबों डॉलर की मदद मिल रही है।

### अलास्का के समुद्र में मछुआरों की नौका पलटी, पांच लोग लापता



**जुनो, एजेंसी।** अलास्का की राजधानी जुनो के समीप खराब मौसम के बीच मछुआरों की एक नौका के समुद्र में पलट जाने से पांच लोग लापता हो गए और उनकी तलाश की जा रही है। अमेरिकी तटरक्षक बल ने रविवार को यह जानकारी दी। तटरक्षक बल की ओर से जारी विज्ञप्ति के अनुसार, लगभग 50 फुट लंबी नौका 'विंड वॉकर' के चालक दल ने रात 12 बजकर 10 मिनट पर संदेश भेजा कि उनकी नौका पलटने वाली है, लेकिन इसके अलावा और कुछ जानकारी नहीं दे पाया। बाद में पता चला कि 'विंड वॉकर', जूनो के दक्षिण–पश्चिम में पॉइंट कुवर्डन के पास पानी में पलट गई। विज्ञप्ति के अनुसार, 'एएमएचएस हबर्ड' नौका के चालक दल ने यह संदेश सुना और वे घटनास्थल पर सबसे पहले पहुंचे। बचाव कार्य के लिए तटरक्षक बल ने एक 'एमएच–60 जेहॉक' हेलीकॉप्टर और एक नौका को मौके पर भेजा। तलाशी अभियान जारी है। तटरक्षक बल ने बताया कि कुछ लोगों के अनुसार 'विंड वॉकर' पर पांच लोग सवार थे, लेकिन अधिकारियों ने लोगों की संख्या के संबंध में पुष्टि नहीं की है।

### फ्रांस में स्की रिजॉर्ट के पास बस दुर्घटना में दो लोगों की मौत



**पेरिस, एजेंसी।** दक्षिणी फ्रांस में एक स्की रिजॉर्ट के पास रविवार शाम एक बस के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से कम से कम दो लोगों की मौत हो गई और 14 अन्य घायल हो गए। स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। स्थानीय प्रशासन ने बताया कि पोर्टे–प्यूमोरेंस स्की रिजॉर्ट के पास जो बस दुर्घटनाग्रस्त हुई उसमें चालक सहित कुल 47 लोग सवार थे। सात लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि शुरुआती जांच से पता चला है कि बस एक चट्टान से टकराने के कारण दुर्घटनाग्रस्त हुई, लेकिन फिलहाल हादसे का वास्तविक कारण ज्ञात नहीं है। स्थानीय अग्निशमन सेवा द्वारा जारी की गई तस्वीरों में बस को एक चट्टान पास देखा जा सकता है और टक्कर के कारण वाहन का दाहिना भाग आंशिक रूप से क्षतिग्रस्त नजर आ रहा है तथा इसकी खिड़कियों के शीशे टूटकर बिखरे हुए थे। राहत कार्य में पड़ोसी देश एंडोरा और स्पेन की भी मदद ली गई और हेलीकॉप्टर भी तैनात किए गए।

### अमेरिका ने यूक्रेन को परमाणु हथियार लौटाने से किया इनकार

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार जैक सुलिवन ने रविवार को कहा कि अमेरिका यूक्रेन को वे परमाणु हथियार लौटाने पर विचार नहीं कर रहा है, जो उसने सोवियत संघ के पतन के बाद छोड़े थे। सुलिवन ने यह टिप्पणी पिछले महीने एक अखबार में लिखे एक लेख के बारे में पूछे जाने पर की जिसमें कहा गया था कि कुछ अज्ञात पश्चिमी अधिकारियों ने सुझाव दिया था कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बिडेन पद छोड़ने से पहले यूक्रेन को हथियार दे सकते हैं। रूस ने इस पर कड़ी आपत्ति जाहिर की थी।जैक सुलिवन ने कहा कि, इस पर विचार नहीं किया जा रहा है। हम जो कर रहे हैं वह यूक्रेन को विभिन्न पारंपरिक क्षमताएं प्रदान करना है ताकि वे प्रभावी रूप से अपना बचाव कर सकें और रूसियों से मुकाबला कर सकें, न कि उन्हें परमाणु क्षमता देने पर विचार कर रहे हैं। उल्लेखनीय है कि कीव को 1991 में सोवियत संघ के पतन के बाद उससे परमाणु हथियार विरासत में मिले थे, लेकिन 1994 में बुडापेस्ट मेमोरेंडम नामक समझौते के तहत रूस, संयुक्त राज्य अमेरिका और ब्रिटेन से सुरक्षा आश्वासन के बदले में उसने उन्हें छोड़ दिया था।

# बांग्लादेश में 54 इस्कॉन सदस्यों को भारत जाने से रोका

**कहा- स्पेशल परमिशन नहीं है, धार्मिक समारोह में भाग लेने जा रहे थे**




**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश की इमिग्रेशन पुलिस ने वैध पासपोर्ट और वीजा के साथ भारत जा रहे इस्कॉन के 54 सदस्यों को बॉर्डर पर रोक दिया। ये लोग एक धार्मिक समारोह में भाग लेने भारत जा रहे थे। इसे लेकर इमिग्रेशन पुलिस का कहना है कि उनके पास भले ही वैध पासपोर्ट और वीजा थे, लेकिन गवर्नमेंट की स्पेशल परमिशन नहीं थी। बेनापोल इमिग्रेशन पुलिस के एक अधिकारी ने द डेली स्टार अखबार से कहा- हमने पुलिस की स्पेशल ब्रांच से बात की। जहां से हमें इस्कॉन सदस्यों को बॉर्डर पार न जाने देने के निर्देश मिले। देश के अलग-अलग जिलों से आया श्रद्धालुओं का जत्था भारत जाने के लिए बेनापोल बॉर्डर पर पहुंचा था। वे बेनापोल में बॉर्डर पार जाने के लिए घंटों इंतजार करते रहे, लेकिन बाद में बताया गया कि उन्हें इसकी परमिशन नहीं है।

इस्कॉन सदस्य सौरभ तपंदर चेली ने कहा- हम भारत में हो रहे एक धार्मिक समारोह में भाग लेने जा रहे थे, लेकिन इमिग्रेशन अधिकारियों ने हमें सरकारी परमिशन न होने का हवाला देकर रोक दिया। अब तक चार इस्कॉन सदस्यों की गिरफ्तारी का दावा वहीं, दूसरी तरफ कोलकाता इस्कॉन के प्रवक्ता राधारमण दास ने बांग्लादेश में अब तक 4 इस्कॉन सदस्यों की गिरफ्तारी का दावा किया है। चार हिंदू पुजारियों की तस्वीर पोस्ट करते हुए राधारमण दास ने लिखा- क्या ये आतंकवादी जैसे दिखते हैं? इन सभी को बांग्लादेशी पुलिस ने बिना किसी कारण के गिरफ्तार कर लिया है।

हालांकि, चिन्मय प्रभु के अलावा अन्य इस्कॉन सदस्यों की गिरफ्तारी या हिरासत पर बांग्लादेश की तरफ से अब तक कोई आधिकारिक टिप्पणी नहीं की गई है। बांग्लादेश इस्कॉन ने चिन्यम प्रभु से नाता तोड़ा हिंदू धर्मगुरु चिन्मय प्रभु की रिहाई को लेकर बांग्लादेश के अलग-अलग हिस्सों में विरोध प्रदर्शन जारी है। वहीं, इस्कॉन बांग्लादेश ने चिन्मय प्रभु से खुद को अलग कर लिया है। महासचिव चारु चंद्र दास ब्रह्मचारी ने कहा कि अनुशासन भंग करने की वजह से चिन्मय को पहले ही संगठन के सभी पदों से हटा दिया गया था।

इस्कॉन से जुड़े 17 लोगों के बैंक अकाउंट सीज न्यूज एजेंसी क्क्षद्ध के मुताबिक यूनुस प्रशासन ने इस्कॉन से जुड़े 17 लोगों के बैंक अकाउंट्स 30 दिनों के लिए सीज कर दिए हैं। इसमें चिन्मय प्रभु का अकाउंट भी शामिल है। बांग्लादेश फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट ने गुरुवार को अलग-अलग बैंकों को इसके निर्देश भेजे। फाइनेंशियल इंटेलिजेंस एजेंसी ने सेंट्रल बांग्लादेश बैंक से इन सभी 17 लोगों से जुड़े अकाउंट्स से हुई लेन-देन की जानकारी 3 दिन के भीतर भेजने को कहा है।

## बांग्लादेश : दो हिंदु भिक्षु गिरफ्तार, चटगांव के 70 अल्पसंख्यक वकीलों-पत्रकारों पर केस दर्ज



**ढाका, एजेंसी।** बांग्लादेश हिंदू बौद्ध ईसाई एकता परिषद ने चटगांव के 70 अल्पसंख्यक वकीलों और दो पत्रकारों के खिलाफ झूठा और परेशान करने वाला केस दर्ज होने पर हैरानी और चिंता जाहिर की है। इस बीच इस्कॉन कोलकाता ने दो हिंदू भिक्षुओं और एक अन्य की गिरफ्तारी व इस्कॉन सेंटर पर हमले का भी दावा किया। अल्पसंख्यक पत्रकारों और वकीलों के खिलाफ 30 नवंबर को कोतवाली पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया था। जिसमें इन पर देशी बम विस्फोट और वाहनों में तोड़फोड़ करने में शामिल होने का आरोप लगाया गया।

रविवार को एक आधिकारिक बयान में, परिषद ने इस केस को मानवाधिकारों और कानून के शासन का उल्लंघन बताया परिषद ने कहा कि यह केस पुजारी चिन्मय कृष्ण दास ब्रह्मचारी के खिलाफ दर्ज राजद्रोह मामले को बाधित करने और इससे जुड़े समाचारों के प्रकाशन-प्रसार को जबरन रोकने के गुप्त इरादे से दायर किया गया। परिषद ने यह भी मांग की कि बांग्लादेशी सरकार और कानून प्रवर्तन अधिकारी तुरंत झूठे मामले को वापस लें, वकीलों और पत्रकारों को रिहा करने के लिए तत्काल कदम उठाएं।

इस बीच, शनिवार को इस्कॉन कोलकाता ने आरोप लगाया कि बांग्लादेशी अधिकारियों ने दो भिक्षुओं, आदिपुरुष श्याम दास और रंगनाथ दास ब्रह्मचारी, के साथ-साथ चिन्मय कृष्ण दास के सचिव को भी गिरफ्तार किया है। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधा रमन ने कहा कि भिक्षुओं को शुक्रवार को पुलिस ने उस समय गिरफ्तार किया जब वे चिन्मय कृष्ण दास से मिलने के बाद घर जा रहे थे। चिन्मय कृष्ण दास को 25 नवंबर को देशद्रोह के आरोप में गिरफ्तार किया गया था।

राधा रमन ने खुद के बनाए गए एक वीडियो में कहा, 29 नवंबर को जब आदिपुरुष श्याम दास और रंगनाथ दास ब्रह्मचारी चिन्मय कृष्ण प्रभु से मिलकर लौट रहे थे, तो उन्हें पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। हमें यह भी जानकारी मिल रही है कि चिन्मय कृष्ण दास के सचिव को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने यह दावा भी किया कि दंगाइयों ने बांग्लादेश में इस्कॉन केंद्र में तोड़फोड़ की। बांग्लादेश में स्थिति तब से तनावपूर्ण है जब आध्यात्मिक उपदेशक चिन्मय कृष्ण दास पर 25 अक्टूबर को गिरफ्तार किया गया। उन पर चटगांव में बांग्लादेश के राष्ट्रीय ध्वज के ऊपर भगवा झंडा फहराने के आरोप में देशद्रोह का आरोप लगाया गया।

दास की गिरफ्तारी के बाद, 27 नवंबर को चटगांव कोर्ट बिल्डिंग क्षेत्र में पुलिस और आध्यात्मिक गुरु के कथित अनुयायियों के बीच झड़प के दौरान एक वकील की मौत हो गई थी। शुक्रवार को, भारत ने बांग्लादेश में चरमपंथी बयानबाजी, हिंसा और उकसावे की बढ़ती घटनाओं पर चिंता व्यक्त की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि भारत ने बांग्लादेशी सरकार के साथ हिंदुओं और अन्य अल्पसंख्यकों पर लक्षित हमलों का मुद्दा लगातार मजबूती के साथ उठाया है।

### कॉपीराइट उल्लंघन को लेकर कनाडा ने ओपन एआई पर किया मुकदमा

**टोरंटो, एजेंसी।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित चैटबॉट चैट जीपीटी के निर्माता ओपन एआई के खिलाफ मुकदमा दायर किया है। आरोप है कि ओपन एआई ने अपने सॉफ्टवेयर को प्रशिक्षित करने के लिए समाचार लेखों का अवैध रूप से इस्तेमाल किया। इससे कॉपीराइट और ऑनलाइन उपयोग की शर्तों का उल्लंघन हुआ है। कनाडाई मीडिया के मुताबिक, ओपन एआई ने पत्रकारिता सामग्री का उपयोग अपनी एआई प्रणाली को प्रशिक्षित करने के लिए किया।

जॉर्जिया में हैरान करने वाला मामला सामने आया है। दरअसल महिला अपने पिता को ढूंढ रही थी, लेकिन वह ये जानकर हैरान रह गई वह जिस पिता को ढूंढ रही थी, वह बीते तीन वर्षों से उसकी फ्रेंड लिस्ट में शामिल थे। दरअसल तमुना मुसेरिद्जे नामक महिला को कुछ समय पहले पता चला कि उसके परिजनों ने उसे गोद लिया था। इस पर महिला ने अपने असली माता-पिता की खोज की। खोज करने पर उसे अपनी मां के बारे में पता चला। मां से ही उसे अपने पिता के नाम का पता चला। महिला ने जब पिता के नाम से फेसबुक पर सर्च किया तो वो ये जानकर हैरान रह गई, उसके पिता उसकी फ्रेंड लिस्ट में बीते तीन वर्षों से शामिल थे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मुसेरिद्जे की मां और उसके पिता के बीच अफेयर था, जिससे शादी से पहले ही मुसेरिद्जे की मां गर्भवती हो गई।

# यूक्रेन-रूस और इस्राइल-हमास युद्ध से हथियारों की बिक्री बढ़ी, 4.2 फीसदी का हुआ इजाफा



**स्टॉकहोम, एजेंसी।** दुनिया में छिड़े दो बड़े युद्धों से हथियार बाजार में गरमा-गरमी है। कोरोना काल के बाद भड़के यूक्रेन-रूस युद्ध और पिछले साल अक्तूबर में इस्राइल-हमास युद्ध के बाद हथियारों का बाजार तैयार हो गया है। पिछले साल 632 अरब डॉलर के हथियारों और सैन्य सेवाओं की बिक्री हुई थी। यानी की 4.2 फीसदी अधिक। यह दावा स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट (एसआईपीआरआई) की एक रिपोर्ट में किया गया है।

**पिछले साल 4.2 फीसदी की हुई ब्रिकी :** रिपोर्ट के अनुसार, पिछले साल यूक्रेन और गाजा में हो रहा युद्ध तथा एशिया में तनाव के कारण प्रमुख हथियार निर्माताओं की बिक्री में वृद्धि हुई थी, जबकि रूस और मध्य पूर्व में स्थित निर्माताओं के लिए उल्लेखनीय वृद्धि हुई थी। एसआईपीआरआई का कहना है कि दुनिया की 100 सबसे बड़ी हथियार कंपनियों द्वारा हथियारों और सैन्य सेवाओं की बिक्री 2023 में कुल 632 अरब डॉलर थी, जो 4.2 प्रतिशत अधिक थी।

**पहली बार एक अरब डॉलर की बिक्री की थी :** आगे बताया गया कि 2022 में राजस्व में गिरावट आई थी क्योंकि वैश्विक हथियार निर्माताओं को मांग में वृद्धि को पूरा करने के लिए संघर्ष करना पड़ा था, लेकिन उनमें से कई पिछले साल उत्पादन बढ़ाने में कामयाब रहे। मांग में इस उछाल के संकेत में, सभी 100 कंपनियों ने पिछले साल पहली बार एक अरब डॉलर से अधिक की बिक्री हासिल की। स्टॉकहोम इंटरनेशनल पीस रिसर्च इंस्टीट्यूट के शोधकर्ता लोरेंजो स्काराज्जातो ने कहा, पिछले साल हथियारों के राजस्व में काफी वृद्धि हुई है। इस साल भी यह जारी रहने की संभावना है।

**आने वाले समय में हथियारों की ब्रिकी को..**उन्होंने कहा कि दुनिया की शीर्ष 100 हथियार कंपनियां अभी भी ब्रिकी की मांग को पूरा नहीं कर पा रही हैं। कई कंपनियों ने भर्ती करना शुरू कर दिया, जिससे साफ होता है कि वे आने वाले समय में हथियारों की ब्रिकी को लेकर आशावादी है। एसआईपीआरआई ने कहा कि गाजा और यूक्रेन में युद्धों, पूर्वी एशिया में बढ़ते तनाव और अन्य क्षेत्रों में पुनः शस्त्रीकरण कार्यक्रमों से जुड़ी मांग को पूरा करने में छोटे उत्पादक अधिक प्रभावी रहे हैं।

**अमेरिका की कंपनियां उत्पादों में सबसे आगे :** पिछले साल अक्तूबर में इस्राइल-हमास युद्ध ने भी हथियारों की खरीद की रेस को बढ़ाया है। इस्राइल के पास अपने बूते हथियारों का बड़ा जखीरा है, वहीं हमास के पक्ष में ईरान और खाड़ी के अन्य देशों ने अपने भंडारों को खोल दिया है।

इन सबको ध्यान में रखते हुए रिपोर्ट में बताया गया कि अमेरिका की कंपनियां उत्पादों में आगे हैं। दुनिया के शीर्ष 100 में 41 अमेरिकी हथियार उत्पादक हैं। उसने पिछले साल अपनी बिक्री में 2.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की और अभी भी दुनिया के आधे हथियार राजस्व के लिए जिम्मेदार हैं। दूसरी ओर, दुनिया के दो सबसे बड़े हथियार निर्माता, लॉकहीड मार्टिन और आरटीएक्स (पूर्व में रेथियॉन टेक्नोलॉजीज) ने क्रमशः 1.6 प्रतिशत और 1.3 प्रतिशत की राजस्व में गिरावट दर्ज की।

## अमेरिकी आईलैंड में ताइवानी राष्ट्रपति के वेलकम से चीन नाराज

**कहा- हमारी पूरे मामले पर बारीक नजर, जवाबी कार्रवाई करेंगे**



**हवाई, एजेंसी।** ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते एक हफ्ते के पैसिफिक आईलैंड्स के दौरे पर हैं। उन्होंने इसकी शुरुआत अमेरिका के हवाई प्रांत से की, जहां रेड कार्पेट बिछाकर उनका स्वागत किया गया। इसके साथ अमेरिका ने ताइवान को और अधिक हथियार बिक्री के प्रस्ताव को मंजूरी दी। अमेरिका का ये फैसला चीन को नागवार गुजरा है। अमेरिकी विदेश विभाग ने ताइवान को एफ-16 जेट विमानों और राडार के लिए स्पेयर पार्ट्स और सपोर्ट की लगभग 385 मिलियन डॉलर की बिक्री को मंजूरी दी है।

अलजजीरा के मुताबिक, चीनी विदेश मंत्रालय ने कहा कि वह इस पूरे घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखेगा और अपने देश की देश की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता को बचाने के लिए ठोस कदम उठाएगा। हथियार बिक्री के मुद्दे पर चीन ने कहा- अमेरिका का यह फैसला ताइवान इन्डेपेन्डेन्ट फोर्स को गलत मैसेज देगा। हम इस पर जवाबी कार्रवाई करेंगे।

**मार्शल आइलैंड, तुवालु और पलाऊ भी जाएंगे :** लाई चिंग-ते ने पर्ल हार्बर में यूएसए एरिजोना मेमोरियल का दौरा किया। यहां उन्होंने कहा कि अमेरिका और ताइवान को युद्ध को रोकने के लिए एक साथ लड़ना चाहिए। शांति अमूल्य है और युद्ध में कोई विजेता नहीं होता। हवाई के बाद लाई चिंग-ते मार्शल आइलैंड, तुवालु और पलाऊ का दौरा करेंगे।

पैसिफिक रीजन में ये राष्ट्र ही ताइवान को एक स्वतंत्र देश के तौर पर मान्यता देते हैं। ताइवान पर चीन के कब्जे का डर 1940 के दशक में जब चीन का शासन कम्युनिस्ट पार्टी के हाथ में आया तो बचे हुए राष्ट्रवादी देश छोड़ ताइवान द्वीप पर जा बसे थे। इन राष्ट्रवादियों ने ताइवान में लोकतांत्रिक शासन लागू किया था।

चीन ताइवान को अपना ही हिस्सा मानता है। जबकि ताइवान खुद को एक स्वतंत्र देश मानता है। चीन इसलिए ताइवान पर कब्जा करना चाहता है। ताइवान पर कब्जा करके चीन पश्चिमी प्रशांत महासागर इलाके में अपना दबदबा दिखाने के लिए आजाद हो जाएगा। इससे गुआम और हवाई जैसे अमेरिकी मिलिट्री बेस के लिए खतरा पैदा हो जाएगा। इसके अलावा ताइवान अत्याधुनिक सेमीकंडक्टर का सबसे बड़ा निर्माता है।

## अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन ने बेटे हंटर को माफी दी : अवैध तरीके से बंदूक खरीदने-टैक्स चोरी में दोषी थे



**वॉशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने अपने बेटे हंटर बाइडेन को माफी दे दी है। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक वे अवैध तरीके से बंदूक रखने और टैक्स चोरी के मामले में सजा का सामना कर रहे थे। बाइडेन ने बयान जारी कर कहा- जिस दिन से मैंने पद संभाला है, मैंने कहा है कि न्याय विभाग के फैसले में दखल नहीं दूंगा। मैंने अपना यह वादा निभाया भी है, लेकिन मैंने देखा कि मेरे बेटे को निशाना बनाया जा रहा है। उस पर गलत तरीके से मुकदमा चलाया गया।

बाइडेन ने कहा कि उन्हें कानून व्यवस्था पर पूरा यकीन है, लेकिन राजनीति ने इसे गंदा कर दिया है। यह न्याय व्यवस्था की नाकामी है। राष्ट्रपति ने कहा कि हंटर के मामले को देखने वाला कोई भी समझदार शख्स यह जानता होगा कि उसे सिर्फ इसलिए निशाना बनाया गया क्योंकि वह मेरा बेटा है। राष्ट्रपति ने कहा, हंटर को बर्बाद करने की कोशिश में कुछ लोगों ने मुझे भी कमजोर करना चाहा। यह सब अभी नहीं रुकता, इसलिए उन्हें अपनी शक्तियों का इस्तेमाल करना पड़ा। अमेरिकी लोग समझेंगे कि एक पिता और राष्ट्रपति ने यह फैसला क्यों लिया।

सजा मिलने से 2 दिन पहले हंटर को माफी मिली हंटर को डेलावेयर कोर्ट में 4 दिसंबर को सजा सुनाई जानी थी। अवैध तरीके से बंदूक खरीदने के मामले में अधिकतम 25 साल तक की जेल हो सकती है, लेकिन कानून के कई जानकारों के मुताबिक पहला आपराधिक मामला होने की वजह से उन्हें 12 से 16 महीने तक की सजा हो सकती थी। सजा सुनाए जाने से ठीक 2 दिन पहले पिता बाइडेन ने अपनी राष्ट्रपति शक्तियों का इस्तेमाल कर बेटे बाइडेन को बचा लिया। हंटर को जून में दोषी पाए जाने से पहले बाइडेन ने कहा था कि अगर दोषी पाया गया तो अपने बेटे को कभी माफ नहीं करेंगे।

टैक्स चोरी मामले में 16 दिसंबर को मिलने वाली थी सजा दोष स्वीकार करने के बाद हंटर को अधिकतम 15 साल की सजा हो सकती थी। उन्हें 16 दिसंबर को कैलिफोर्निया में सजा सुनाई जाने वाली थी और करीब 11 करोड़ रुपए का जुर्माना देना पड़ सकता था। सजा सुनाए जाने से 14 दिन पहले ही अमेरिकी राष्ट्रपति ने बेटे को माफी दे दी।

# ट्रम्प अपने समधी को फ्रांस में राजदूत बनाएंगे : टैक्स चोरी के मामले में जेल जा चुके हैं

**वाशिंगटन, एजेंसी।** डोनाल्ड ट्रम्प ने अपने दामाद जैरेड कुशनर के पिता यानी अपने समधी चार्ल्स कुशनर को फ्रांस में अगले अमेरिकी राजदूत के तौर पर नॉमिनेट करने की घोषणा की है। ट्रम्प ने चार्ल्स कुशनर को बेहतरीन बिजनेस लीडर, परोपकारी और डीलमेकर बताया है। ट्रम्प और चार्ल्स कुशनर एक दूसरे को रियल एस्टेट बिजनेस से जानते हैं। साल 2009 में ट्रम्प की बेटी इवांका और चार्ल्स कुशनर के बेटे जैरेड कुशनर की शादी से ये पहचान रिश्तेदारी में बदल गई।

बिजनेस स्टैंडर्ड के मुताबिक, चार्ल्स कुशनर को साल 2005 में गलत टैक्स रिटर्न तैयार करने और फेडरल इलेक्शन कमीशन को झूठा बयान देने का अपराधी पाया गया था। उन्होंने इस मामले में 16 महीने से ज्यादा जेल में बिताए। 2020 में ट्रम्प ने प्रेसिडेंट पावर का इस्तेमाल कर उन्हें माफ कर दिया था।

**ट्रम्प ने ट्रुथ सोशल पर किया राजदूत बनाने का ऐलान :** ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में ट्रम्प ने कहा- मुझे न्यू जर्सी के चार्ल्स कुशनर को फ्रांस में अमेरिकी राजदूत के तौर पर नॉमिनेट करते हुए बहुत खुशी हो रही है। वह एक बेहतरीन बिजनेस लीडर, परोपकारी और डीलमेकर हैं, जो हमारे देश और उसके हितों को पेश करने वाले एक मजबूत वकील होंगे। उन्होंने आगे लिखा कि चार्ली (चार्ल्स कुशनर) कुशनर कंपनियों के फाउंडर और चेयरमैन हैं, जो देश की सबसे बड़ी और सबसे सफल प्राइवेट रियल एस्टेट फर्मों में से एक है। उन्हें अर्न्स्ट एंड यंग ने न्यू जर्सी एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर के तौर पर मान्यता दी। उन्होंने न्यूयॉर्क और न्यू जर्सी के पोर्ट अथॉरिटी के कमिश्नर और चेयरमैन के तौर भी काम किया,



साथ ही एनवाययू समेत हमारे टॉप इंस्टीट्यूशन के बोर्ड में भी काम किया।

**कुशनर फैमिली की अमेरिका में 20 हजार से ज्यादा प्रॉपर्टी :** ट्रम्प के पिछले मंत्रिमंडल में उनके दामाद जैरेड कुशनर काफी अहम पोजिशन रखते थे। अब्राहम अकॉर्ड के साथ-साथ इज़राइल, यूएई और बहरीन के बीच 2020 के शांति समझौते की मध्यस्थता में जैरेड का बड़ा रोल था। चार्ल्स कुशनर अमेरिका के जाने-माने रियल एस्टेट डेवलपर हैं। न्यूयॉर्क टाइम्स के मुताबिक, उनकी फैमिली के अमेरिका में करीब 20 हजार से ज्यादा अपार्टमेंट हैं। चार्ल्स पोलिश मूल के यहूदी हैं। उनका परिवार 1949 में पोलैंड से अमेरिका आ बसा था। कुशनर फैमिली की न्यूजर्सी, पेनसिल्वेनिया और मैरीलैंड में कई लाख वर्ग फीट से ज्यादा की प्रॉपर्टी और इंडस्ट्रियल एरिया में जमीनें हैं।

**रियल एस्टेट ब्रोकर ने कराई इवांका और जैरेड की मुलाकात :** जैरेड की इवांका से पहली मुलाकात जुलाई 2005 में एक रियल एस्टेट ब्रोकर के जरिए हुई थी। - इनकी दोस्ती आगे बढ़ी। उस वक्त कुशनर ने अपने पिता का कामकाज संभाला ही था। - कुशनर एक यहूदी फैमिली से हैं। ऐसे में कुछ वक्त बाद धर्म को लेकर दोनों के रिश्तों में ब्रेक आ गया। - कुशनर का परिवार रूढ़िवादी है और उसने इवांका के धर्म को लेकर आपत्ति उठाई थी।

**शादी तक ऐसे पहुंची बात :** मीडिया मुगल रूपर्ट मर्डोक जैरेड कुशनर के बहुत करीबी रहे। वहीं, मर्डोक की वाइफ रहीं चीनी एक्ट्रेस वेंडी डेंग इवांका की अच्छी दोस्त हैं। - लिहाजा इन दोनों ने मिलकर कुशनर और इवांका को वापस मिलाया और जब दोनों की दूरिया मिटीं, तो बात शादी तक पहुंची। - 25 अक्टूबर 2009 में दोनों ने शादी की। इनके तीन बच्चे बेटी अराबेला रोज, बेटा जोसेफ और थ्योडोर हैं।

## संक्षिप्त खबरें

### यात्री सुविधा के मद्देनजर एक जोड़ी स्पेशल के परिचालन का किया गया विस्तार

**धनबाद(बिभा):** यात्रियों की सुविधा के मद्देनजर उनके सुगम आवागमन हेतु एक जोड़ी स्पेशल ट्रेन के परिचालन का विस्तार किया जाएगा। 02877 रांची- अनन्दविहार टर्मिनल स्पेशल शुक्रवार 06.12.24 से 27.12.24 तक । 02878 अनन्दविहार टर्मिनल- रांची स्पेशल रविवार 08.12.24 से 29.12.24 तक उपरोक्त विशेष ट्रेनों का समय और ठहराव वर्तमान में चल रही गाड़ी संख्या 02877/ 02878 रांची- अनन्दविहार टर्मिनल- रांची स्पेशल के मौजूदा समय और ठहराव के समान होगा।

### कोटशिला स्टेशन पर नॉन-इंटरलॉकिंग कार्य के कारण पुनर्निर्धारित ट्रेन और मार्ग परिवर्तित ट्रेनों की पुनर्बहाली

**धनबाद(बिभा) :** चक्रधरपुर मंडल के कान्ड्रा- चाण्डिल खंड के बीच ब्लॉक के कारण जिन ट्रेनों के परिचालन में परिवर्तन किया गया था, उन्हें पुनर्बहाल कर दिया गया है ।

निरस्त वाली ट्रेनों की बहाली- दिनांक 04.12.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 08151/ 08152 टाटा- बरकाकाना- टाटा पैसेंजर स्पेशल।

आंशिक समापन/ आंशिक प्रारंभ ट्रेनों की बहाली- दिनांक 04.12.24 और 05.12.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 13301/ 13302 धनबाद- टाटा- धनबाद सुवर्ण रेखा एक्सप्रेस।

मार्ग परिवर्तित वाली ट्रेनों की बहाली- दिनांक 04.12.24 एवं 05.12.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 12019 हावड़ा- रांची शताब्दी एक्सप्रेस दिनांक 04.12.24 एवं 05.12.24 को खुलने वाली गाड़ी सं. 12365 पटना- रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस।

पुनर्निर्धारित ट्रेन की बहाली- दिनांक 05.12.24 को धनबाद से खुलने वाली गाड़ी सं. 02831 धनबाद- भुवनेश्वर स्पेशल।

### आद्रा मंडल के कोटशिला स्टेशन पर एनआई कार्य के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

**धनबाद(बिभा):** दक्षिण पूर्वी रेलवे के आद्रा मंडल में कोटशिला स्टेशन के यार्ड रिमाडलिंग कार्य हेतु एनआई कार्य के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया जाएग जिनका विवरण निम्नानुसार है झ

निरस्त वाली ट्रेनें: 13504/ 13503 हटिया- बर्द्धमान- हटिया एक्सप्रेस 06.12.24, 07.12.24। 08641/ 08642 आद्रा- बरकाकाना- आद्रा मेमू 06.12.24, 07.12.24

मार्ग परिवर्तन वाली ट्रेनें- 12366 रांची- पटना जनशताब्दी एक्सप्रेस मुरी- बरकाकाना- चन्द्रपुरा 07.12.24 । 18427 पुरी- आनंद विहार टर्मिनल एक्सप्रेस मुरी- बरकाकाना- चन्द्रपुरा 07.12.24। 13320 रांची- दुमका एक्सप्रेस मुरी- बरकाकाना- चन्द्रपुरा 07.12.24। 12020 रांची- हावड़ा शताब्दी एक्सप्रेस मुरी- बरकाकाना- चन्द्रपुरा 07.12.24। 13319 दुमका- रांची एक्सप्रेस चन्द्रपुरा- बरकाकाना- मुरी 6.12.24, 07.12.24। 12019 हावड़ा- रांची शताब्दी एक्सप्रेस चन्द्रपुरा- बरकाकाना- मुरी 06.12.24, 07.12.24। 13351धनबाद- अलेप्पी एक्सप्रेस चन्द्रपुरा- बरकाकाना- मुरी 06.12.24, 07.12.24। 12818 आनंद विहार- हटिया एक्सप्रेस चन्द्रपुरा- बरकाकाना- मुरी05.12.24। 12365 पटना- रांची जनशताब्दी एक्सप्रेस चन्द्रपुरा- बरकाकाना- मुरी 06.12.24, 07.12.24। 18603 रांची- गोड्डा एक्सप्रेस मुरी- बरकाकाना- चन्द्रपुरा 07.12.24

पुनर्निर्धारित वाली ट्रेन-दिनांक 07.12.24 को धनबाद से खुलने वाली ट्रेन संख्या 02831 धनबाद- भुवनेश्वर स्पेशल धनबाद से 60 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलायी जाएगी।

### गिरिडीह में तीन आरोपित गिरफ्तार, अवैध हथियार बरामद

**गिरिडीह(बिभा)।** पुलिस ने मुफस्सिल थाना थाना क्षेत्र के पपरवाटाड में रोड किनारे एक गुमटी के पीछे से सीमेन्ट के बोरी में भरे दो देशी कट्टे और तीन गोली बरामद की है। इस मामले मे तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। एसपी विमल कुमार ने मंगलवार को पत्रकार वार्ता में बताया कि एसडीपीओ जितवाहन उरांव के नेतृव में की गई छापेमारी में जितन दास, डबलू दास और मनोज चौधरी को गिरफ्तार किया गया है। तीनों आरोपितों ने अपराध स्वीकार कर लिया है।

# मुख्यमंत्री हेमंत ने निर्माणाधीन मेकॉन-सिरम टोली फ्लाईओवर का किया औचक निरीक्षण

बिभा संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने मंगलवार को राजधानी रांची में मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे निमार्णाधीन फ्लाईओवर का औचक निरीक्षण किया। मौके पर विधायक कल्पना सोरेन एवं राज्य सरकार के वरीय अधिकारी भी मौजूद रहे।





निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने फ्लाईओवर के निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से फ्लाईओवर की विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे इस फ्लाईओवर निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समय सीमा पर विशेष ध्यान दें।

फ्लाईओवर निरीक्षण के बाद मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि पूर्व में भी राज्य सरकार के जरिये कांटाटोली से सिरमटोली चौक तक बने फ्लाईओवर परियोजना को निर्धारित समय सीमा से पहले ही राजधानी वासियों को समर्पित किया जा चुका है। मेकॉन चौक (वन भवन के नजदीक) से सिरमटोली चौक तक बन रहे यह फ्लाईओवर भी निर्धारित समय सीमा से पहले ही रांची वासियों को समर्पित की जा सके। इस निमित्त राज्य सरकार के पदाधिकारी, इंजीनियर एवं फ्लाईओवर निर्माण में लगे श्रमिक पूरी मेहनत और लगन के साथ अपने-अपने कार्य में जुटे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारा प्रयास है कि इस फ्लाईओवर परियोजना का भी जल्द से जल्द शुभारम्भ हो, ताकि लोगों को ट्रैफिक की समस्या से निजात मिल सके। उन्होंने कहा कि यह फ्लाईओवर चूंकि रेलवे क्रॉसिंग के ऊपर से गुजर रहा है इसीलिए रेल गाड़ियों के आवागमन से संबंधित बिंदुओं का भी ध्यान रखा जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस फ्लाईओवर का देश और राज्य में एक अलग पहचान होगा। यह फ्लाईओवर अपने आप में एक अनोखा फ्लाईओवर होगा।

# मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से विधायक और अधिकारियों ने की मुलाकात, दी बधाई

बिभा संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से मंगलवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में विधायक मथुरा प्रसाद महतो, विधायक सुरेश पासवान ने मुलाकात की। इस दौरान विधायकों ने मुख्यमंत्री को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

मुख्यमंत्री से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में सचिव मनीष रंजन, उद्योग निदेशक सुशांत गौरव, आयुक्त, दक्षिणी छोटानागपुर अंजनी कुमार मिश्र, रांची डीआईजी अनूप बिरथरे, उपायुक्त हजारीबाग नैंसी सहाय, वरीय पुलिस अधीक्षक जमशेदपुर किशोर कौशल एवं पुलिस अधीक्षक लोहरदगा हारिस बिन जमा ने शिष्टाचार मुलाकात की।

दूसरी ओर, मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन से कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड लोक सेवा आयोग (जेपीएससी) के सदस्य डॉ. अजिता भट्टाचार्य ने मुलाकात की। मुख्यमंत्री से यह उनकी शिष्टाचार भेंट बताई गई है।

















# नशे की बुराईयों के प्रति जागरुक करने के लिए सघन अभियान चलाने का निर्देश



बिभा संवाददाता

**सिमडेगा:** उपायुक्त सिमडेगा अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में नशा मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सिमडेगा जिला को नशा मुक्त बनाने के लिए तैयार कार्य योजना के विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत चर्चा की गई।

उपायुक्त ने कहा कि सिमडेगा जिला में लोगों को नशे की बुराइयों के प्रति जागरूक करने तथा युवा वर्ग को नशे की तरफ जाने से रोकने के लिए एक सघन अभियान स्वस्थ सिमडेगा, नशा मुक्त सिमडेगा चलाया जाएगा। इसके तहत वर्षभर समाज कल्याण सहित विभिन्न विभागों, ग्राम पंचायतों व स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। अभियान में सभी व्यावसायिक व तकनीकी शैक्षणिक संस्थानों, विद्यालयों, सरकारी व निजी महाविद्यालयों में जागरूकता शिविर आयोजित किए जाएंगे।

इन शिविरों में स्वास्थ्य विशेषज्ञों के साथ ही विभिन्न आध्यात्मिक संस्थाओं का सहयोग लिया जाएगा ताकि नशे जैसी बुराई के हमारे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता लाई जा सके। विद्यालय एवं कॉलेजों स्तर पर गठित छात्र क्लबों के माध्यम से भी नशा मुक्ति पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित कर लोगों जागरूक की जाएंगी। उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा पदाधिकारी विद्यालय स्तर पर समिति का गठन करेंगे। समितियां स्कूल परिसर में नशे से जुड़ी किसी भी प्रकार की गतिविधियों को रोकने के लिए आवश्यक कार्रवाई करेंगी। पीड़ितों तथा उपभोक्ताओं की पहचान करते हुए नशा मुक्ति केंद्रों में परामर्श एवं उपचार सुविधाओं में सुधार के लिए निरंतर निगरानी एवं प्रोत्साहन सुनिश्चित किया जाएगा। किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 मीटर के अंदर मादक पदार्थ यथा- सिगरेट, तंबाकू इत्यादि की बिक्री प्रतिबंध का सख्त से क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाएगा।

उपायुक्त ने कार्य योजना के अनुरूप सभी विभागों एवं संस्थाओं को समन्वय स्थापित करते हुए तैयार कार्य योजना के अनुरूप क्रियान्वयन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में पुलिस अधीक्षक सौरभ कुमार, सिविल सर्जन डॉ रामदेव पासवान, समाज कल्याण पदाधिकारी सुरज मुन्नी कुमारी, शिक्षा अधीक्षक सहित विभिन्न संस्थाओं के पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

# अब दिव्यांग जनों को सम्मान से जीने का हक मिला.. पीएम मोदी ने विश्व दिव्यांग दिवस पर लिखा ब्लॉग

बिभा संवाददाता

**रांची :** 3 दिसंबर का महत्वपूर्ण दिन है। पूरा विश्व इस दिन को अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के रूप में मनाता है। आज का दिन दिव्यांगजनों के साहस, आत्मबल और उपलब्धियों को नमन करने का विशेष अवसर होता है।

भारत के लिए ये अवसर एक पवित्र दिन जैसा है। दिव्यांगजनों का सम्मान भारत की वैचारिकी में निहित है। हमारे शास्त्रों और लोक ग्रंथों में दिव्यांगसाथियों के लिए सम्मान का भाव देखने को मिलता है। रामायणमें एक श्लोक है-

उत्साहो बलवानार्य, नास्त्युत्साहात्परं बलम।
सोत्साहस्यास्ति लोकेऽस्मिन, न किञ्चिदपि दुर्लभम।

श्लोक का मूल यही है कि जिस व्यक्ति के मन में उत्साह है, उसके लिए विश्व में कुछ भी असंभव नहीं है। आज भारत में हमारे दिव्यांगजन इसी उत्साह से देश के सम्मान और स्वाभिमान की ऊर्जा बन रहे हैं।

इस वर्ष ये दिन और भी विशेष है। इसी साल भारत के संविधान के 75 वर्ष पूर्ण हुए हैं। भारत का संविधान हमें समानता और अंत्योदय के लिए काम करने की प्रेरणा देता है।

संविधान की इसी प्रेरणा को लेकर बीते 10 वर्षों में हमने दिव्यांगजनों की उन्नति की मजबूत नींव रखी है। इन वर्षों में देश में दिव्यांगजनों के लिए अनेक नीतियां बनी हैं, अनेक निर्णय हुए हैं।

ये निर्णय दिखाते है कि हमारी सरकार सर्वस्पर्शी है, संवेदनशील है और सर्वविकासकारी है। इसी क्रम मेंआज का दिन दिव्यांग भाई-बहनों के प्रति हमारे इसी समर्पण भाव को फिर से दोहराने का दिन भी बना है।

मैं जब से सार्वजनिक जीवन में हूं, मैंने हर मौके पर दिव्यांगजनों का जीवन आसान बनाने के लिए प्रयास किए हैं। प्रधानमंत्री बनने के बाद मैंने इस सेवा को राष्ट्र का संकल्प बनाया। 2014 में सरकार बनने के बाद हमने सबसे पहले विक्लांग शब्द के स्थान पर दिव्यांग शब्द को प्रचलित करने का फैसला लिया।

ये सिर्फ शब्द का परिवर्तन नहीं था, इसने समाज में दिव्यांगजनों की गरिमा भी बढ़ाई और उनके योगदान को भी बड़ी स्वीकृति दी। इस निर्णय ने ये संदेश दिया कि सरकार एक ऐसा समावेशी वातावरण चाहती है, जहां किसी व्यक्ति के सामने उसकी शारीरिक चुनौतियां दीवार ना बनें और उसे उसकी प्रतिभा के अनुसार पूरे सम्मान के साथ राष्ट्र निर्माण का अवसर मिले। दिव्यांग भाई-बहनों ने विभिन्न अवसरों पर मुझे इस निर्णय के लिए अपना आशीर्वाद दिया। ये आशीर्वाद ही, दिव्यांगजन के कल्याण के लिए मेरी सबसे बड़ी शक्ति बना।

हर वर्ष देश भर में हम दिव्यांग दिवस पर अनेक कार्यक्रम करते हैं। मुझे आज भी याद है, 9 साल पहले हमने आज के ही दिन सुगम्य भारत अभियान का शुभारंभ किया था। 9 सालों में इस अभियान ने जिस तरह से दिव्यांगजनों को सशक्त किया, उससे मुझे बड़ा संतोष मिला है।

140 करोड़ देशवासियों की संकल्प-शक्ति से सुगम्य भारत ने ना सिर्फ दिव्यांगजनों के मार्ग से कई बाधाएं हटाई, बल्कि उन्हें सम्मान और समृद्धि का जीवन भी दिया।

पहले की सरकारों के समय जो नीतियां थीं...उनकी वजह से दिव्यांगजन सरकारी नौकरियों और उच्च शिक्षा के अवसरों से पीछे रह जाते हैं। हमने वो स्थितियां बदलीं। आरक्षण की व्यवस्था को नया रूप मिला। 10 वर्षों में दिव्यांगजन के कल्याण के लिए खर्च होने वाली राशि को भी तीन गुना किया गया। इन निर्णयों ने दिव्यांगजनों के लिए अवसरों और उन्नतियों के नए रास्ते बनाए। आज हमारे दिव्यांग साथी, भारत के निर्माण के समर्पित साथी बनकर हमें गौरवान्वित कर रहे हैं।

मैंने स्वयं ये महसूस किया है कि भारत के युवा दिव्यांग साथियों में कितनी अपार संभावनाएं हैं। पैरालंपिक में हमारे खिलाड़ियों ने देश को जो सम्मान दिलाया है, वो इसी ऊर्जा का प्रतीक है। ये ऊर्जा राष्ट्र ऊर्जा बने, इसके लिए हमने दिव्यांग साथियों को स्किल से जोड़ा है, ताकि उनकी ऊर्जा राष्ट्र की प्रगति की सहायक बन सके। ये प्रशिक्षण सिर्फ सरकारी कार्यक्रम भर नहीं है। इन प्रशिक्षणों ने दिव्यांग साथियों का आत्मविश्वास बढ़ाया है। उन्हें रोजगार तलाशने की आत्म शक्ति दी है।

मेरे दिव्यांग भाई-बहनों का जीवन सरल, सहज और स्वाभिमानी हो, सरकार का मूल सिद्धांत यही है।


इन कानूनों ने दिव्यांगजनों के प्रति समाज की धारणा बदली है। आज हमारे दिव्यांग साथी भी विकसित भारत के निर्माण के लिए अपनी संपूर्ण शक्ति के साथ काम कर रहे हैं। भारत का दर्शन हमें यही सिखाता है कि समाज के हर व्यक्ति में एक विशेष प्रतिभा जरूर है। हमें उसे बस सामने लाने की जरूरत है। मैंने हमेशा अपने दिव्यांग साथियों की उस अद्भुत प्रतिभा पर विश्वास किया है। और मैं पूरे गर्व से कहता हूं, कि हमारे दिव्यांग भाई-बहनों ने एक दशक में मेरे इस विश्वास को और प्रगाढ़ किया है। मुझे यह देखकर भी गर्व होता है कि उनकी उपलब्धियां कैसे हमारे समाज के संकल्पों को नया आकार दे रही हैं।

आज जब पैरालंपिक का मेडल सीने पर लगाकर, मेरे देश के खिलाड़ी मेरे घर पर पधारते हैं, तो मेरा मन गौरव से भर जाता है। हर बार जब मन की बात में मैं अपने दिव्यांग भाई-बहनों की प्रेरक कहानियों को आपके साथ साझा करता हूं, तो मेरा ह्रदय गर्व से भर जाता है।शिक्षा हो, खेल या फिर स्टार्टअप, वे सभी बाधाओं को तोड़कर नई ऊंचाइयां छू रहे हैं और देश के विकास में भागीदार बन रहे हैं।

मैं पूरे विश्वास से कहता हूं कि 2047 में जब हम स्वतंत्रता का 100वां उत्सव मनाएंगे, तो हमारे दिव्यांग साथी पूरे विश्व का प्रेरणा पुंज बने दिखाई देंगे। आज हमें इसी लक्ष्य के लिए संकल्पित होना है।

आइए, हम सब मिलकर एक ऐसे समाज का निर्माण करें, जहां कोई भी सपना और लक्ष्य असंभव ना हो। तभी जाकर हम सही मायने में एक समावेशी और विकसित भारत का निर्माण कर पाएंगे।

और निश्चित तौर पर मैं इसमें अपने दिव्यांग भाई-बहनों की बहुत बड़ी भूमिका देखता हूं। पुनः सभी दिव्यांग साथियों को आज के दिन की शुभकामनाएं।




**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातु,रांची-834009(झारखंड) दूरभाषः 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि., काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक कविता साहू***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार । Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com